

10:10:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 277 epaper.rashtriyakhabar.com आश्विन, कृष्णपक्ष एकादशी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

देशाचारान्समयान जाति धर्मान् बुभूषते यः परावरज्ञः।

स यत्र तत्राभिगतः सदैव महाजनस्याधिपत्यं करोति॥

भावार्थ : देश के अनुसार आचरण करना तथा समय/अवसर के अनुसार जाति-धर्म का पालन करना व्यक्ति को ऊंच नीच का ज्ञान करा देता है। ऐसा व्यक्ति जहां भी जाता है वहां के महाजन (बड़े लोगों) समूह पर अपना आधिपत्य जमा लेता है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 31.00 °c | 22.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .27 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .43 बजे

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 10 की मौत, 14 घायल

**अरियालुर:** तमिलनाडु के अरियालुर जिले के वेत्रियूर गांव में सोमवार को दुखद घटना में एक देशी पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हुए विस्फोट में तीन महिलाओं सहित 10 श्रमिकों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि आज सुबह आग लगने से सिलसिलेवार विस्फोट हुए, जिससे कई गोदाम और शेड नष्ट हो गए। वहां देशी पटाखों और अत्यधिक ज्वलनशील रसायनों का भारी भंडार जमा था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि रसायनों को संभालने के दौरान घर्षण के कारण विस्फोट हुआ, जिसके परिणामस्वरूप भीषण आग लग गई। आग में जलने के कारण शव इतने क्षत-विक्षत हो चुके थे कि उन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा था।

## सिक्किम में आई आपदा में कई लोगों की मौत

**गंगटोक:** सिक्किम में 4 अक्टूबर को दक्षिणी लोनाक झील के उफान के कारण आई आपदा में कई लोग मारे गए। सिक्किम सरकार की एक विज्ञप्ति में सोमवार को कहा गया कि विभिन्न उपग्रह डेटा की मदद से इस पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपलब्ध तस्वीरों के विशलेषण के अनुसार विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (राज्य) ने प्रारंभिक रूप से अनुमान लगाया है कि साइड की दीवार (उत्तर पश्चिम की ओर) अलग हो गई और मोराइन झील में गिर गया। अलग हुआ मोराइन गिरने के बाद झील के सबसे गहरे हिस्से में चला गया, जिसके परिणामस्वरूप आउटलेट से बड़ी मात्रा में पानी बह निकला, जिससे झील का आउटलेट चौड़ा और गहरा हो गया और शक्तिशाली तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई। तस्वीरों में झील के जल स्तर में कमी को भी दर्शाया गया है क्योंकि बड़ी मात्रा में पानी फैल गया है।

## विधानसभा अध्यक्ष को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने अजीत पवार और सात अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका पर निर्णय लेने में देरी के खिलाफ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया। विधानसभा अध्यक्ष पर आरोप है कि वह दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत फैसला करने में देरी कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राकांपा नेता जयंत पाटिल की याचिका पर यह नोटिस जारी की। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को करेगी। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ दायर याचिका पर 13 अक्टूबर को ही अगली सुनवाई करने वाली है। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी के खिलाफ शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने पहले याचिका दायर की थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम संबंधी याचिका खारिज की

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने 2024 लोकसभा में इस्तेमाल होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम )और मतदाता-सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल्स (वीवीपीएटी) की प्रथम स्तर की जांच पर चुनाव आयोग द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मामले में चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों की पुष्टि करते हुए कहा कि वह इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने इनकार कर दिया , हालांकि शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को ईसीआई के समक्ष जाना चाहिए था। उच्च न्यायालय ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष अनिल कुमार की ओर से दायर याचिका अगस्त में खारिज कर दी थी।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।


## साढ़े सात सौ साल पुरानी पूजा में शाम को रोशनी नहीं

# शबर जाति के लोग करते हैं यहां दुर्गा पूजा

- राजा को सपना आया था
- पत्थर के रुप में है माता
- गुप्त है इसलिए गुप्तमणि नाम

**राष्ट्रीय खबर**

**झाड़ग्रामः** आम तौर पर दुर्गा पूजा के शहरी आयोजन में हम रोशनी और संगीत को ही जानते हैं। खास कर कोलकाता की बात करें तो वहां अब थीम आधारित पूजा होती है। इस प्रथा की नकल कई अन्य महानगरों ने भी कर ली है। लेकिन दुर्गा पूजा के प्राचीन इतिहास को खंगालने पर अनेक अनजाने रहस्य सामने आ जाते हैं। एक ऐसी ही पूजा यहां के गुप्तमणि मंदिर का है। राजबंध का यह मंदिर झाड़ग्राम से 26 किलोमीटर की दूरी पर है। यह मां गुप्तमणि का मंदिर है। कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण देवी के स्वप्न मिलने के बाद किया गया था। एक समय झाड़ग्राम सहित कई क्षेत्र रूपनारायण मल्लदेव के राजवंश के अधीन थे। तत्कालीन राजा ने अपने राज्य की सुरक्षा के लिए शाही महल से लेकर



कई गुप्त रास्ते बनवाए थे। एक दिन उसका हाथी उस गुप्त रास्ते से भटक गया। अचानक, राजा को सपना आया कि उसकी गुप्त सड़क के बगल में मां रहती है। सुगनी बासा निवासी शबर परिवार के नंद भक्त लंबे समय से वहां उनकी सेवा कर रहे हैं। उसके पास राजा का पसंदीदा हाथी है। उसे नंदलाल भोक्ता के पास जाने दो। तब राजा खुद चलकर वहां गए और अपनी मां के सपने के अनुसार हाथी को वापस ले आए। तब उन्होंने वहां माता का मंदिर बनाने को कहा। उन्होंने मंदिर का नाम गुप्तमणि रखा। माता गुप्त रूप से यहीं थीं इसलिए माता का नाम गुप्तमणि है।

यहां की पूजा की एक विशेषता यह है कि यहां कोई पुजारी पूजा नहीं कराता है। शबर लोग द्वारा माँ की पूजा की जाती है। यहां माता एक चट्टान में निवास करती हैं। मां की पूजा अलग से नहीं की जाती, चंडीपाठ नहीं होता है। शबर लोग आज भी उसी प्रकार पूजा करते हैं जैसे उस समय के शबर परिवार के नंद भक्त करते थे। दुर्गा पूजा के दौरान यहां बर्तनों की पूजा की जाती है और यहां प्रकट होने वाली मूर्तियों की शबरों द्वारा पूजा की जाती है। शाम के समय यहां कोई रोशनी नहीं जलती, मंदिर अंधेरे में डूबा रहता है।

›› पेज 2 भी देखें

**प्रेस कॉन्फ्रेंस** चुनाव आयोग ने किया पांच राज्यों में चुनाव के तारीखों का एलान


# लोकसभा चुनाव के पूर्व अहम हैं यह चुनाव

- जोड़-तोड़ में जुटी सभी राजनीतिक पार्टियां
- सियासी समीकरण पर अपनी दावेदारी की होड़
- 16 .14 करोड़ मतदाता करेंगे विधायकों का फैसला

**रंजीत कु. तिवारी**

**नईदिल्ली :** निर्वाचन आयोग द्वारा एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पांच राज्यों में होने वाले चुनावों का एलान कर दिया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों की तारीखों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सभी राज्यों के चुनाव परिणाम तीन दिसंबर को आएंगे।

निर्वाचन आयोग के अनुसार मिजोरम में 7 नवंबर को मतदान होगा। छत्तीसगढ़ का पहला चरण 7 नवंबर और दूसरा




चरण 17 नवंबर को, मध्यप्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर, तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होंगे। सभी पांच राज्यों के नतीजों का घोषणा तीन दिसंबर किया जाना है।

इस दौरान कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त श्री कुमार ने बताया कि कुल इनमें 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता, 7.8 करोड़ महिला मतदाता शामिल होंगे। वहीं इस बार 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। जिनकी उम्र 18 से 19 साल के बीच है। 15.39 लाख वोटर ऐसे हैं, जो 18 साल पूरे करने जा रहे हैं और जिनकी एडवांस एप्लीकेशन प्राप्त हो चुकी हैं। इस बार मध्यप्रदेश में 5.6 करोड़, राजस्थान में 5.25 करोड़, तेलंगाना में 3.17 करोड़, छत्तीसगढ़ में 2.03 करोड़ और मिजोरम में 8.52 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटें हैं। मध्य प्रदेश में इस वक्त भाजपा की सरकार है। वहीं, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस शासन में है। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव वाली भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस की सरकार है। मिजोरम में जोरमथंगा की मिजो नेशनल फ्रंट सत्ताधारी पार्टी है। 2018 में पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान 6 अक्तूबर को हुआ था। छत्तीसगढ़ में चुनाव दो चरणों में कराए गए थे। वहीं मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में एक चरण में वोटिंग हुई थी। पांचों राज्यों के चुनाव नतीजे एक साथ 11 दिसंबर को आए थे। जो इस बार तीन दिसंबर को

›› पेज 2 भी देखें


कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में कई मुद्दों पर विचार हुआ

# देश में बढ़ी अमीरी-गरीबी की खाई : खडगे

- संघीय ढांचा पर हमला कर रही सरकार
- सत्ता में आने पर तुरंत महिला आरक्षण
- मोदी के पास मणिपुर के लिए समय नहीं

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए उसकी नीतियों को विभाजनकारी करार देते हुए कहा कि महंगाई एवं बेरोजगारी चरम पर है और संवैधानिक मर्यादाओं को तोड़ा जा रहा है तथा अमीरी-गरीबी की खाई लगातार बढ़ रही है। श्री खडगे ने सोमवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति-सीडब्लूसी को संबोधित करते हुए कहा कि विभाजनकारी नीतियां देश के लिए चिंताजनक है। मोदी सरकार की नीतियों से अमीर और गरीब की खाई लगातार बढ रही है। संवैधानिक मूल्यों और संघीय ढांचे पर हमला हो रहा है तथा सामाजिक तनाव पैदा किया जा रहा



है। महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए उन्होंने कि सच्चाई यह है कि महिलाओं को शक्ति देने का काम सबसे अधिक कांग्रेस ने ही किया है। उनका कहना था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की दूर दृष्टि के कारण पंचायती राज और नगर निकायों में महिलाओं को आरक्षण मिला और उसी वजह से दुनिया में सबसे ज़्यादा करीब 14 लाख चुनी हुई महिलाएं भारत में हैं। उन्होंने मोदी सरकार की महिला आरक्षण नीति को गुमराह करने वाला बताया और कहा कि आज देश भर में लोग यही सोच रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने ओबीसी महिलाओं को महिला आरक्षण के दायरे में क्यों नहीं रखा। यही

›› पेज 2 भी देखें

हमारे चार में से तीन मुख्यमंत्री ओबीसी वर्ग से आते हैं

# देश के भविष्य के लिए जातीय जनगणना जरुरी : राहुल

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के गरीब, आदिवासी, दलितों और ओबीसी के लिए जाति जनगणना को जरूरी बताते हुए कहा है कि कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्य समिति-सीडब्ल्यूसी ने सर्वसम्मति से जाति जनगणना कराने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। श्री गांधी ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में जिसकी जितनी आबादी है उसे



सत्ता में उसी हिसाब से भागीदारी मिलनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए जातीय जनगणना आवशयक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ओबीसी के लिए काम नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि वह देश के दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को उनका हिस्सा नहीं देना चाहते हैं इसलिए जाति जनगणना नहीं करवा रहे हैं। उनका कहना था कि देश के विभिन्न संस्थानों में आदिवासी, दलित, ओबीसी कितना है इसकी जनगणना होनी जरूरी है और उनकी आर्थिक हैसियत क्या है इसका भी सर्वे कराया जाना चाहिए। श्री गांधी ने जातीय जनगणना नहीं करने के लिए श्री मोदी पर सीधा हमला किया और कहा कि प्रधानमंत्री जातीय जनगणना कराने में असमर्थ हैं। हमारे 4 में से 3 मुख्यमंत्री ओबीसी से हैं जबकि भाजपा

›› पेज 2 भी देखें

## पर्यटक वाहन खाई में गिरी, सात मरे 24 घायल

**नैनीताल:** हरियाणा के हिसार से नैनीताल घूमने आये पर्यटकों का वाहन रविवार देर शाम खाई में गिरने से सात पर्यटकों की मौत हो गयी जबकि 24 लोग घायल हो गये। घायलों को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीएन मीणा के अनुसार हरियाणा के हिसार से पर्यटकों का एक दल कुछ दिन पूर्व नैनीताल घूमने आया था। पर्यटकों का दल आज देर शाम को वापस लौट रहा था। इसी दौरान नैनीताल-कालाढूंगी मार्ग पर उनका वाहन घटगड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में जा गिरा। वाहन में 31 लोग सवार थे। इस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में चालक समेत पांच महिला एवं एक बच्चा शामिल हैं। सभी घायलों को खाई से निकाल कर सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना की अन्य वाहन चालकों की ओर से पुलिस को दी गयी।

# लद्दाख के चुनाव में इंडिया गठबंधन विजयी

**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन ने रविवार को लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के 5वें आम चुनाव में पूर्ण बहुमत से जीत हासिल की। लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद ने कहा कि 2019 में लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद हुए पहले चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस 12 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, जबकि कांग्रेस ने 10 सीटें हासिल कीं। लद्दाख



स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) के 5वें आम चुनाव के नतीजे इंडिया गठबंधन के लिए एक प्रोत्साहन हैं क्योंकि गठबंधन के गठन के बाद यह कारगिल में पहला चुनाव है, जो लोकसभा में भाजपा से मुकाबला करने के लिए बनाया गया है। चुनाव 2024 में होने हैं। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2 सीटें और आईएनडीपी ने 2 सीटें जीतीं। स्थानीय निकाय के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने पार्टी की जीत का जश्न मनाया। पांचवां लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास

›› पेज 2 भी देखें


**अनुसंधान** जेनेटिक तौर पर विकसित जीवन रोग को जड़ से मारेंगे

# भविष्य की दवा कृत्रिम जीवन रूप में होगी

- कृत्रिम जीवन बनाने पर विवाद जारी है
- कई प्रयोगशालाओं में सफलता हाथ लगी
- ऐसी दवा विषाणु के दुश्मन बनाये जाएंगे

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** कृत्रिम जीवन बनाना आधुनिक जेनेटिक विज्ञान में सहज होता जा रहा है। इस कड़ी में हर रोज नये प्रयोग भी हो रहे हैं। इसके जरिए कई ऐसे प्रयोग किये गये हैं, जिनसे यह प्रमाणित होता है कि



जेनेटिक विज्ञान के सहारे अब स्टेम सेल से कृत्रिम जीवन तैयार किया जा सकता है। दूसरी तरफ प्रचलित दवाइयों के असर पर भी विवाद होते हैं क्योंकि कई दवाइयों से साइड एफेक्ट की चिंता होती है। इस क्रम में अति सुक्ष्म स्तर पर बीमारी के निदान के लिए सीधे प्रभावित इलाके तक सुरक्षित दवा पहुंचाकर मरीज को ठीक करने की चर्चा होती है। हालांकि यह कृत्रिम जीवन एक विवादास्पद विषय है क्योंकि वे

›› पेज 2 भी देखें

### लू का दृष्टिकोण वायरल टीके और कृत्रिम जीवन रूपों का निर्माण करना है

दक्षिणी डेनमार्क विश्वविद्यालय के भौतिकी, रसायन विज्ञान और फामेर्सी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर चेंगुआंग लू, केंट स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हनबिन माओ के साथ मिलकर एक विशेष कृत्रिम संकर अणु के जनक हैं जो कृत्रिम जीवन रूपों के निर्माण का कारण बन सकता है। अब उन्होंने अपनी रचना के पीछे के क्षेत्र में अनुसंधान की स्थिति पर सेल रिपोर्ट्स फिजिकल साइंस जर्नल में एक समीक्षा प्रकाशित की है। इस क्षेत्र को हाइब्रिड पेप्टाइड-डीएनए नैनोस्ट्रक्चर कहा जाता है और यह एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जो दस साल से भी कम पुराना है। लू का दृष्टिकोण वायरल टीके (वायरस के संशोधित और कमजोर संस्करण) और कृत्रिम जीवन रूपों का निर्माण करना है जिनका उपयोग बीमारियों के निदान और उपचार के लिए किया जा सकता है। प्रकृति में, अधिकांश जीवों के प्राकृतिक शत्रु होते हैं, लेकिन कुछ के नहीं। उदाहरण के लिए, कुछ रोग पैदा करने वाले विषाणुओं का कोई प्राकृतिक शत्रु नहीं होता है। एक कृत्रिम जीवन रूप बनाना एक तार्किक कदम होगा जो उनके लिए दुश्मन बन सकता है, उन्होंने कहा। इसी तरह, उनकी कल्पना है कि ऐसे कृत्रिम जीवन रूप वायरल संक्रमण के खिलाफ टीके के रूप में कार्य कर सकते हैं और इन्हें दवा या नैदानिक तत्वों से भरे नैनोरोबोट या नैनोमशीन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है और रोगी के शरीर में भेजा जा सकता है।

## बफीर्ले तूफान और हिमस्खलन में दो की मौत दो लापता

**राष्ट्रीय खबर**

**बीजिंग:** तिब्बत में शिशापंगमा पर्वत पर हिमस्खलन हुआ है। जिससे एक अमेरिकी और एक नेपाली पर्वतारोही की मौत हो गई। दो और लोग लापता हैं। शनिवार (7 अक्टूबर) को शिशपंगमा चोटी पर चढ़ने का प्रयास करते समय लगभग 50 पर्वतारोही इस हिमस्खलन की चपेट में आ गए। शिशपंगमा चोटी की ऊंचाई 8,000 मीटर से अधिक है। यह दुनिया की सबसे ऊंची चोटियों की सूची में 14वें स्थान पर है। दरअसल, आठ हजार चोटियों में से शिशपंगमा पर चढ़ना आसान माना जाता है। हालांकि, शनिवार को स्थिति



अलग थी। 7,600 मीटर और 8,000 मीटर पर लगातार दो हिमस्खलन हुए। अमेरिकी पर्वतारोही अन्ना गुटु और नेपाली गाइड मिंगमार शेर्पर की मौत हो गई। एक अन्य अमेरिकी पर्वतारोही जीना मैरी रजुसिड्लो और उनके नेपाली गाइड तेनजेन शेरपा भी लापता हैं।

तेनजेन शेरपा पर्वतारोहण की दुनिया में

›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### युवा कांग्रेस का मिलन सम्मेलन आयोजन

रांची: झारखंड में लोकसभा चुनाव 2024 में अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए कांग्रेस लगातार राज्य में कार्यक्रम आयोजित कर रही है। एक तरफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी इसके लिए सक्रिय है तो दूसरी तरफ पार्टी के सहयोगी संगठन भी तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कर संगठन को मजबूत करने में लगे हुए हैं। महिला कांग्रेस, सेवा दल, ओबीसी विभाग, एनएसयूआई के बाद रांची के चिरौंधी में युवा कांग्रेस ने मिलन सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और एआईसीसी सदस्य अविनाश पांडे भी शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया के संकल्प के साथ किया गया। झारखंड युवा कांग्रेस की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एआईसीसी सदस्य अविनाश पांडे ने कहा कि आज पूरे देश में नफरत और घृणा की राजनीति हो रही है।

**शिलान्यास** मुख्यमंत्री ने किया मेगा लिफ्ट सिंचाई इरिगेशन योजना का शिलान्यास, भाजपा पर जमकर बरसे, कहा

# किसानों को समाप्त करने के लिए किया गया था षडयंत्र

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज देवघर जिले के सारठ प्रखंड स्थित सिकटिया बराज में देवघर और जामताड़ा जिले के किसानों के खेतों में सिंचाई की सुविधा देने के लिए लगभग 485 करोड़ की मेगा लिफ्ट सिंचाई इरिगेशन योजना का शिलान्यास किया। इस मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना से 13164 हैकटेयर भूभाग को सिंचाई की सुविधा मिलेगी।

इसमें देवघर और जामताड़ा जिला अंतर्गत सारठ, करो, विद्यासागर और जामताड़ा प्रखंड की 27 पंचायत के 190 गांव के खेतों को भूमिगत पाइपलाइन के जरिए सिंचाई की सुविधा मिलेगी। यह योजना इस एरिया के किसानों के लिए वरदान साबित होगा। इस कार्यकम में मुख्यमंत्री के साथ कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पर्यटन, कला संस्कृति मंत्री हाफिजूल हसन सहित बड़ी संख्या मे इंडिया गठबंधन के नेता, कार्यकर्ता और आम लोग मौजूद रहे।

वहीं इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि किसानों को सामप्त करने के लिए षडयंत्र किया गया था। इसलिए आपने देखा होगा दिल्ली में एक-दो साल पहले करीब एक साल तक आंदोलन और विरोध प्रदर्शन किया। और किसानों के विरुद्ध जो काला कानून आनेवाला था, उस कानून को खत्म करने का काम किया था। अगर यह कानून लागू हो जाता तो आज इतने किसान हाथ खड़ा कर बताने की स्थिति में नहीं होते कि वह खेती से जुड़े हैं।

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमलोगों ने पूरी निष्ठा के साथ ऐसा कार्य योजना बनाया है, जिससे कम समय में अधिक से अधिक लोगों तक और अधिक से अधिक खेतों तक पानी पहुंचे। उन्होंने कहा कि गंगा से भी पाइपलाइन से पानी लेकर अपने राज्य आएंगे। किसानों को अपने पैरों पर खड़े करने और उनकी आय में वृद्धी करने का संकल्प लिया है। उस संकल्प को मजबूती से पूरा किया जाएगा।

हेमंत सोरेन ने कहा कि इस देश के अंदर हर नागरिक को 400 से 500 रुपए में गैस में सिलंडर मिलता था। लेकिन आज वही सिलेंडर एक हजार के उपर का मिलता है। सभी खाद्य चीज महंगे हो गए और आने वाले समय में ये महंगाई ऐसा डायन और राक्षस का रूप लेगा कि सभी गरीबों को निगल जाएगा। इसलिए अपने राज्यवासियों को हर तरीके से तैयार कर रहे है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों को क्योंकि हमारा मानना है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगा, तो हमारा किसान मजबूत होगा और किसान मजबूत होगा तो राज्य मजबूत होगा।

## मंत्री आलमगीर की जनसुनवाई में फरियाद लेकर पहुंचा शख्स

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हर सोमवार को कांग्रेस कोटे के मंत्री प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनसुनवाई करते हैं और जनता की शिकायतें सुनते है। जनता की शिकायतों पर ज्यादातर मामलों में मंत्री शिकायतकर्ता के सामने ही समाधान करने की कोशिश करते हैं, जबकि दूसरे विभागों की शिकायतें दूसरे विभाग के सहयोगी मंत्री के पास भेज दी जाती है। इस सोमवार भी राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जनसुनवाई की. साथ ही चार दर्जन से अधिक फरियादियों की शिकायतें भी सुनी। आज जनता की अधिकतर शिकायतें अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवास योजना को पूरा करने, नये आवास की स्वीकृति देने, ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कों की मरम्मत करने, निर्माण के बाद भी जलमीनार शुरू नहीं होने से लेकर फिशरीज के छात्र-छात्राओं के लिए मत्स्य से जुड़ी नौकरियां सीमित करने जैसे मामले थे. जनसुनवाई में एक कैंसर मरीज का परिवार इलाज में मदद के लिए आया था, जिसके फाइल को अपने मंतव्य के साथ स्वास्थ्य मंत्री को भेज दी गई. इसी तरह चंदनकियारी से एक फरियादी शिकायत करने आये थे कि 2016-17 के किसान राहत कोष का पैसा अभी तक अन्नदाताओं तक नहीं पहुंचा है, जबकि विभाग द्वारा पैसा दे दिया गया है. बेड़ो से मुकेश कुमार साहू सभी कागजातों के साथ शिकायत लेकर आलमगीर आलम के जनसुनवाई में पहुंचे थे. उनकी शिकायत थी कि उनके गांव में दो भाई गलत तरीके से चीक बड़ाइक (आदिवासी) बनकर सरकारी नौकरी कर रहे है। लेकिन जब वे जमीन की खरीद बिक्री करते हैं, तब वे दोनों यदुवंशी क्षत्रिय बन जाते है। वे दोनों अब उनके पांच डिसमिल जमीन को भी गलत तरीके से कब्जाना चाहते है।

इंडिया गठबंधन ने किया राजभवन मार्च, प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

## भाजपानीत केंद्र सरकार की देश से विदाई तयः इंडिया

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** केंद्र सरकार आए दिन ईडी, सीबीआई जैसे सरकारी तंत्र के जरिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के प्रहरी पत्रकारों की अभिव्यक्ति की आजादी से रोकने एवं विपक्षी नेताओं को परेशान कर रही है। इसके विरोध में सोमवार को इंडिया गठबंधन दलों के द्वारा झामुमो जिलाध्यक्ष मुशताक आलम, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, सीपीआई के जिला सचिव श्री अजय सिंह, आरजेडी के जिलाध्यक्ष श्री धर्मेंद्र महतो, आप के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री हरि सिंह के संयुक्त नेतृत्व में राजभवन मार्च कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल राधा कृष्णन को ज्ञापन सोंपा गया। यह मार्च जिला स्कूल प्रांगण से निकल कर राजभवन तक गया जहां सभा में तब्दील हो गया। नेताओं ने कहा कि अब भाजपानित केंद्र सरकार का विदाई का समय आ गया है। बाद में 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल द्वारा अधिकृत पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि सच बयान करने वाले ख्यातिप्राप्त चुनिंदा पत्रकारों के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के ऊपर कल दिनांक 3 अक्टूबर 2023 को हुए हमले पर हम आम जनता जनता क्षुब्ध और चिंतित हैं। अमेरिकी पैसे को लेकर न्यूजक्लिक वेबसाइट द्वारा चीन की तरफदारी के मुद्दे पर बिना सर्च वारंट के अभिसार शर्मा, उर्मिलेश, भाषा सिंह आदि जैसे प्रमुख पत्रकारों, जो उक्त वेबसाइट से सिर्फ कंसल्टेंट के रूप में जुड़े हैं, के घर छापे मारना और उनको उठाकर स्पेशल सेल में घंटों दूसरे विषयों पर घंटों पूछताछ करना हमें और चिंतित करता है। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की एजेंसियां जिन्हें जब चाहे, बिना सर्च वारंट के हिरासत में लेने का काम कर रही है। विपक्ष के नेताओं के पीछे ईडी, सीबीआई, आईटी लगा दिया जाए। इंडिया गठबंधन के घटक दल और आम नागरिक चिंतित और उद्वेलित हैं।मौके पर सीपीआई के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता,राज्य सचिव महेन्द्र पाठक, झामुमो के जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, केन्द्रीय सदस्य श्री समनुर मंसुरी, पूर्व केन्द्रीय सदस्य रामशरण विश्वकर्मा, पूर्व केन्द्रीय सदस्य अन्तु तिर्की, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक,बीरू साहु, कलाम आजाद, रामानन्द बेदिया,आदिल इमाम, जुलफीकार खान, प्रदीप भोगता सुजीत उपाध्याय, कांग्रेस के संजय पासवान, चंद्र रश्मि, गुलजार अहमद, शिव टहल नायक, मिथुन महतो, सम्भु महतो, ओंकार आ, मुस्लिम अन्सारी, गुड्डू के अलावा हजारों कार्यकर्ता शामिल थे।

## मांगें नहीं मानी तो हेमंत सरकार से 1 नवंबर को वापस ले लेंगे समर्थनः कमलेश सिंह

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विवाद की तपिश झारखंड में भी पड़ रही है। प्रदेश में एनसीपी के एकमात्र विधायक कमलेश कुमार सिंह भी दलबदल के दायरे में हैं। अजित पवार गुट में शामिल झारखंड के एकमात्र एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह पर झारखंड स्पीकर ट्रिब्यूनल कोर्ट में पहली बार 12 अक्टूबर को सुनवाई होगी। एनसीपी शरद पवार गुट के महाराष्ट्र के विधायक जितेंद्र अव्हाड की शिकायत पर झारखंड स्पीकर ट्रिब्यूनल के द्वारा संज्ञान लिया गया है। इसको लेकर एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि वे घड़ी छाप के साथ हैं और ये किसका होगा यह चुनाव आयोग तय करने वाला है। विधानसभा में जो शिकायत दी गई है वह 10वीं अनुसूची का मामला नहीं है। एनसीपी अजित पवार गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता सूर्या सिंह ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि आज भी चुनाव आयोग में इस मुद्दे पर सुनवाई चल रही है। 12 अक्टूबर की विधानसभा में होने वाली सुनवाई में पक्ष रखा जाएगा। रांची में कमलेश सिंह की प्रेस वार्ता हुई, जिसमें उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधा और कहा कि यह सरकार जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं के विपरीत काम कर रही है। हुसैनाबाद को जिला बनाने की मांग 2021 से हो रही है मगर सरकार ने मांगें नहीं मानी। ऐसे में अगर 31 अक्टूबर तक मांग पूरी नहीं होंगी तो हम हेमंत सरकार से समर्थन वापस ले लेंगे। विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि राज्य में सरकार, अपराधी और पुलिस के गठजोड़ से बालू का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

## आजसू पार्टी का बड़ा फैसला, जिसकी जितनी हिस्सेदारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में भले ही जातीय जनगणना नहीं हुई है, लेकिन पड़ोसी राज्य बिहार में हुई जातीय जनगणना और उसके प्रारंभिक नतीजे सार्वजनिक होने से झारखंड की राजनीति प्रभावित जरूर होने लगी है। रविवार को राज्य में बीजेपी की प्रमुख सहयोगी पार्टी आजसू ने संगठन विस्तार को लेकर आयोजित बड़ी बैठक में साफ कर दिया कि पार्टी जनसंख्या के आधार पर केंद्रीय कमेटी में पदाधिकारियों को जगह देगी। हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पूर्व उपमुख्यमंत्री और पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई।

**चेतावनी** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं पर हमला करनेवालों पर नहीं हुई कार्रवाई तो

# हेमंत सोरेन को चुकानी होगी कीमतः बाबूलाल मरांडी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** संकल्प यात्रा के सातवें चरण के दौरान सरायकेला विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला एवं भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी गाँव गरीबों की चिंता करते हैं।

केंद्र सरकार गाँव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिये समर्पित है। मोदी जी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33% बहनों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लॉच किया। इसके तहत 13 हजार करोड़ के बजट का भी प्रावधान किया गया है। ट्रेनिंग के दौरान स्टाइफन भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने नाई, बढई, लोहार, मोची की चिंता की है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनते ही अपने कार्यकाल का पहला कार्य माँ बहनों के लिए इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया। वे माँ बहनों की परेशानियों को समझते हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध करवाया जबकि घोषणावीर हेमंत ने एक लाख अतिरिक्त तो क्या मोदी जी द्वारा भेजे जा रहे पैसों का भी बंदरबाँट कर दिया। प्रधानमंत्री जी गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने गैस कनेक्शन के साथ साथ गैस पर सब्सिडी भी दिया। जबकि 75 लाख बहनों को नया कनेक्शन देने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने जनधन खाते खुलवाकर एक एक गरीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। कोविड काल में जब कल कारखाने बंद हुए तो मोदी जी ने सीधे खाते में पैसे डालने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं किंतु हेमंत सोरेन अनाजों की कालाबाजारी करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल में गरीब पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा पाते थें।

मोदी जी ने आयुष्मान योजना लाकर हर गरीब को पाँच लाख तक आयुष्मान से इलाज की सुविधा दिया जबकि हेमंत सरकार की लापरवाही के करण कई गरीब इस योजना से वंचित हो गये हैं। भाजपा की सरकार बनी तो घर घर जाकर अधिकारी राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनायेंगे। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष शासन करने वाले कांग्रेस ने अलग राज्य झारखंड नहीं बनाया। आदिवासी समाज को कभी सम्मान नहीं दिया। अलग राज्य के आंदोलन करने वाले शिबू सोरेन कांग्रेस के गोद में खेलते रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी समाज को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। आजाद भारत में आदिवासी समाज को सिर्फ. भाजपा ने सम्मान दिया है। अलग झारखंड राज्य की सौगात, अलग आदिवासी मंत्रालय, संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करना, भगवान बिरसा मुंडा के जन्म ज्यंति को गौरव दिवस, आदिवासी बहन द्रौपदी मूर्मू को राष्ट्रपति बनाना और यहाँ तक कि आजादी के बाद पहली बार मोदी मंत्रिमंडल में आठ आदिवासी को मंत्री बनाया गया। उन्होंने कहा कि मोदी जी हमारी चिंता करते हैं हमे उनके साथ चलना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कि सरकार बनने पर गाँव गाँव तक सड़क, पुल पुलिया और बिजली पहुँचा। कांग्रेस शासन काल में शादी में बारात भी पैदल जाना पड़ता था। आज भाजपा के बनाये सड़कों की मरम्मती तक नहीं करवा पा रहे हैं हेमंत सोरेन।

उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है। प्रत्येक दिन चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण, दुष्कर्म हो रहा है। अपराधी बेखौफ हैं। आम आदमी डरा हुआ है।

हेमंत सरकार में जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करना था वे हेमंत सरकार के इशारे पर वसूली में व्यस्त है। बालू गाड़ियों से वसूली में लगे हैं। जबकि दूसरे प्रदेशों में अवैध तरीके से बालू की ढुलाई हो रही है। उन्होंने कहा कि कोयला बालू पत्थर जमीन की लूट मची है।

## पेज एक का शेष

### शबर जाति के लोग .. ..

मंदिर में केवल मोमबत्तियाँ और दीपक जलाए जाते हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि मंदिर के अंदर कई बार बिजली की व्यवस्था की गई, लेकिन वह नहीं चली। इसे मां की इच्छा मानकर नये सिरे से रोशनी नहीं की जाती है। यहां यज्ञ भी होता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर किसी की कोई चीज खो जाती है, तो हाथी और घोड़े की मिट्टी की आकृति पर धागा बाँधने से वह उसे बाद में वापस पा सकता है। यह मान्यता प्रचलित है कि यदि वह संतुष्ट हो तो वह किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बच जाता है।

### लोकसभा चुनाव के पूर्व .. ..

आएंगे। मध्यप्रदेश में पिछला विधानसभा चुनाव 28 नवंबर 2018 को हुआ था। इस चुनाव के लिए कुल 2,899 उम्मीदवार मैदान में थे। फिलवक्त विधानसभा चुनाव के लिए सत्ताधारी पार्टी भाजपा ने अब तक 79 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। वहीं अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप ने भी अपने 39 प्रत्याशी घोषित किए हैं। तथा, कांग्रेस ने अब तक कोई सूची नहीं जारी की है।

राजस्थान में पिछला विधानसभा चुनाव 28 नवंबर 2018 को संपन्न हुआ था। इस चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को पटखनी देते हुए 99 सीटें जीती और प्रदेश में हर पांच साल में सत्ता परिवर्तन का रिवाज कायम रहा। भाजपा को 73, मायावती की पार्टी बसपा को छह तो अन्य को 20 सीटें मिलीं। कांग्रेस को बहुमत के लिए 101 विधायकों की जरूरत थी। कांग्रेस ने निर्दलियों और अन्य की मदद से जरूरी आंकड़ा जुटा लिया। छत्तीसगढ़ में पिछला विधानसभा चुनाव दो चरणों में कराया गया था। नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया जाता रहा है।

तेलंगाना में पिछले चुनाव सात दिसंबर 2018 को हुए थे। इस चुनाव में 119 सदस्यीय विधानसभा में बीआरएस को 88, कांग्रेस को 19, आईएमआईएम को सात, टीडीपी को दो, भाजपा को एक, एआईएफबी को एक सीट मिली थी। इसके अलावा एक सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी को जीत मिली थी।

मिजोरम में पिछले चुनाव 28 नवंबर 2018 को हुए थे। इस चुनाव के लिए कुल 209 उम्मीदवार मैदान में थे। इस चुनाव में 40 सदस्यीय विधानसभा में एमएनएफ को 27 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस ने चार सीटें, जबकि भाजपा को एक सीट पर विजय मिली थी। इसके अलावा आठ सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों को जीत मिली थी। इसके साथ ही राज्य में मुख्यमंत्री जोरमथंगा के नेतृत्व में एमएनएफ की सरकार बनी थी। इस चुनाव को लेकर सभी राज्यों में राजनैतिक दल काफी सक्रिय हैं, आने वाला तीन दिसंबर परीक्षा के महा परिणाम का दिन है। जिस पर राष्ट्र की निगाहें टिकी हुई है।

### देश में बढ़ी अमीरी-गरीबी .. ..

नहीं महिला आरक्षण को उलझाने के लिए जनगणना और परिसीमन की शर्त रख दी है और यह भी पता ही नहीं चल रहा है कि ये हकीकत कब बनेगा। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आने पर ओबीसी महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी तय करने के साथ ही महिला आरक्षण तुरंत लागू करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा आज देश में कमरतोड़ महंगाई है, 45 साल की सबसे अधिक बेरोजगारी है और सरकार नयी पेंशन स्कीम को लेकर सरकारी कर्मचारियों में भारी नाराजगी को नजरंदाज कर रही है। उन्होंने जातिगत जनगणना को भी एक अहम मुद्दा बताया और कहा कि कांग्रेस लगातार पूरे देश में जाति आधारित जनगणना की मांग कर रही है। यह अहम मुद्दा है लेकिन इस पर सत्तारूढ दल मौन है। उन्होंने कहा कि हमेशा की तरह इस बार भी सरकार ने विपक्ष के साथ कोई संवाद नहीं किया और असली मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने की रणनीति पर ही काम किया। मणिपुर की हालत पांच महीने से चिंताजनक बने हैं लेकिन प्रधानमंत्री मणिपुर नहीं गए।

### देश के भविष्य के लिए जातीय .. ..

का शासन 10 राज्यों में है और इन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों में से केवल एक ओबीसी है। प्रधानमंत्री ओबीसी के लिए नहीं बल्कि उन्हें मुख्य मुद्दों से भटकाने के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि देश में किस जाति की सत्ता में क्या हिस्सेदारी है इस हकीकत को सामने लाने के लिए जातीय जनगणना बहुत आवशयक है। उनका कहना था कि देश में महत्वपूर्ण फैसले लेने वाले 90 सचिवों में से सिर्फ तीन ओबीसी हैं। उन्होंने कहा कि यह मूवी के साथ अन्याय है इसलिए जिसकी जितनी आबादी है इस उतनी सप्ताह में भागीदारी मिलनी चाहिए।

### लद्दाख के चुनाव में .. .. ..

परिषद (एलएएचडीसी)-कारगिल चुनाव 4 अक्टूबर को आयोजित किया गया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी), कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कड़ी प्रतिस्पर्धा में थे। प्रशासन 30-सदस्यीय लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद कारगिल के लिए मतदान के अधिकार के साथ चार सदस्यों को नामांकित करता है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी एलएएचडीसी चुनाव में विजयी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि ये नतीजे लद्दाख और कारगिल में एक नई लोकतांत्रिक सुबह की शुरूआत करेंगे।

### भविष्य की दवा कृत्रिम जीवन .. ..

प्रयोगशाला में विकसित हो सकते हैं और प्रकृति ने उनका सृजन नहीं किया होता है। ऐसे में यह सवाल नैतिक भी है कि पृथ्वी पर हमारे पर्यावरण में कृत्रिम जीवन की क्या भूमिका होनी चाहिए, जहां सभी जीवन रूप प्रकृति द्वारा बनाए गए हैं और उनका अपना स्थान और उद्देश्य है। अधिक उन्नत जैविक संस्थाओं और जीवन रूपों के विकास के लिए एक मजबूत आधार बनाता है।

इन सभी प्रयासों का समग्र मूल्य यह है कि उनका उपयोग बीमार लोगों के निदान और उपचार के लिए समाज की क्षमता में सुधार के लिए किया जा सकता है। चेंगुआंग लू कहते हैं, मुझे आश्चर्य नहीं होगा कि एक दिन हम मनमाने ढंग से हाइब्रिड नैनोमशीन, वायरल टीके और बना सकते हैं। यहां तक कि इन बिल्डिंग ब्लॉक्स से कृत्रिम जीवन भी बनता है, जिससे समाज को उन मुश्किल इलाज वाली बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है। यह स्वास्थ्य सेवा में एक क्रांति होगी।

### बर्फीले तूफान में दो की मौत दो लापता

एक बड़ा नाम हैं। पिछले जुलाई में, वह नॉर्वे की क्रिस्टीन हारिला के लिए एक गाइड के रूप में पाकिस्तान में के2 चोटी पर चढ़े। परिणामस्वरूप, तेनजेनने सभी आठ हजार और चौदह चोटियों पर विजय प्राप्त की। इतना ही नहीं, वह 14 आठ हजार चोटियों को फतह करने वाले दुनिया के सबसे तेज पर्वतारोही थे। जैसे ही अक्टूबर का महीना आया, पर्वतारोहियों ने शिखर अभियान की तैयारी शुरू कर दी। शनिवार को, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, रोमानिया, अल्बानिया, इटली, जापान और पाकिस्तान सहित विभिन्न देशों के कुल 52 लोग शिखर पर जा रहे थे, जब यह ढह गया। सभी तबाह हो गए। दो पाकिस्तानी पर्वतारोही बाल-बाल बच गये। खराब मौसम के कारण उन्हें शिखर से कुछ सौ मीटर की दूरी से नीचे उतरना पड़ा। सिरबाज खान नाम के एक पाकिस्तानी पर्वतारोही के हाथ एक और रिकॉर्ड लग गया। यदि वह शिशपंगमा पर विजय प्राप्त कर लेते, तो 8,000 और 14 पर्वत चोटियों पर विजय प्राप्त करने वाले पहले पाकिस्तानी बनने का रिकॉर्ड बना लेते। हालाँकि, क्योंकि वह रिकॉर्ड से बचने में कामयाब रहा, वह बच गया। ट्रैकिंग के लिए अक्टूबर सबसे अच्छा समय माना जाता है। लेकिन, वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग पिछली सभी गणनाओं को बदल रही है। अक्टूबर में भी हिमालय सहित उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हिमस्खलन का खतरा बढ़ जाता है। पिछले हफ्ते ही चीन ने हिमालय पर्वत क्षेत्र पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को मापने के लिए नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र पर 8,201 मीटर की ऊंचाई पर चो ओयू में एक मौसम स्टेशन स्थापित किया था।

शहर >> अपडेट

### मेरा माटी मेरा देश अभियान के अमृत कलश को सौंपा गया



रांचीः राहे प्रखंड क्षेत्र से मेरा माटी मेरा देश अभियान को लेकर राहे प्रखंड के सभी 9 पंचायतों से एकत्रित अमृत कलश को जमा किया गया। प्रखंड परिसर में नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप प्रमुख उमेश महतो ने कहा कि दिल्ली में बलिदानियों की याद में बनने वाली अमृत वाटिका में राहे प्रखंड के सभी पंचायतों की मिटटी का उपयोग होगा। यह हमारे प्रखंड के लिए गर्व की बात है। मौके पर मुखिया श्याम सिंह मुंडा, कृष्णा पातर, क्षेत्र मोहन महतो, विनय कुमार, सुभाष महतो सहित नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य मौजूद थे।

डाक सेवाएं

## राज्य के उग्रवाद प्रभावित इलाकों में भी खुले 898 पोस्ट ऑफिस

# झारखंड में 548 नए डाकघरों से मिलेगी हर 5 किमी पर डाक सेवाएं

**राज्य के 28 डाकघरों में पार्सल पैकेजिंग यूनिट की सुविधा उपलब्ध है**

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** झारखंड परिमंडल, रांची की ओर से राष्ट्रीयो डाक सप्ताह के मौके पर सोमवार को विश्व डाक दिवस मनाया गया। इसके अलावा उसकी ओर से 10 अक्टूबर को वित्तीय सशक्तिकरण दिवस, 11 अक्टूबर को फिलाटेली दिवस, 12 अक्टूबर को मेल एवं पार्सल दिवस और 13 अक्टूबर को अंत्योदय दिवस आयोजित किए जाएंगे। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल झारखंड सर्किल, डोरंडा (रांची) के कार्यालय में विश्व डाक दिवस के आयोजन पर मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल (झारखंड सर्किल) राकेश कुमार ने बताया कि केंद्र की पहल पर राज्य के वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी डाक सेवाओं की पहुंच बढायी जा रही है।पिछले 2-3 सालों के भीतर राज्य के सुदूरवर्ती और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी 898 डाकघर खोले गये हैं जिसका लाभ स्थानीय लोग उठा रहे हैं। हर 5 किमी पर वित्तीय समावेशन के लिए एक आउटलेट प्रदान करने को केंद्र सरकार ने लक्ष्य तय किया है। इस क्रम में झारखंड डाक परिमंडल ने राज्यभर में 548 डाकघर खोले हैं।पूरे राज्य में अभी 24 राजस्व जिलों में कुल 4500 से अधिक डाकघर (सभी कैटेगरी का मिलाकर 4579) के साथ सेवाएं दी जा रही हैं। इनमें से 4112 शाखा डाकघर हैं जो मुख्य रुप से झारखंड के ग्रामीण इलाकों में हैं। जीपीओ के साथ प्रधान डाकघर की संख्या 13 है जबकि 454 उप डाकघर हैं। मौके पर सहायक डाक महाध्यक्ष उदय भान सिंह, मुख्य डाक महाध्यक्ष राकेश कुमार, सहायक निदेशक निरंजन कुमार, रितेश कुमार सिन्हा, शांतनु आजाद सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।राजेश कुमार ने बताया कि यूपीयू (यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन) के सदस्य के तौर पर भारतीय डाक 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस के तौर पर भी मनाता है। एक कदम आगे बढ़ते हुए भारतीय डाक पूरे सप्ताह को राष्ट्रीय डाक सप्ताह के रूप में मनाता है। झारखंड परिमंडल के द्वारा भी पिछले कुछ समय में सराहनीय उपलब्धियां हासिल की गयी हैं। झारखंड परिमंडल के कुल 4580 डाकघरों के द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष (2022-23) में लगभग 1 करोड़ 50 लाख रजिस्टर्ड डाक प्राप्त हुए थे। इनमे से 85 प्रतिशत पंजीकृत डाकों का वितरण प्राप्ति के दिन ही कर दिया गया।


डाकघर के नियमानुसार बचे हुए डाक पत्रों का वितरण एक से चार दिनों में हो गया।झारखंड में जिला स्तरीय चयनित 24 डाकघरों में मतदाता पहचान पत्रों की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा कुल 55 लाख इपीआइसी काड्‌र्स की बुकिंग तथा इसका वितरण पिछले वित्तीय वर्ष में किया गया। इस वित्तीय वर्ष के सितंबर माह तक लगभग 10 लाख के करीब मतदाता पहचान पत्रों की बुकिंग तथा डिलीवरी की गयी है। स्कूली शिक्षा विभाग (झारखंड) से साथ मिलकर झारखंड में स्थित स्कूलों के 14 लाख स्टूडेंट्स का खाता खोला जाना है। इसमें स्टूडेंट्स को पोशाक, किताब कॉपी, स्कॉलरशिप एवं अन्य सरकारी लाभों की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की जाएगी। सितंबर माह तक 2 लाख से ज्यादा खाता खोले जा चुके हैं। राज्य में 238 बल्क कस्टमर से पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान लगभग 25 लाख से ऊपर के राजस्व की प्राप्ति हुई है। इस साल अगस्त माह तक 40 लाख 33 हजार राजस्व मिला है। आम जनों की सुविधा के लिए राज्य के 28 डाकघरों में पार्सल पैकेजिंग यूनिट की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा भी राजेश कुमार ने डाक विभाग के स्तर से मुहैया कराई जा रही सेवाओं की जानकारी दी।

## युवा सुरक्षा वाहिनी की बैठक हुई संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** बैठक की अध्यक्षता युवा सुरक्षा वाहिनी के अध्यक्ष ओम वर्मा ने की । बैठक का संचालन सागर वर्मा एवं विक्की ने की । धन्यवाद ज्ञापन रवि वर्मा बैठक में वर्ष 2023 की दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर विचार विमर्श किया गया पूजा के दौरान होने वाले सभी बिंदु पर विचार किया गया एवं पूरे राज्य भर में सभी पूजा पंडाल पुरे पारम्परिक विधि विधान से माँ दुर्गा की आराधना कर पूजा करने की अपील की । युवा सुरक्षा वाहिनी के दुर्गा पूजा के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन के साथ मिलकर कदम से कदम मिलाकर दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालू की सेवा हेतु सहायता शिविर फिरायला चौक में लगाया जाएगा एवं मेडिकल कैंप , तथा खोया पाया कार्ड भी वितरण किया जाएगा । बैठक में मुख्य रुप से मुख्य सरंचक श्री रमेश सिंह , रवि मुंडा ,सुनील यादव , बंटी यादव,ओम वर्मा,, , रवि वर्मा,विक्की वर्मा ,सुमित लोहरा , सागर वर्मा ,अमित हर्ष , सत्या, पीयूष प्रशांत, विशाल,मुकेश,प्रिंस,कुणाल, मोनू लकड़ा,बबलू इंदवार पवन मनीष, आयुष पीयूष अमित हर्षवीर, इत्यादि उपस्तिथ थे ।

## जमशेदपुर और सरायकेला खरसावां के बिजली उपभोक्ताओं के लिये नयी दरें जारी



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** जमशेदपुर और सरायकेला खरसावां के बिजली उपभोक्ताओं को अक्टूबर से बिजली मंहगी पड़ने वाली है। एक अक्टूबर से दोनों जिला के बिजली उपभोक्ताओं के लिये नयी बिजली दरें घोषित कर दी गयी है। टाटा स्टील और टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (पूर्व में जुस्को) से दोनों जिलों में बिजली आपूर्ति की जाती है।इसके तहत जमशेदपुर के उपभोक्ताओं की वर्तमान बिजली दर में फिक्सड चार्ज में न्यूनतम 10 रुपये से अधिकतम 25 रुपये, जबकि एनर्जी चार्ज में प्रति यूनिट 10 पैसे से अधिकतम 55 पैसे तक की बढ़ोतरी की गई है। वृद्धि घरेलू, कमर्शियल, ग्रामीण घरेलू, ग्रामीण कमर्शियल, कृषि कार्य समेत अन्य वर्गीकरण के आधार पर किया गया है। वहीं, सरायकेला-खरसावां के उपभोक्ताओं की वर्तमान बिजली दर फिक्सड चार्ज में न्यूनतम 10 रुपये से अधिकतम 45 रुपये और एनर्जी चार्ज प्रति यूनिट पांच पैसे से लेकर अधिकतम 20 पैसे तक बढ़ोतरी की गयी है। दरें एक अक्टूबर से लागू होंगी। टाटा स्टील और जुस्को के उपभोक्ताओं की बिजली दर में बढ़ोतरी के लिए सात जुलाई को बिष्टुपुर चैंबर भवन और आदित्यपुर ऑटो कलस्टर में झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जनसुनवाई हुई थी. दोनों ही स्थानों पर बढ़ोतरी का उपभोक्ताओं ने विरोध किया था। इसके बावजूद दोनों ही स्थानों पर बिजली बढ़ोतरी को आयोग ने मंजूरी देते हुए अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया है।

## नेशनल रेड रन की 10 किमी मैराथन दौड़ में झारखंड की बेटी को मिला दूसरा स्थान



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा युवाओं के बीच एचआईवी संक्रमण एवं एड्स के प्रति जागरूकता को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल रेड रन कार्यक्रम का आयोजन गोवा के पणजी में किया गया। इस कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों के अलावे 8 केंद्र शासित प्रदेशों के बच्चों ने राज्य स्तर पर चयनित होने के बाद राष्ट्रीय स्तर की दौड़ में भाग लिया। इसमें 10 किलोमीटर की मैराथन दौड़ नेशनल रेड रन में झारखंड की बेटी संघमित्रा मेहता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गिरीडीह जिले के कालू राम मोदी मेमोरियल वनांचल इंटर कॉलेज की इस छात्रा ने 10 किलोमीटर की दूरी 37 मिनट 55 सेकेंड में पूरी की। वहीं पुरुष वर्ग में राजन कुमार को 5वां स्थान प्राप्त हुआ। रांची के एसएस मेमोरियल कॉलेज के इस छात्र ने 10 किलोमीटर की दूरी 33 मिनट 02 सेकेंड में पूरी की। सभी विजेताओं को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत पी राणे एवं नाको के वरीय अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक जयकिशोर प्रसाद एवं समिति के युवा प्रभारी सत्य प्रकाश प्रसाद उपस्थित थे। ज्ञात हो कि नेशनल रेड रन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सात सदस्यों की टीम गोवा के लिए 6 अक्टूबर रवाना हुई थी।

## आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने रिसालदार बाबा के मजार पर की चादरपोशी

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने उर्स के मौके पर सोमवार को डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के मजार पर चादरपोशी की। उन्होंने राज्य में अमन चैन की दुआ मांगी। साथ ही मजार के विकास में कमिटी को हरसंभव मदद देने की बात कही।मौके पर मजार कमिटी के सदस्यों ने आजसू सुप्रीमो और उनके साथ आयी पूरी टीम का मजार परिसर में फूलों की माला और पगड़ी बांध कर स्वागत किया।सुदेश महतो के साथ देवशरण भगत, भरत काशी, परवाज खान, मोहसिन खान, एस अली, खालिद खलील, जुबैर, ऐनुल, शहजाद, ज्ञान सिंह, बंटी यादव समेत अन्य शामिल थे। सुदेश महतो का स्वागत करनेवालों में मजार कमिटी के अध्यक्ष अय्यूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, उप सचिव जुल्फिकार अली भुट्टो, मो सादिक, अब्दुल खालिक, अनीस गद्दी, सरफराज उर्फ संपा, नज्जू अंसारी, एजाज गद्दी, असीम नईम, आफताब आलम, साजिद उमर, मो शहजाद उर्फ बबलू, नसीम गद्दी उर्फ पप्पू गद्दी, मो वसीम, सरफराज गद्दी उर्फ पंडित, साहीन अहमद, सरफराज कुरैशी, मुमताज गद्दी उर्फ छोटे, पूर्व पार्षद फिरोज आलम उर्फ मुन्ना, आजम अहमद,समीर हेजाजी, शाहिद खान, नौशाद गद्दी आदि मौजूद थे।

भ्रष्टाचार

## सरकारी ठेके में भ्रष्टाचार पर लगेगा लगाम

# 16 अक्टूबर से केवल ऑनलाइन होगा टेंडर प्रोसेस

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः**झारखंड के सरकारी विभागों के पेयजल,सड़क-पुल, बांध, भवन निर्माण इत्यादि के ठेके में भ्रष्टाचार-घोटाले के मामले लगातार सामने आने के बाद अब झारखंड सरकार चेती है। हाल में ग्रामीण कार्य विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के यहां इडी के छापे और भारी मात्रा में अवैध संपत्ति की बरामदगी व उनकी गिरफ्तारी से पूरे राज्य में सरकारी ठेके में चल रहे मनमानी की पोल खुल गयी थी। इसके बाद अब राज्य सरकार ने अब पूरी ठेका व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का फैसला लिया है।16 अक्टूबर से सारे टेंडर का निष्पादन ऑनलाइन होगा, इसमें टेंडर फी और अर्नेष्ट मनी जो ठेकेदारों द्वारा जमा की जाती है, वह भी ऑनलाइन होगा। इस तिथि के बाद किसी भी तरह का ऑफलाइन टेंडर भरने व पेमेंट करने को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। आईटी विभाग ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ मिलकर एक पेमेंट गेटवे तैयार किया है। इसी गेटवे से अब फी का भुगतान होगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने इसके लिए एक खाता खोला है।

ऑनलाइन टेंडर निष्पादन प्रक्रिया करने संबंधी आदेश आईटी सचिव झारखंड विप्रा भाल के हस्ताक्षर से जारी कर दिया गया है।झारखंड राज्य गठन के बाद राज्य सरकार के विभिन्न कार्य विभागों यथा (पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण, ग्रामीण कार्य, पेयजल एवं स्वच्छता, उर्जा, नगर विकास, जलसंसाधन )इत्यादि द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए निविदाओं का निष्पादन पीडब्लूडी कोड के प्रावधानों के अनुरूप ऑफलाइन पद्धति के द्वारा कराया जा रहा था। इन निविदाओं के निष्पादन में कई गड़बड़ियां व अनियमितताओं के साथ साथ गलत क्रिया-कलाप करने तथा सक्षम, इच्छुक निविदाकारों को परिमाण पत्र बिक्री नहीं करना, निविदाकारों के साथ पक्षपात करना, निविदाकारों को निविदा डालने से बलपूर्वक रोका जाना तथा निविदा निष्पादन में पारदर्शिता का अभाव रहा।इसकी शिकायतें समय-समय पर सरकार को मिलती रहती है। ताजा उदाहरण आरईओ के चीफ इंजीनियर रहे वीरेंद्र राम का सामने आया जिसने करोड़ों के टेंडर फाइनल करने में गड़बड़ी की। उंचा कमीशन लेकर पैरवी वालों को ठेका दिया। अब वे ईडी की गिरफ्त में जेल की हवा खा रहे हैं। पूरी गड़बड़ी सामने आने के बाद सरकार की नींद खुली और टेंडर प्रोसेस को अब पूरी तरह से पारदर्शी बनाने का निर्णय हुआ।

इन समस्याओं के समाधान के लिए सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग ने पहल की और 30 दिसंबर 2009 को एक संकल्प जारी किया जिसमें निविदा के आमंत्रण तथा निष्पादन के लिए ई-प्रोक्यूरमेंट नामक ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत की। इसी पोर्टल के माध्यम से निविदाओं का निष्पादन किया जा रहा है। पथ निर्माण विभाग में यह पूरी तरह से लागू है। इन परियोजना के लिए भारत सरकार की संस्थाय राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एनआईसी द्वारा जीई-पीएनआईसी सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। इसका क्रियान्वयन एनआईसी झारखंड द्वारा किया जा रहा है।राज्य सरकार की समीक्षा में यह बात सामने आई कि लगभग 14 साल पूर्व मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अनुरूप निविदा आमंत्रण तथा निष्पादन की प्रक्रिया अभी भी पूर्णरूपेण ऑनलाइन नहीं हो पायी है। आज भी निविदाकार द्वारा टेंडर फी तथा अर्नेष्ट मनी डिपोजिट से संबंधित ड्राफ्ट ऑफलाइन पद्धति से जमा किए जा रहे हैं। ऐसे में जिन उदेश्य के लिए ऑनलाइन टेंडर सिस्टम की व्यवस्था शुरू की गयी थी, उसकी पूर्ति आज भी पूरी तरह से नहीं हो पायी। ऐसे में आज भी टेंडर फाइनल करने में लगातार गड़बड़ी की शिकायत सामने आ रही है। ऐसे में सरकार ने महसूस किया कि जो फैसला 2009 में ऑनलाइन सिस्टम से टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गयी थी और उसमें जो अंश आज भी ऑफलाइन व्यवस्था से निष्पादित हो रही है। उन्हें बिना किसी विलंब के ऑनलाइन किया जाये।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति न्यू एसटी धुर्वा का भूमि पूजन

रांचीः सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति न्यू एसटी धुर्वा के पूजा पंडाल का भूमि पूजन हुआ। शारदीय नवरात्रि इस वर्ष 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। इसी दिन कलश स्थापना के साथ दुर्गा पूजा का आगाज हो जाएगा। पूजा समिति के सदस्य पूजा की तैयारी में जुट गए हैं। मूर्ति व पंडाल का काम शुरू हो गया। भूमि पूजन में समिति के अध्यक्ष शिवलाल सिंह, कृष्णा मोहन सिंह, इंदरजीत सिंह, रंजन यादव, बिजय बहादुर सिंह, धुनमुन सिंह, टुनमुन सिंह, जवाहर प्रसाद, अवधेश तिवारी, आनंद भूषण सिंह, सुशील वाजपेई, दीपक सिंह, अन्नू सिंह, प्रकाश कुमा, बिनय सिंह, पनीर बाबा, गुंजून सिंह, दीपक देव, अविनाश, आशीष, राजन, अंकित, राजा, अमित, रंजीत, गोलू, बंकू, अंशु, सोनू, चन्दन, टुनटुन, आकाश, मनोज, संतोष, विकास, पंकज, मंतोष, सतेंद्र, अनिल, राजू, रंजन तथा रिंशु शामिल थे।

## न्यूज फटाफट

### स्वास्थ्य मंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अपने स्कॉट जिप्सी से एमजीएम अस्पताल भिजवाया

रांचीः झारखंड में एक बार फिर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानवता की मिसाल पेश की है। श्री गुप्ता ने बहरगोड़ा से जमशेदपुर आने के क्रम में आज देखा कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया है और उन्होंने संवेदना का परिचय देते हुए अपना स्कॉट रुकवाया और स्वयं अपने हाथ से घायल व्यक्ति को अपने स्कॉट वाहन के जिप्सी के माध्यम से एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भिजवाया। उन्होंने अपने सुरक्षाकर्मियों को भी साथ भेजा और वायरलैस पर इमरजेंसी अलर्ट करवा कर घायल को रवाना किया। इस बीच उन्होंने एमजीएम अधीक्षक को फोन पर सूचना देते हुए हर परिस्थिति के लिए तैयारी करने का निर्देश दिया। उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के इस मानवीय संवेदना की खूब तारीफ की, लोग कह रहे थे अगर जन प्रतिनिधि बन्ना गुप्ता जैसा संवेदनशील हो जाये तो जनता के समस्याओं का समाधान होता रहेगा! गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी बेड़ो में एक सड़क दुर्घटना में घायल को उन्होंने रांची रिम्स भिजवाया था जिससे उसकी जान बच गई थी। इससे पहले चांडिल और लोहरदगा में भी गुजरने के क्रम में उन्होंने काफिला रुकवा कर घायलों की मदद की थी।

### पंचपरगनिया साहित्य परिषद का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय मंत्री से मिला

रांचीः पंचपरगनिया भाषा साहित्य एवं कला परिषद के सचिव एंथोनी मुंडा की अगुवाई में छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पंचपरगनिया भाषा में हो रहे जेपीएससी सहायक प्राध्यापक नियमित मामले में विलंब एवं बार-बार हो रहे साक्षात्कार तिथि में परिवर्तन को लेकर मंत्री के समक्ष अपनी व्यथा प्रकट की। 2018 के इस विज्ञापन को निकले 05 वर्ष बीत गये हैं। बहुत आवेदकों का तो अब नियुक्ति की अधिक्तम आयु सीमा भी समाप्त होने वाली है। इस सिलसिले में यह प्रतिनिधिमंडल 3 अक्टूबर को जेपीएससी अध्यक्ष डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा से भी मिल कर विलंब होने का कारण जानने की चेष्टा की थी। परन्तु अनेक प्रयासों के बाद भी अध्यक्ष महोदया ने मिलने से इनकार कर दिया। मजबूर होकर यह प्रतिनिधि मंडल जनजातीय कार्य मंत्रालय मंत्री भारत सरकार अर्जुन मुंडा से मिलने को मजबूर हुए। मंत्री ने संबंधित मामले की पड़ताल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में पंचपरगनिया भाषा-साहित्य एवं कला परिषद के सचिव एंथोनी मुंडा, रामनाथ सेठ, नीरज साहू, बसंती कुमारी और मोहित सेठ आदि शामिल थे।

### झारखंड सेवा रत्न अवार्ड समारोह 20 को

रांचीः विश्व सेवा परिषद द्वारा झारखंड सेवा रत्न अवार्ड समारोह का आयोजन आगामी 20 अक्टूबर को रांची विश्वविद्यालय के लीगल स्टडीज सेंटर सभागार में होगा। यह आयोजन रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस के सहयोग से किया जाएगा। सम्मान समारोह कार्यक्रम के लिए राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, राज्य के मंत्रियों, केंद्रीय मंत्री, सांसदों, राज्यसभा के सांसदों, कुलपतियों, विधायकों में एवं अन्य गणमान्य लोगों को आमंत्रण पत्र भेज दिया गया है। इस समारोह में स्वागत के लिए मनीष बरवार की टीम के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुत की जाएगी। अतिथियों के स्वागत के लिए एक समिति का गठन किया गया है। जिसमें डॉ. बीबी राज, असलम अंसारी, डॉ. सुभाष साहू डॉ. पंकज सेठ और राहुल कुमार राज को रखा गया है। मंच संचालन डॉ. सुषमा केरकेट्टा, डॉ पूनम सिंह चौहान और चंदन कुमार टैगोर के द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी डॉ बीबी राज ने दी।

### युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा कमिटी का गठन, अध्यक्ष बने मृणाल

रांचीः युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति के संस्थापक के द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर बैठक रखी गयी जिसके अध्यक्षता महासमिति के संस्थापक श्री राधे सिन्हा जी के द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस वर्ष 2023 को दुर्गा पूजा का आय व्यय का व्योरा प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से कमिटी को पास कर और पुरानी कमिटी को भंग कर दिया गया एवं सभाकर में इस महासमिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति कुमार मृणाल सिन्हा,जी को 2023 के महासमिति के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। इस वर्ष महिला टीम का गठन भी किया गया जिसमें महिला मंडल अध्यक्ष पिया बर्मन जी को बनाया गया। एवं युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति के संस्थापक राधे सिन्हा,ने कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव 2023 इस वर्ष माहसमिति के द्वारा मेन रोड चौक में रांची के सैकड़ो पूजा पंडालू से आने वाले लोगों का मां की प्रतिमा का विसर्जन एवं शोभा यात्रा में हमारे महासमिति के द्वारा सभी को सम्मानित किया जाएगा एवं भंडारा एवं पानी की भी व्यवस्था किया जाएगा। एवं युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति के संस्थापक जनसेवक राधे सिन्हा ने कहां की जिस तरह राँची जिला मुख्य रूप से हमारा घर है ये भावना रखते हुए शहर के अंदर पूजा के दौरान हर पंडाल के आस पास अपने कार्यकर्ता के साथ नजर आएंगे और जरुरत मंद की हर संभव मदद का प्रयास करेंगे। किसी तरह का अफवाह या कोई असामाजिक तत्व अगर भीड़ में मिलता है तो प्रशासन के साथ मिलकर लोगो में आश्वाशन देगें। युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति के महानगर अध्यक्ष कुमार मृणाल सिन्हा, जी ने कहा कि किसी भी तरह की दुर्घटना अगर शहर के अंदर हो तो आस पास के अस्पताल को तुरंत सूचना देगें और महिला मंडल के अध्यक्ष प्रिया वर्मा,ने कहा कि भीड़ वाले पूजा पंडाल में पुरी ताकत से अधिक संख्या में कार्यकताओं को प्रशासन के साथ रहने का निर्देश देगें, ताकि ये संदेश रांची महानगर में विशेष रूप से हमारे लिए एक उदाहरण बने।

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह 15 को

रांचीः अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी, अग्रसेन जयंती आयोजन समिति के संयोजक सज्जन पाड़िया एवं अग्रवाल सभा के प्रवक्ता प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से कहा है कि अग्रवाल सभा के तत्वावधान में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 47 वां वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 14 अक्टूबर को अपराहन 3:30 बजे महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा का संचालन अग्रवाल युवा सभा करेगा। 15 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के दिन प्रातः 6:30 बजे अग्रसेन चौक में महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा में पुष्पांजलि, माल्यार्पण, आरती प्रसाद एवं प्रभात फेरी का कार्यक्रम होगा। पूर्वाहन 10:30 बजे अग्रसेन भवन में हवन, कुलदेवी का पूजन एवं प्रसाद वितरण तथा अपराहन 3:30 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह में रांची क्षेत्र के सभी अग्रवंशी के ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने वर्ष 2022-23 की परीक्षाओं में निर्धारित मापदंड के अनुसार अंक प्राप्त किए हैं उन्हें सम्मानित किया जाएगा। समाज ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने वर्ष- 2022-23 के दौरान इंजीनियरिंग, मेडिकल, सीए,सीएस, सीएफए, एमबीए, एलएलबी एवं विशिष्ट योग्यता या उपलब्धियां प्राप्त की हो उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा।

### सवर्णों ने मांगा अल्पसंख्यक का दर्जा, कहा- हमें भी मिले आरक्षण

रांचीः राजधानी रांची स्थित लाइन टैंक रोड स्थित अनिकेत मॉल सभागार में सवर्ण समाज की बैठक हुई। सवर्ण समाज समन्वय समिति के संयोजक मनीष सिंह ने बैठक बुलायी थी। इसकी अध्यक्षता धर्मेंद्र तिवारी ने की। इस बैठक में बिहार में हुए जातिगत जनगणना में सवर्ण समाज की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद चारों सवर्णों के प्रतिनिधियों ने कहा कि हमें अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाये। इसके अलावा सवर्ण समाज को आगे लाने के लिए आरक्षण भी दिया जाये। इसके अलावा, महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी मिले और सवर्ण आयोग का गठन किया जाए। अवसर पर धर्मेंद्र तिवारी, डॉ. प्रणव कुमार बब्बू, वीरेंद्र कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार, सूरज कुमार सिन्हा, मनीष कुमार सिंह, अभिषेक चौबे, दिलीप सिंह, सुदर्शन सिंह, सुमन मिश्रा, कृष्ण राम तिवारी एवं विजय दत्त पिंटू समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शहर >> अपडेट

### कांके में वन सुरक्षा समिति का गठन

**बुढ़मू :** कांके प्रखंड के पतरातू गांव में सोमवार को वन सुरक्षा समिति का गठन किया गया। मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र महतो, उपाध्यक्ष लालमणी देवी व कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार महतो का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों में जगदीश महतो, भोला महतो, नजर आलम, बाबुलाल महतो, चनु महतो समेत अन्य सदस्यों का चुनाव किया गया।

## उत्पादन

### ग्रीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर, 10 लाख टन का होगा सालाना उत्पादन

# मार्च 2024 से कॉपर बिजनेस में उतरेगा अदाणी ग्रुप

● कॉपर कैथोड, कॉपर रॉड, सोना, चांदी, निकल और सेलेनियम का उत्पादन करना

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग अहमदाबाद रांची मार्च 2024 में गुजरात के मुंद्रा में अदाणी समूह, कच्छ कॉपर लिमिटेड, एक ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी प्रोजेक्ट शुरू कर रहा है। कच्छ कॉपर का लक्ष्य कॉपर कैथोड, कॉपर रॉड, सोना, चांदी, निकल और सेलेनियम का उत्पादन करना है। इसके अलावा इस इंटीग्रेटेड परिसर में सल्फ्यूरिक एसिड का उत्पादन भी किया जाएगा। भारत में घरेलू तांबे के कॉन्सन्ट्रेशन का उत्पादन कम ही होता है ऐसे में लैटिन अमेरिका से कच्चे माल का आयात करना जरुरी हो जाता है लेकिन इसके लिए एक राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने और लॉजिस्टिक्स की आवश्यकता होती है। और यहीं कच्छ कॉपर लिमिटेड की इंटीग्रेटेड ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। ये रिफाइनरी मुंद्रा पोर्ट में है इस प्रोजेक्ट की उर्जा जरुरतों को अदाणी पॉवर या ग्रिड से पूरा किया जाएगा साथ ही डिसेलिनेशन के जरिए समुद्री पानी से जरुरतें पूरी होंगी।



स्टील और एल्युमीनियम के बाद औद्योगिक धातु के उपयोग में तांबा तीसरे स्थान पर है। भारत में प्रति व्यक्ति तांबे की खपत महज 0.6 किलोग्राम है जबकि इसका वैश्विक औसत 3.2 किलोग्राम है। जैसा कि भारत का लक्ष्य वर्ष 2070 तक कार्बन तटस्थता हासिल करना है, ऐसे में यह अभियान स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों की दिशा में तांबे की माँग को बढ़ावा देगा। कॉपर कॉम्प्लेक्स का कीमती मेटल रिकवरी प्लांट साल-दर-साल सोने और चांदी का उत्पादन करेगा। अब तक तांबे की आपूर्ति में भारतीय उद्योगों को अनिश्चितताओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन देश का अपना तांबा उत्पादन प्लांट इन चिंताओं को कम कर सकता है। इसके अलावा उद्योग अपनी आपूर्ति पर बेहतर नियंत्रण रख सकेगा और सबसे महत्वपूर्ण ये अपने एकमात्र घरेलू स्रोत, हिंडाल्को पर निर्भरता को काफी कम करेगा।

भारत के तांबे के निर्यात में गिरावट आई है, लेकिन कच्छ का तांबा इसे पुनर्जीवित कर सकता है। कार्बन कैप्चर के लिए आधुनिक जीरो लिक्विड डिस्चार्ज टेक्नोलॉजीस और इक्विपमेंट के साथ, कच्छ कॉपर वैश्विक बाजारों में अपील करेगा। भारत के सबसे बड़े सीमेंट उत्पादकों में से एक होने के नाते अदाणी, कॉपर प्लांट के बाई प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करेगा। यह साधारण पोर्टलैंड सीमेंट उत्पादन के लिए कच्चे मिश्रण में सिलिका और हेमेटाइट की जगह भी ले सकता है। अदाणी ग्रुप एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र और महत्वाकांक्षी ऊर्जा परिवर्तन योजनाओं में व्यापक रूप से उपस्थित है। नेशनल हाईवे और रेलवे नेटवर्क से मुंद्रा का कनेक्शन उसकी राष्ट्रीय बाजार तक पहुँच आसान करता है। इसके अलावा, भारत में कई प्रमुख एसिड प्लांट भी गुजरात तट पर हैं। अदाणी का कॉपर प्रोजेक्ट को दो चरणों में शुरू किया जाएगा। पहले चरण की शुरूआत 500केटी की क्षमता के साथ, मार्च 2024 में होगा। इसके बाद दूसरे चरण में 500 केटी क्षमता का विस्तार किया जाएगा।

## न्यूज फटाफट

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम प्रखंड स्तर पर



**तमाड़ :** भाजपा कार्यकताओं द्वारा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी तथा रड़गांव मंडल अध्यक्ष अजित महतो के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरा माटी मेरा देश का कार्यक्रम प्रखंड स्तर पर मिट्टी संग्रह करते हुए किया गया। झारखंड भाजपा द्वारा सेवा ही संकल्प कार्यक्रम के निमित्त पूरे राज्य ही नहीं अपितु पूरे देश में कई प्रकार के कार्यक्रम चलाए गए जिनमें मुख्य रूप से मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के माध्यम से हर बुथ से मिट्टी संग्रहण किया गया था जिससे आज प्रखंड स्तर पर संग्रह किया गया जो अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में दिल्ली भेजा जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के अलावे संतोष साहु, दिनेश साहु, अंगद महतो, विवेक गुप्ता, गोविंद सिंह मुंडा, गणेश मुंडा, अश्वत्थामा सेठ, मुकेश पातर, दिलवर हंस, योगेश्वर महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### फाइनल मैच में कदुआभीठा की टीम 2 गोल से विजय



तालगड़िया : पर्वतपुर में एसएम क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच काजू बागान क्लब कदुआभीठा की टीम 2 गोल से जीता। फाइनल का मुकाबला छाताटांड एफसी क्लब से हुआ। दोनों टीम के खिलाडी खेल का उम्दा प्रदर्शन किया। खेल के मध्यांतर के बाद छाताटांड के भरत ने विपक्ष के टीम के विरूद्ध एक गोल दागकर बढत बना ली। लेकिन इस रोमांचक खेल के अंतिम समय में कदुआभीठा के टीम एक गोल दागकर बराबरी कर दी। परिणाम के लिए ट्राई ब्रेकर का सहारा लेना पडा। जिसमें कदुआभीठा की टीम 2 गोल से विजय हुआ। अतिथियों ने विजेता टीम को 15 हजार रुपए व कप, उपविजेता टीम को 10 हजार रूपए व कप तथा सेमीफाइनल में पहुंचे 2 टीम को 3-3 हजार देकर सम्मानित किया। मौके पर जिप प्रतिनिधि रामपद दास, मुखिया प्रतिनिधि गोवर्धन शेखर, झामुमो के अशोक दशौंधी, आजसू के सुरेश सिंह, विकास सिंह, पुरन सिंह, प्रकाश सिंह, संजीव राय, अश्विनी बाउरी, प्रकाश माजी, आनंद मिश्रा, जगरनाथ बाउरी, देव बाउरी, पप्पु,कुंदन, अमृत, राजेश, सुभाष, निकेश, सुशांत माजी आदि मौजूद थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### श्रीमद् भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

**चांडिल :** ईचागढ़ प्रखंड के पिलीद गांव में रविवार को बड़ी धूमधाम से श्रीमद् भागवत पाठ का आयोजन हुआ। पंडित संजय पांडे ने भागवत प्रवचन सुनाया। भागवत कथा सुनने के लिए आसपास के कोई गांव के काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस अवसर पर आयोजन कर्ता निरंजन दास,धीरेन्द्र दास, पुजारी सदानंद दास,रवि दास,दिलीप कुमार दास,नित्यानंद दास,दामोदर सिंह मुंडा,भगत सिंह मुंडा,भुतनाथ सिंह मुंडा,हरि गोप, भुवन गोप,महेश्वर गोप,उमाकांत दास, रंजीत पुरान, आशाराम,द्वारा सिंह मुंडा,विक्रम सिंह मुंडा एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जिउतिया के अवसर पर सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन

**बुढ़मू :** कांके प्रखंड के मुरेठा गांव में सोमवार को जिउतिया के अवसर पर मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, कांग्रेस के वरीय नेता सुरेश बैठा, पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने किया। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि पर्व त्योहार झारखंड की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है।

### ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में आदिवासी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**तमाड़:** सोनाहातु प्रखण्ड अन्तर्गत माही वेंक्वट हॉल मे आदिवासी जागरुकता कार्यशाला का आयोजन ग्राम प्रधान श्री गोपाल मानकी जी के अध्यक्षता में हुई। संचालन अनिल सिंह मुण्डा एवं निशिकांत गोंझू संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत सिंगबोगां प्रार्थना कर किया गया। कार्यशाला का उद्धेश्य एक एक आदिवासी परिवार को जागरुकता हेतू अभियान चलाकर गांव गांव बैठक किया जाएगा। वक्ताओं ने अपने हक अधिकार ,अपनी भाषा संस्कृति व ग्राम सभा को मजबूत करते हुए जल, जगंल, जमीन को संरक्षित करना,सीएनटी/एसपीटी एक्ट की जानकारी एवं वर्तमान मे, वन संरक्षण संसोधन अधिनियम-2023 युसीसी कानुन व देश मे आदिवासियों पर हो रहे शोषण अत्याचार आदिवासी समुदाय इस पर पुरजोर तरिके से विरोध करेगें। कार्यक्रम में लोक कलाकार द्वारा जागरूकता गीत के माध्यम से भी लोगो को जागरूकता गीत गाया गया। समाज के अगुवा बुद्धिजीवी उदार कांत मुण्डा बोध मुण्डा, मेघलाल मुण्डा,ग्राम प्रधान सुधीर मुंडा, बासुदेव मुंडा, ब्रम्हनारायण मुंडा, मुखिया दीपक मुण्डा, मुखिया कृष्णा मुण्डा, मुखिया द्रौपदी मुण्डा , मुखिया फनीभुषण मुण्डा, कृष्णा उरांव एवं रिजूवा मुण्डा संबोधित किये। इस अवसर पर विकास मुण्डा, हाराधन, अनिल सिंह मुंडा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# एसबी कॉलेज में बोर्ड ऑफ गवर्नेंस की बैठक आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** सिंहभूम कॉलेज चांडिल में सोमवार को कॉलेज के स्टाफ कक्ष में ईचागढ़ विधानसभा की विधायक सविता महतो की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ गवर्नेंस की बैठक सम्पन्न हुई। विधायक सविता महतो सिंहभूम कॉलेज चांडिल के बोर्ड ऑफ गवर्नेंस की चेयरमेन हैं। कॉलेज में रूसा फंड से बन रहे बिल्डिंग में एक अतिरिक्त क्लास रूम बनाने पर बीओजी की मीटिंग में सर्वसम्मति बनी। विधायक सविता महतो ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि कॉलेज में नया भवन बनने से ईचागढ़ विधानसभा के छात्र छात्राओं को पठन-पाठन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सिंहभूम कॉलेज, ईचागढ विधानसभा का एकमात्र अंगीभूत कॉलेज होने के कारण इसके प्रति मेरी जबाबदेही अधिक है। इस कॉलेज के विकास में जो भी संभव होगा मैं मदद करंगी। इससे पहले प्राचार्य डॉ सरोज कुमार कैवर्त्त ने विधायक सविता महतो एवं प्रो अशोक कुमार महतो को पुष्पगुच्छ एवं शॉल प्रदानकर उनका अभिनंदन किया। स्वागत उद्बोधन के क्रम में प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में आप सभी अतिथियों के विचार -मन्तव्य दान से कॉलेज नई उंचाई को प्राप्त करेगा, ऐसी उम्मीद है। बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सीनेट सदस्य डॉ सुनील मुर्मू ने किया । विचार गोष्ठी में डॉ संजय कुमार, प्रो एके गोराई, डॉ जेके सिंह, डॉ आरआर राकेश, प्रो आरजे बारला, प्रो अम्बिका रजक, प्रो रिया शालिनी, प्रो गीतिका, प्रो नेपाल महतो, डॉ प्रभास गोराई, डॉ नीलम, डॉ मंजूला सिन्हा समेत सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

### जरीडीह अंचलाधिकारी को मुखिया ने पुष्प भेंट कर किया स्वागत



**जैनामोड़ :** जरीडीह अंचल अधिकारी ऋतूराज प्रियदर्शी का स्वागत अंचल कार्यालय में पुष्प भेंट कर किया गया। यह स्वागत जरीडीह प्रखंड के साराडीह पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी ने किया। मुखिया ने श्री प्रियदर्शी अच्छी भविष्य की शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से स्वागत करते मुखिया बाराडीह पुष्पा देवी, तांतरी दक्षिणी उप मुखिया तिलेश्वर महतो, पूर्व मुखिया टीना सिंह, तांतरी उतरी पंचायत उप मुखिया नमीत मिश्रा, प्रकाश अग्रवाल, करम महतो आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### एयरलाइंस से रिंकी देवी का पार्थिव शरीर पहुंचा टांड़ मोहनपुर

**जैनामोड़ :** अत्यंत गरीब परिवार जरीडीह प्रखंड के टांड़ मोहनपुर पंचायत निवासी अमरदीप लहरी की पत्नी रिंकी देवी का पार्थिव शरीर बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के निजी मद से पहल करते हुए मुंबई से एयरलाइंस मार्ग द्वारा आवास जैनामोड़ लाया गया। रिंकी देवी कैंसर से पीड़ित थी। उसका इलाज मुंबई के कैंसर अस्पताल में चल रहा था। जहां इलाज के क्रम में ही उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की शव को मुंबई से बेरमो लाने में परिजन असमर्थ थे। इसकी सूचना मिलते ही विधायक ने संज्ञान में लेकर पार्थिव शरीर को हवाई मार्ग द्वारा मुंबई से रांची लाने का कार्य किया।

# आराजू पंचायत के कलियुगी पुत्र ने पिता को लाठी से पीट पीट कर हत्या कर दी



राष्ट्रीय खबर

**जैनामोड़ :** जरीडीह थाना क्षेत्र के आराजू पंचायत अंतर्गत टोला चालमुंडरी में एक कलियुगी पुत्र ने नशे के धून में अपने ही 60 वर्षीय पिता को लाठी से पीट-पीट कर हत्या कर दी। हत्या के संबंध में बताया जाता है कि अर्जुन सिंह रूपया के लिए हमेशा अपने पिता बुधन सिंह को तंग करता रहता था। वह कई बार अपने पिता को जान से मारने का भी धमकी दिया करता था। लेकिन ऐसी अनहोनी से बेखबर पिता ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया। कुछ दिन पहले अर्जुन सिंह दुसरे प्रदेश में काम करने की नियत से जमीन बेच कर मोटी रकम की मांग किया था। जिस रकम को देने से बुधन ने इंकार कर दिया था। इसी गुस्सा से प्रेरित होकर रविवार शाम को अपने चालमुंडरी घर में ही लाठी से पीट-पीट कर पिता बुधन सिंह का हत्या कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर जरीडीह थाना प्रशासन ने देर रात को शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई। वही सोमवार को शव ब पोस्टमार्टम करा कर परिजन को सौंप दिया गया। इस कांड के अभियुक्त अर्जुन सिंह को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जरीडीह थाना प्रभारी अमित राय ने कहा कि सारी मामले की तहकीकात की जा रही है। तहकीकात करने के बाद तर्क संगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### दुगार्पुजा पर बोनस को लेकर भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ ने किया विरोध प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ ने महामंत्री प्रेम कुमार के नेतृत्व में मुख्य महाप्रबंधक शॉपस एंड फाउंडरी कार्यालय के आगे दुगार्पुजा पर बोनस, 39 महीने का एरियर, यूनियन का चुनाव, नाइट शिफ्ट अलाउंस, कर्मचारियों का सस्पेंशन और तबादला जैसे ज्वलंत मुद्दो पर विरोध प्रदर्शन किया। श्री कुमार ने कहा कि कर्मचारी हित के इन मुद्दों को लेकर भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ एनजेसीएस यूनियन और सेल प्रबंधन पर हमलावर है और विशेषकर एनजेसीएस यूनियन के नेता को संघ जगाना चाहती है कि जाग जाओ नहीं तो वह दिन दूर नहीं कि कर्मचारी फिर किसी की बात नहीं सुनेंगे और अगर वह समय आ गया तो न तो एनजेसीएस यूनियन और न ही सेल प्रबंधन की चलेगी और पूरा प्लांट बंद हो जाएगा। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से संयुक्त महामंत्री मुकेश कुमार, वरीय उपाध्यक्ष सत्यानारण ठाकुर, कोषाध्यक्ष आरके श्रीवास्तव, अशोक शर्मा, हरिमोहन शर्मा, दिलीप कुमार, अरुण कुमार, सुजीत कुमार, तुषार कुमार घोषाल, लाल बाबू, विजय कुमार, मनोज कुमार सिंह, सुजीत सिंह, बीरेंद्र कुमार, संजीव कुमार सिंह, कमलेश कुमार, निताई मंडल, सुमित माहथा, परवीन कुमार, सूर्यकांत शर्मा, तुलसी प्रसाद सिंह मौजूद रहें।

### संत मेरी स्कूल हिंदी सामूहिक कविता पाठ प्रतियोगिता



**बोकारो :** संत मेरी स्कूल सेक्टर 4 में सोमवार को हिंदी सामूहिक कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक फादर मैथ्यू थामस ने कहा कि कविता साहित्य की वह विद्या है, जिसके माध्यम से अपने मन के भाव को कलात्मक रुप में व्यक्त किया जाता है। कविता मानव को स्वार्थ संबंध के घेरे से दूर करती है। साथ ही समाज को दिशा प्रदान करने का माध्यम है। कवि अपनी कविता के जरिए मन के भाव को व्यक्त करते हैं। साथ ही समाज, प्रकृति के अलावा अन्य विषय वस्तु की विशिष्टता को प्रदर्शित करते हैं। कवि कविता के माध्यम से लोगों में देशप्रेम का भाव जागृत करते हैं। साथ ही श्रृंगार रस की कविता से जीवन की खूबसूरती का बयान करते हैं। इसके माध्यम से विद्यार्थी अपने कौशल का प्रदर्शन करते हैं। शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को कवि गुरु रवींद्र नाथ टैगोर, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, जय शंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, रामधारी सिंह दिनकर के अलावा अन्य कवि व कवयित्री की जीवनी से परिचित कराया। विद्यार्थियों ने हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया, विद्यार्थियों ने कविता पाठ किया। मौके पर शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### डीवीसी प्लांट के लोहा-तांबा से लदा ट्रक जब्त

**चंद्रपुरा :** चंद्रपुरा डीवीसी प्लांट का स्क्रैप लोहा से लदा एक ट्रक (जेएच 02डब्लू-0593) को चंद्रपुरा पुलिस ने रविवार सुबह को जब्त कर ड्राइवर दिप्ति महतो एव खलासी सीताराम महतो को गिरफ्तार किया है। ड्राइवर और खलासी दोनो ही पिंड्राजोरा का रहने वाला है।

## बैठक

### सरना धर्म कोड आंदोलन जनसभा को सफल बनाने की बैठक

# आदिवासी प्रकृति पूजक लेकिन अभी तक धार्मिक मान्यता नहीं: सुखदेव

▶▶ रांची के मोरहाबादी मैदान में सरना धर्म कोड जनसभा आयोजित आठ को

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** आदिवासी सेंगेल अभियान की तरफ से चास प्रखंड के अंतर्गत चैनपुर पंचायत के झोपरो गांव और जरीडीह प्रखंड के गायछंदा पंचायत के लोपसाडीह गांव में सरना धर्म कोड आंदोलन जनसभा को सफल बनाने की बैठक की गई। झोपरो गांव के गोठवारी टोला में अध्यक्षता चैनपुर पंचायत सेंगेल परगना बलेश्वर हांसदा एवं गायछंदा पंचायत के लोपसाडी गांव में विलेज सेंगेल टावर सोनिया मरांडी के नेतृत्व में की गई। बैठक को संबोधित करते हुए आदिवासी सेंगेल अभियान के बोकारो जोनल संयोजक जयराम सोरेन ने कहा कि आदिवासी सेंगेल अभियान और इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में आगामी 8 नवंबर को झारखंड की राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में सरना धर्म कोड जनसभा आयोजित है। इसमें बिहार, बंगाल, असम, उड़ीसा, झारखंड, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश सहित नेपाल, भूटान और बंगला देश से भी आदिवासी शामिल होंगे। इसलिए आप लोग भी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर जनसभा को सफल बनाएं।



चूंकि हम अधिसंख्यक आदिवासी हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि नहीं है, हम प्रकृति पूजक है लेकिन अभी तक हमें धार्मिक मान्यता नहीं मिला है जो हमारे मौलिक अधिकार का मामला है। जिलाध्यक्ष सुखदेव मुर्मू ने कहा कि झारखंड में जेएमएम पार्टी और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 8 फरवरी 2023 को कुर्मी को आदिवासी बनाने का हस्ताक्षर समर्थन किया है। इसी तरह बंगाल से टीएमसी तथा उड़ीसा से बीजेडी ने समर्थन किया है, जिसका हम आदिवासी सेंगेल अभियान विरोध करते हैं। चूंकि कुर्मी जब आदिवासी बनेंगे तो हम असली आदिवासी संताल, हो, मुंडा, उरांव, बिरहोर, खड़िया, पहाड़िया आदि का नरसंहार तय है। बैठक में सेंगेल छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष कोमल किस्कू, कालीचरण किस्कू, कृष्णा किस्कू, विजय मरांडी, रामेश्वर हांसदा, मदन हांसदा, सुखराम हांसदा, टोरया हांसदा, आशा हांसदा, छवीबला हांसदा, शोभा हांसदा, शकुंतला हांसदा, अघनी हांसदा, आशा हांसदा, मीना हांसदा, फूलमुनी हांसदा, सोनिया हांसदा, आरती हांसदा, रुपा हांसदा, शर्मिला हांसदा, निमोती हांसदा, शांति सोरेन, नमिता सोरेन, पूजा सोरेन, साहेब राम सोरेन, काजल बेसरा, नुनीबला सोरेन, राजमती बेसरा आदि महिला पुरुष थे।


उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
(एन0आर0ई0पी0 शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
NIT NO – 04 वर्ष 2023–24 द्वितीय कॉल

1.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– कार्यालय अवधि में दिनांक 16.10.2023 अपराह्न 1.30 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.10.2023 को 1:30 बजे अपराह्न तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.10.2023 को 2:00 बजे अपराह्न में।
5.निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोहरदगा | तिगरा हास्पिटल से चराखरी तक 800 फीट पी0सी0सी0पथ निर्माण | 10,45,200.00 | 21000.00 | 2500.00 | (2) दो माह |
| 2 | लोहरदगा | फारूख अंसारी के घर से मकतब तक पी0सी0सी0पथ निर्माण | 10,99,600.00 | 22000.00 | 2500.00 | (2) दो माह |

1 ग्रामीण कार्य विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
2 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा

PR 308707 Lohardaga (23-24)_D

## शहर >> अपडेट

### आजसू नेता संतोष महतो के बयान पर घमासान

**बेरमो :** आजसू नेता संतोष महतो के द्वारा कारों शिव मंदिर के मूर्ति विसर्जन के एवज में बीएंडके जीएम द्वारा पैसा देने ,खिला-पिला कर धोती साड़ी बांटने वाले बयान पर घमासान मच गया है। कारों के वासिंदो ने गोलबंद होकर आजसू नेता संतोष महतो के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कारों के वासिंदो ने कहा कि संतोष महतो के द्वारा लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### गहदम झूमर प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी का हुआ भव्य आयोजन

**गिद्दी :** डाड़ी प्रखंड के कनकी पंचायत अंतर्गत जोगारी टोला होसिर में प्रत्येक वर्ष की भाँती इस वर्ष भी गहदम झूमर प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया.प्रतियोगिता में कुल 11टीमों ने शिरकत किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डाडी प्रखंड भाग दो की जिप सदस्य पिकु देवी, विशिष्ट अतिथि गौरव पटेल, राज कुमार महतो,कनकी पंचायत समिति सदस्य भाग दो गणेश महतो ने संयुक्त रूप से फीता काट कर और मांदर और ढोल बजाकर किया. इस दौरान प्रतियोगिता में शामिल टीम द्वारा एक से बढ़कर एक झूमर नृत्य प्रस्तुत कर मौजुद लोगो का मन मोह लिया। विजेताओ को विशिष्ट अतिथि गौरव पटेल द्वारा प्रथम-गणेश ग्रुप तिलैया, द्वितीय-सरना आदिवासी क्लब मिश्राइन मोढ़ा, तृतीय-उपकार युवा जागृति क्लब चान्हो को पुरस्कृत किया गया। मौके पर राजकुमार महतो ने कहा कि झूमर झारखंडी संस्कृति की पहचान है। इसको बनाए रखने के लिए इस तरह की प्रतियोगिता बेहद जरूरी है। ताकि झूमर झारखंडी संस्कृति बची रहे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### `निजी मद से रिंकी देवी का पार्थिव शरीर हवाई मार्ग से मुंबई से बेरमो मंगवाया

**बेरमो :** जरीडीह प्रखण्ड के टांड़ मोहनपुर पंचायत निवासी अमरदीप लहरी की पत्नी रिंकी देवी का पार्थिव शरीर बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के पहल पर मुंबई से उसके आवास जैनामोड़ लाया गया। रिंकी देवी कैंसर से पीड़ित थी। उसका इलाज मुंबई के कैंसर अस्पताल में चल रहा था। जहा इलाज के क्रम में ही उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की शव को मुंबई से बेरमो लाने में परिजन असमर्थ थे। इसकी सूचना बेरमो विधायक को मिली। विधायक ने बिना वक्त जाया करते इसे संज्ञान में लेकर पार्थिव शरीर को अपने निजी मद से हवाई मार्ग द्वारा मुंबई से रांची लाने का कार्य किया। उसके उपरांत एंबुलेंस से टांड़ मोहनपुर स्थित अमरदीप लहरी के आवास शव लाया गया। शव के घर पहुंचते ही संवेदना प्रकट करने के लिए लोगो का हुजूम जुट गया। सभी ने परिजन के प्रति संवेदना प्रकट की। परिजन सहित सभी ग्रामीणों ने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर बिनोद महतो, राजेश सिंह, आयुष माथुर, बलराम तिवारी, महेश शर्मा, भोला लहरी, जितेंद्र लहरी, चंदू लहरी आदि पहुंच कर संवेदना व्यक्त की।

### मंत्री बेबी देवी ने बिरनी में गार्डवाल का किया शिलान्यास

**बेरमो :** नावाडीह प्रखंड के बिरनी में डीएमएफटी मद से रमाकांत शर्मा के जमीन से पुरनी पोखर तालाब तक 330 फीट गार्डवाल निर्माण कार्य का मंत्री बेबी देवी ने 8 अक्टूबर को शिलान्यास किया। इस अवसर मंत्री बेबी देवी ने कहा कि उनके पति मंत्री जगरनाथ महतो के गुजर जाने के बाद राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार ने जब से मंत्री का दायित्व सौंपा है, तब से लेकर अभी तक डुमरी नावाडीह में विकास की रफ्तार धीमी होने नहीं दिया हूं।

हादसा › घटना सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना लोकल सेल की

# कोयला लदाई के क्रम में हृदय गति रुकने से मजदूर की मौत



▶▶ परिजनों ने मुआवजा की मांग को लेकर शव रख धरने पर बैठे

▶▶ काफी शाम तक समझौता वार्ता चलता रहा

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /जारंगडीह :** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना लोकल सेल में रविवार को लगभग चार बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ट्रक मे कोयला लोड करने के क्रम में एक लगभग 45 वर्षीय मजदूर खेतको गांव निवासी मो कलीम एकाएक वही गिर पड़ा। आनन फानन मे लोग उसे उठाकर सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों की माने तो उक्त व्यक्ति की मौत हृदय गति रुकने के कारण हुई है। इस घटना के बाद मृतक के परिजन शव को लेकर जारंगडीह परियोजना सेल आफिस के सामने पहुच गए और वही पर मुआवजा की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए और शव को भी उठाने से रोक दिया। जबकि मिली जानकारी के अनुसार जारंगडीह सेल के डिओ धारकों द्वारा मृतक के आश्रितों को 20 हजार देने पर सहमति जताई मगर परिजन लेने से साफ इंकार कर दिया।

इधर घटना की सूचना पाते ही बोकारो थर्मल थाना प्रभारी आनंद सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुच गए और मामले की जांच पड़ताल के साथ साथ पीड़ित परिवार व जमा आक्रोशित लोगो को शांत करवाने मे जुट गए। जबकि मृतक के परिजन तथा जमा ग्रामीण सीसीएल प्रबंधन से मुआवजे की मांग पर अड़े हुए थे। काफी शाम तक समझौता वार्ता चलता रहा। जिसमे मृतक के परिजनों के अलावे खेतको गांव के ग्रामीण तथा स्थानीय श्रमिक संगठन के नेता, सीसीएल प्रबंधन के जारंगडीह परियोजना के अधिकारी के अलावे लोकल सेल से जुड़े लोग उपस्थित थे। लंबी



चली वार्तो के बाद आखिरकार इस बात पर सहमति बनी की मृतक के आश्रितों को सीसीएल प्रबंधन द्वारा मुआवजा के रुप में 60 हजार तथा मृतक के पुत्र को परियोजना मे चल रहे आउटसोर्सिंग मे काम के अलावे जारंगडीह सेल कमेटी मृतक के आश्रितों को 5 लाख रुपये मुआवजा का भुगतान करेगी। जबकि सीसीएल जारंगडीह प्रबंधन के द्वारा मौके पर ही मृतक के आश्रितों को 20 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। इसके बाद ही ग्रामीण शव लेकर वहां से गांव के लिए चले गए।

### जेएसएलपीएस के माध्यम से समृद्धी दिवस कार्यक्रम मनाया गया



**बेरमो :** गोमिया प्रखण्ड पलीहारी पंचायत भवन में जेएसएलपीएस के माध्यम से समृद्धी दिवस कार्यक्रम सभी पंचायत के ग्रुप समुह की स्वरोजगार कर रही महिलाओं के लिए खरछढर के तरफ से महिलाओं द्वारा बनाये गये उत्पादन जैसे - चूडी ,मशरूम, कृषि बीज उपकरण,निमास्त्र खाद,अगरबत्ती, दिया,मुढी, चिप्स,चना भुंजा, नमकीन,रुई बाती, फेंसी शूटिंग ब्लाउज शूट इत्यादि का बिक्री स्टॉल लगवाया गया जिसमें सभी पंचायत की समुह की हुनरमंद महिला ओर केडर शामिल हुये खरछढर द्वारा चलाए गए इस कार्यक्रम को सफल बनाया ओर सभी महिलाओं को स्वरोजगार बढ़ाने की प्रेरणा दी।

### बेस्ट शिक्षिका का अवार्ड मिला अनिता कुमारी को



**बेरमो /कथारा :** नीति आयोग भारत सरकार के द्वारा एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम( शिक्षा एक संकल्प) सह सब की आकांक्षाएं एवं सबका विकास कार्यक्रम पूरे राष्ट्र के 2000 प्रखंडों में दिनांक 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक होना तय किया गया था। इसी कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता पेंटिंग प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता और बेस्ट शिक्षक का अवार्ड एवं बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड दिया जाना था।इस कार्यक्रम में बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड कक्षा अष्टम की पिंकी कुमारी को दिया गया।पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा पंचम की तानिया कुमारी और सुरभि कुमारी को दिया गया। बालिका शिक्षा नामक निबंध बालिका शिक्षा पर आधारित निबंध सह बात विवाद प्रतियोगिता में कक्षा अष्टम की छात्रा पिंकी कुमारी को सम्मानित किया गया।इस विशेष कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बांध पंचायत के मुखिया श्रीमती मुरली देवी, विशिष्ट अतिथि के रूप में बांध पंचायत के सरपंच देवचंद गोप उपस्थित थे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृज बिहारी साव, सहायक शिक्षक मनोज कुमार सिंह, राखी कुमारी, गणेश कुमार यादव, अनिता कुमारी ,ओम शंकर रजक, सीमा देवी, नैना देवी , कोली देवी, विद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू देवी, और कई गण मन में अभिभावक गण की उपस्थिति रही।

फुसरो में निशुल्क नर्सिंग और ड्रेसर कोर्स की ट्रेनिंग शुरू

## प्रशिक्षण लेने वाले को प्रति महीने पंद्रह सौ रुपए स्टाइपेंड मिलेगा: प्रवीण


राष्ट्रीय खबर



**बेरमो:** देश की बेरोजगारी की दर को घटाने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किया जाता है। जिसके लिए सरकार विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन करती है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री दक्ष योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण युवक और युवती को निशुल्क नर्सिंग और ड्रेसर कोर्स प्रदान किया जाएगा। उक्त बातें सोमवार को फुसरो बाटा गली स्थित ट्रेनिंग सेंटर कार्यालय मे बोकारो जिला के ब्रांच हेड प्रवीण कॉलरा ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। कहा कि 6 महीने मे आवेदक का अटेंडेंस 80% पूरा हो जाता है तो उसे प्रति महीने पंद्रह सौ रुपए स्टाइपेंड के तौर पर टोटल 9 हजार दिया जायेगा। इस योजना के माध्यम से देश में बढ़ रही बेरोजगारी को कम किया जा सकता है। इससे वह अपने परिवार का भरण पोषण आसानी से कर पाएंगे। एडमिशन शुरू है और सीट लिमिटेड है। इस योजना के एडमिशन लेने के लिए महत्वपूर्ण डाक्यूमेंट्स राशन कार्ड ,जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो-4, मोबाइल नंबर, मैट्रिक का मार्कशीट, वार्षिक आय सर्टिफिकेट, ओबीसी, एसी, एसटी सर्टिफिकेट, देनी है। उम्र 18 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। फुसरो बाजार में पहली बार निशुल्क टैनिग शुरू होने जा रही है। ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठाएं।

सीसीएल सुरक्षाकर्मियों ने चलाया छापामारी अभियान

## कोयला चोर साइकिल छोड़ कर भागे, सुरक्षाकर्मियों ने सभी साइकिलों को किया क्षतिग्रस्त



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /जारंगडीह :** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना मे जारंगडीह रेलवे साइडिंग और कांटा घर के समीप से कोयले की कितने बढ़े पैमाने पर चोरियां होती है यह बात जग जाहिर है। मगर इस पर रोक थाम का प्रयास भी स्थानीय पुलिस प्रशासन और सुरक्षाकर्मियों द्वारा छापामारी अभियान चला कर किया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को अहले सुबह जारंगडीह कांटा घर के समीप सीसीएल जारंगडीह सुरक्षा प्रभारी शंकर सिंह के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। हालांकि सुरक्षा बलों को देखते ही कोयला चोर अपनी साइकिले और टोकरियाँ छोड़ छोड़ कर भाग खड़े हुए। जिन जप्त दर्जनों साइकिलों



को सुरक्षा बल के जवानो ने क्षतिग्रस्त कर दिया। घंटो चले इस छापामारी अभियान में एक भी कोयला चोर नही पकड़ा जा सका। जबकि सुरक्षा प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि यह रुटीन छापामारी है। कहा कि इतने सख्ती के बाद भी कोयला चोरी रोकना काफी मुश्किल हो रहा है। कहा कि जल्द ही स्थानीय थाने की मदद लेकर बढ़े पैमाने पर छापामारी अभियान चलाने की रणनीति बनाई जा रही है। इसके बाद निश्चित रूप से कोयला चोरी पर बहुत हद तक अंकुश लग जायेगा।

परिजन व आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

## सड़क हादसा में बाइक सवार की हुई मौत




राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** दुग्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुग्दा बस्ती निवासी 40 वर्षीय निमाय साव की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक निमाय साव दुग्दा बस्ती से अपने ससुराल लौहापट्टी जा रहा था। उसी दौरान जमुनिया नदी पुल के पास महुदा थाना के ग्राम रक्षा दल के ठीक सामने संध्या लगभग सात बजे विपरीत दिशा से आ रही कोयला से लदा हाईवा ट्रक संख्या जे एच 10 ए टी 6328 ने ग्लैमर मोटरसाइकिल संख्या जे एच 0 9 ए के 45 71 से जा रहे निमाय साव को जोरदार टक्कर मारा। जिससे निमाय साव की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

लोगों ने बताया कि ट्रक का टायर निमाई साव की शरीर पर चढ़ा कर गुजर गया था। घटना के चालक मौके से फरार हो गया। यह घटना महुदा थाना क्षेत्र के जमुनिया नदी पुल के समीप ग्राम रक्षा दल के आंखों के सामने घटी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों एवं आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। आक्रोशित भीड़ को देख ग्राम रक्षा दल के सभी सदस्य वहां से फरार हो गए। वहीं परिजनों का कहना है कि जबतक उचित मुआवजा नहीं दिया जाएगा तब तक मृतक का शव नहीं उठाया जाएगा और न ही सड़क जाम टूटेगा। घटना की जानकारी मिलते ही जिप सदस्य संतोष पांडे, विधायक प्रतिनिधि संतन सिंह, दुग्दा पूर्वी मुखिया रीत लाल रजक, कांग्रेस नेता प्रभु दयाल सिंह, कमलेश दसौंधी, उप मुखिया विरेन्द्र गोप घटना स्थल पर पहुंच चुके थे।

## बेटा बना पिता का हत्यारा, मरने के बाद भी शव को लाठी से पीटता रहा कलयुगी बेटा



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बोकारो जिला के जरीडीह थाना क्षेत्र के अराजू गांव के चालमूंड़री में पिता-पुत्र के रिश्ते को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है, जहां शराब के नशे में धुत एक कलयुगी बेटे ने अपने बुजुर्ग पिता की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी. मामले में पुलिस ने आरोपी अर्जुन सिंह उर्फ गोलक को हिरासत में ले लिया है। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी चल रही है।अराजू के चालमुंड़री टोला निवासी अर्जुन सिंह उर्फ गोलक अपने पिता बुधन सिंह से शराब के लिए लगातार पैसों की मांग करता रहता था। पहले से ही नशे में धुत्त बेटे ने पिता से पैसे की मांग की और पैसे नहीं देने से गुस्साये बेटे ने लाठी उठाकर पिता की पिटाई शुरू कर दी। जिससे पिता बुधन सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी. वह इतना नशे में था कि पिता की मौत के बाद भी वह लाठी से उसे पीट ही रहा था।


**लोगों का फूटा गुस्सा, बनाया बंधक-**

पड़ोसियों ने घटना की सूचना के बाद कलयुगी बेटे के हाथ से लाठी छीनकर उसे बंधक बना लिया, इसी बीच ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। जन प्रतिनिधियों द्वारा घटना की सूचना जरीडीह थाना को दी गयी। थाना प्रभारी अमित कुमार तुरंत घटनास्थल पहुंचे और आरोपी बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चास भेजने की तैयारी है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

अपराध › अज्ञात अपराधियों ने बोला धावा, लोगों में दहशत व्याप्त, तरह तरह की हो रही चर्चा

## दो होमगार्ड व दो बिजली कर्मियों को बनाया बंधक

राष्ट्रीय खबर



**गिद्दी:** अरगड्डा प्रक्षेत्र के सिरका परियोजना कार्यालय में बीती रात्रि रविवार को अज्ञात 25 की संख्या में कथित नकाबपोश पारंपरिक हथियारो से लैश अपराधियों के दल ने अचानक धावा बोल दिया। बदमाशों ने कैश ऑफिस में तैनात होमगार्ड जवान प्रकाश बेदिया, होमगार्ड अखिलेश भारती, बिजली विभाग के मैकनिकल फिटर अनिल कुमार सिंह, मिस्त्री मनोज कुमार को गालीगलौज करते हुए कब्जे में बंदकर बंधक बना लिया। इससे कामगारो में दहशत व्याप्त है। बताया गया कि सिरका ऑफिस में रखे सीडीएस, कैश ऑफिस, सुरक्षा कार्यालय, सिविल ऑफिस, सर्वे ऑफिस, सीएमपीएफ, पेंशन कक्ष, ईएंडएम कमरा, पुराना वर्कशॉप आदि कक्षो के कुल 18 दरवाजों का ताला तोड़ा दिया गया। चर्चा है कि पेंशन ऑफिस से कंप्यूटर सीपीओ, मेडिकल खाता गायब हो गया है। बताया गया कि इस दौरान गमछे से हाथ पैर बांधकर बंधक बनाए गए सुरक्षा कर्मियों के पास बार बार गश्ती दल द्वारा फोन किया जा रहा था.लेकिन जवाब सही नहीं मिलने पर पेट्रोलिंग पार्टी सिरका ऑफिस पहुंची। तब तक बदमाशों का ग्रुप भागने में सफल हो गए थे। रामगढ़ पुलिस सोमवार को सुबह 7:30 बजे सिरका परियोजना कार्यालय पहुंची। वहीं सिरका प्रबंधन घटना का आकलन करने व कारवाई में जूटा हुआ है।

**सीबीआई की छापेमारी के बाद ऑफिस से रिकॉर्ड हो रहे हैं गायब, हो रही है चर्चा**

सूत्र बतलाते है कि बीती रात्रि रविवार अपराधियों का दल सिरका ऑफिस एसबीआई की ओर से छोटे गेट की दीवार फांदकर ऑफिस में घुसे थे। जो सीसीटीवी में कैद है। ऑफिस के कक्ष से केवल कंप्यूटर सीपीओ उपकरण, मेडिकल खाता ले जाना, कागजातों का छानबीन करना काफी चर्चा में है। जबकि बीते 4 अक्टूबर को सिरका बिल ऑफिस में सीबीआई/ एसीबी की छापेमारी में एक कलर्क संदीप कुमार के पकड़े जाने के बाद उक्त घटना संदेह पैदा करने वाली बात है।

ऑफिस से रिकॉर्ड गायब होने की जांच यदि ईमानदारी से हुई तो और कई खुलासे होने की संभावना है पूर्व में भी ऐसी घटनाएं सिरका परियोजना कार्यालय में दो दशक पहले हो चुकी है.जहां से एलटीसी घपला में कई बाबू और अधिकारी सीबीआई के शिकंजा में फंसकर जेल जा चुके हैं इतना ही नहीं इसे लेकर एकाउंट ऑफिस में आगजनी की घटना हो चुकी है।बहर हाल कर्मी और मजदूर प्रबंशन और पुलिस द्वारा ईमानदारी से जांच के इन्तजार में हैं।

## 39 वां जिउतिया फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन



राष्ट्रीय खबर

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** आजाद स्पोर्टिंग क्लब लइयो के तत्वावधान में रविवार को लुगू बाबा स्टेडियम लइयो में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था। प्रतियोगित के फाइनल मुकाबले में तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन (टीटीपीएस) ललपनिया ने माल्या इलेवन रांची को पेनल्टी शूटआउट में 3 -1 गोल से हराकर कप पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता समापन के मौके पर मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जेओसीपी पीओ बीके साहू, डॉ. कौशल कुमार सिंह, मुखिया गीता देवी, मुखिया रमेश राम, मुखिया राजेश रजवार, डालचंद महतो, दासो प्रसाद, बसंत महतो ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## संपादकीय

# मीडिया पर अघोषित आपातकाल की जरूरत क्यों

न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और अन्य के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर व्यापक आरोपों का एक अस्पष्ट मिश्रण है जो वास्तव में किसी भी अपराध का खुलासा नहीं करती है, आतंकवाद को तो छोड़ ही दें। किसी भी प्रकाशित सामग्री का हवाला दिए बिना, एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि अपराध देश की सुरक्षा को कमजोर करने की साजिश से लेकर 2019 के संसदीय चुनावों को बाधित करने, सरकार के खिलाफ असंतोष पैदा करने से लेकर आवश्यक सेवाओं को बाधित करने तक हैं। यह गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों और विभिन्न समूहों के बीच साजिश और दुश्मनी को बढ़ावा देने से संबंधित दंडात्मक प्रावधानों को लागू करता है। विशेष रूप से, इसमें किसी भी प्रत्यक्ष कृत्य का उल्लेख नहीं है जिसे गैरकानूनी गतिविधि या आतंकवादी कृत्य के रूप में वर्णित किया जा सके। एक सामान्य विवरण है कि सरकार के खिलाफ असंतोष पैदा करने, भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करने और इसकी एकता और सुरक्षा को खतरे में डालने के उद्देश्य से देश के प्रति शत्रु ताकतों द्वारा अवैध रूप से विदेशी धन भारत में लाया गया था। यह अरुणाचल प्रदेश और कश्मीर को भारत का हिस्सा नहीं दिखाने के लिए कथित ईमेल एक्सचेंजों पर आधारित एक साजिश को संदर्भित करता है, और 2020-21 के किसानों के आंदोलन को लंबा खींचने और इस तरह सेवाओं और अन्य आवश्यक आपूर्ति को





बाधित करने के लिए भी कदम उठाता है। कुल मिलाकर, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि पुलिस न्यूजक्लिक में अमेरिकी व्यवसायी नेविल रॉय सिंघम द्वारा भेजे गए धन को अपनी पत्रकारिता सामग्री के साथ जोड़ रही है ताकि यह मामला बनाया जा सके कि चीनी धन का उपयोग प्रचार, गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा देने और देश की सुरक्षा को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है। यूएपीए भी इस तरह के दुरुपयोग के लिए अनुकूल है क्योंकि इसकी व्यापक रूप से परिभाषित शर्तें लोगों को उनके कार्यों के साथ-साथ विचार अपराधों के लिए अपराधी बनाने में भी आसानी से मदद कर सकती हैं। यूएपीए का सहारा असंतुष्टों और नापसंद करने वालों की कैद को लंबा करने और व्यापक मीडिया बिरादरी को एक डरावना संदेश भेजने के लिए एक सामरिक सहायता भी है। सत्तारूढ़ भाजपा के लिए लोकसभा चुनावों से पहले चीनी साजिश के सिद्धांत को भुनाने की संभावित चुनावी संभावना भी है। एक संबंधित प्रश्न यह है कि क्या दो दूरसंचार कंपनियों द्वारा कथित तौर पर शेल कंपनियों का निर्माण एक असंबंधित एफआईआर में एक आकस्मिक उल्लेख से अधिक योग्य नहीं है और आतंक के वित्तपोषण के लिए इन माध्यमों की एक अलग जांच की आवश्यकता नहीं है। यह उल्लेख करते हुए कि इन कंपनियों की रक्षा के लिए कानूनी नेटवर्क बनाने में मदद करने वालों में एक वकील भी शामिल था, पुलिस कानूनी सेवाओं को अपराध बनाने पर विचार कर रही है। यह मामला एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति को दर्शाता हैः वर्तमान शासन की आतंकवाद विरोधी कानूनों का दुरुपयोग करने और व्यक्तिगत और मीडिया अधिकारों को कमजोर करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा भावना का आह्वान करने की प्रवृत्ति है। यहां तक कि ऐसी सरकार के लिए भी जिसने खुद को आलोचनात्मक पत्रकारिता के प्रति असहिष्णु दिखाया है, समाचार वेबसाइट न्यूजक्लिक पर भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले शासन की कार्रवाई अत्यधिक प्रतिशोध और निर्लज्ज उत्पीड़न की तरह है। सरकार ने, अब तक, इस बारे में कोई विशेष आरोप नहीं बताया है कि साइट के प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और एक अन्य व्यक्ति की गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के कठोर प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी क्यों हुई। फिर भी, पत्रकारों, योगदानकर्ताओं और इससे जुड़े कर्मचारियों पर छापे मारे गए हैं, उनके कई मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए गए हैं। वेबसाइट के खिलाफ ये कार्रवाइयां नई नहीं हैं - यह इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जब्ती के साथ 2021 से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग की जांच के अधीन है, लेकिन इसके खिलाफ कभी कोई आरोप पत्र दायर नहीं किया गया था। इसके आधार द न्यूयॉर्क टाइम्स का एक लेख है जिसमें न्यूजक्लिक में एक निवेशक के इरादों पर सवाल उठाया गया था और चीनी सरकार के साथ उसकी निकटता का आरोप लगाया गया था, लेकिन इसने साइट पर किसी भी विशिष्ट लेख की ओर इशारा नहीं किया था। सरकारी प्रतिनिधि सबसे पहले इस लेख के आधार पर साइट के खिलाफ एक व्यवस्थित निंदा और दुष्प्रचार अभियान में लगे। श्री पुरकायस्थ को 1975 में आपातकाल के दौरान कठोर आंतरिक सुरक्षा रखरखाव अधिनियम के तहत मनगढ़ंत आरोपों पर गिरफ्तार कर जेल में रखा गया था, जब वह जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्र-कार्यकर्ता थे। आज इतिहास खुद को दोहराता दिख रहा है, लेकिन घोषित आपातकाल की भनक तक नहीं। इतना साफ है कि मोदी सरकार द्वारा पोषित मीडिया का सामाजिक असर खत्म होने की वजह से ही अब वैकल्पिक मीडिया में विरोधियों को निशाना बनाया जा रहा है।

# जातिगत जनगणना के होंगे दूरगामी फायदे या नुकसान ?



तमाम उठा-पटक व खींचातानी के बाद आखिरकार बिहार में जातिगत जनगणना का कार्य संपन्न हो गया। जिसका रिपोर्ट बिहार सरकार द्वारा बीते हफ्ते सार्वजनिक किया गया। भारत जैसे देश में जहां प्रत्येक जिला व राज्यों में काफी विविधता नजर आती है। सैकड़ों जातियां होने के बाद भी अखंडता व अनेकता में एकता की बात कही जाती है। उसके एक राज्य में सभी धर्मों में मौजूद जातियों की गणना कराई गई। जिसके पीछे समाज के मुख्य धारा से पिछड़े जातियों के उत्थान व विकास की बात कही गई। बिहार के बाद कई अन्य राज्यों में भी अब जातिगत जनगणना की आवाज उठाई जा रही है। जिसमें कांग्रेस सहित कई पार्टियों जातिगत जनगणना के पक्ष में है। कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत ने भी राज्य में जातिगत जनगणना कराने की बात कही है। केंद्र की सत्ता में सबसे अधिक दिनों तक शासन करने वाली कांग्रेस ने खुद एक भी ओबीसी या दलित प्रधानमंत्री देश को नहीं दिया है। आजादी के बाद से अभी तक 15 प्रधानमंत्री देश को मिले हैं। जिसमें चौधरी चरण सिंह, एचडी देवगौड़ा व नरेंद्र मोदी ओबीसी समुदाय से आते हैं और ये तीनों गैर कांग्रेसी हैं। जातिगत जनगणना करने वाले राज्य बिहार की बात करें तो भोला पासवान शास्त्री बिहार के पहले (1968) दलित मुख्यमंत्री थे जिन्होंने तीन बार मुख्यमंत्री की शपथ ली। उनके बाद एक और दलित रामसुंदर दास ने 1979 में मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर बिहार की सत्ता की कमान संभाली।



**शिवा तिवारी**
**पत्रकार**

फिर उनके बाद कोई दलित मुख्यमंत्री बना तो वो जीतन राम मांझी थे। जिन्हें नितीश कुमार ने मुख्यमंत्री तो बनाया मगर अधिक कुछ करने का अवसर नहीं मिला और वे अल्पकाल में ही हटा दिए गए। 90 के दशक से सामाजिक न्याय के नाम पर ओबीसी नेताओं के हाथ में ही सत्ता रही है। लालू यादव व उनकी पत्नी राबड़ी देवी ने करीब 15 वर्षों तक राज किया उनके बाद से मौजूदा समय तक नीतीश कुमार सत्ता पर काबिज हैं। इस तरह से देखा जाए तो बिहार में लगभग 34 वर्षों से लगातार ओबीसी मुख्यमंत्री रहे हैं।

इतने वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद भी ओबीसी व दलित पिछड़े हुए हैं। यह बात वे स्वयं बार-बार दोहराते रहते हैं। जबकि सच्चाई है कि केवल दलित व ओबीसी ही नहीं सही मायने में देखा जाए तो पूरा बिहार पिछड़ा हुआ है। और उसका मुख्य कारण जातिगत समीकरण में वोटरों को उलझाकर विकास से दूर रखना है। जाति की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल जातिगत जनगणना के बाद कितनों का भला करेंगे यह तो आने वाला समय बताएगा। मगर यह तो स्पष्ट हो गया है कि हिंदुओं में जातिगत खाई की बीज बोई जा चुकी है। जो आने वाले समय में विकराल पेड़ बन सकता है।

बताया जा रहा है कि जातिगत जनगणना दलित व ओबीसी के विकास के लिए जरूरी था। इसमें संदेह है कहीं यह सत्ता में बने रहने या पाने का नया प्रयोग या फामूर्ला तो नहीं। जनगणना रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद राजद सुप्रीमो का पहला बयान आया कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी। इसकी शुरूआत उन्हें खुद की पार्टी से क्यों नहीं करनी चाहिए। जहां तक कम या अधिक आबादी की बात है तो जिन्होंने सरकार के हम दो हमारे दो फॉमूर्ले को अपनाया तथा जनसंख्या नियंत्रण जैसे सरकारी योजनाओं पर विश्वास कर उनका अनुसरण किया। वे लोग इस तरह के बयानों के बाद खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। जबकि परिवार नियोजन व हम दो हमारे दो के जनसंख्या नियंत्रण के सरकारी अपील को नजर अंदाज कर लगातार जनसंख्या बढ़ाने में सहयोगात्मक भूमिका निभाने वाले लोग अपने फैसले पर अपनी पीठ थपथपा सकते हैं।

1970 के दशक में, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बेतहाशा बढती जनसंख्या व अंतरराष्ट्रीय दबाव में आकर परिवार नियोजन के लिये हम दो हमारे दो के फॉमूर्ले को अमल में लाने के लिए कदम उठाया। इस दौरान जबरन नसबंदी कार्यक्रम चलाया गया,जिसका उस वक्त खुब विरोध हुआ था। एक आंकड़े के अनुसार करीब 60 लाख लोगों को उनके इच्छा के विरुद्ध पकडकर नसबंदी किया गया था। बिहार में जातिगत जनगणना के रिपोर्ट सार्वजनिक किए जा चुके हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इन आंकड़ों के इस्तेमाल चुनाव के लिए करती है या फिर उनके विकास व भागीदारी पर भी कदम उठाती है।

# मेरा उपदेश

### प्रेरक प्रसंग



एक व्यक्ति किसी महात्मा के पास गया और उस महात्मा से उपदेश देने की प्राथना की।

महात्मा बोले, ह्लमेरा उपदेश यह है की आज के बाद किसी से उपदेश मत मांगना।

महात्मा की इस बात को सुन कर वह व्यक्ति उलझन में पड गया, सोंच में पड गया की महात्मा ने एसा क्यों कहा होगा।

उसे इस असमंजस में पड़े देख महात्मा बोले -की हे व्यक्ति तुम बताओं की, सच बोलना अच्छा है या बुरा है।

व्यक्ति बोला कि -महात्मन, सच बोलना तो अच्छा बात है।

महात्मा -चोरी करना ठीक है या गलत।

व्यक्ति -चोरी तो पाप है महाराज, यह तो गलत बात है।

महात्मा -समय का सदुपयोग करना चाहिए या दुरपयोग करना चाहिए।

व्यक्ति -महाराज, समय बहुत कीमती है, इसका सदुयोग करना चाहिए अच्छे कामों में लगाना चाहिए।

महात्मा -व्यक्ति बताओं कि दुसरो की इज्जत करनी चाहिए या नहीं करनी चाहिए।


व्यक्ति -दूसरों की इज्जत जरुरी है महराज, तभी तो खुद को इज्जत मिलेगा इसलिए दूसरों को इज्जत अवश्य करनी चाहिए। अंत में महात्मा ने उस व्यक्ति से कहा कि तुम सब कुछ तो जानते हो फीर और कौन सा उपदेश चाहिए तुम्हे। जब तुम्हे अच्छाइयों का ज्ञान है तो इसका पालन करों, इसे जीवन में उतारो, इन पर अम्ल करो तभी तो उपदेश का महत्व होगा।

तभी तो कल्याण होगा, केवल उपदेश सुनने से मात्र कल्याण नहीं होने वाला।

दोस्तों कहानी, लेख का तात्पर्य यह है की केवल उपदेश सुनने से कुछ होने वाला नहीं है, उसे जीवन में उतारना बहुत जरुरी है। हम सब चीजे जानते है, सहीं गलत का फर्क पहचानते है फीर भी जीवन भर उलझे रहते है। और तो और इतना समझ होने के बाद भी हमे पल-पल उपदेश का चाहिए होता है, जबकि सारा गुण हमारे अंदर हैं।

(विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस विशेष - 10 अक्टूबर २०२३)

# हम इतने व्यस्त हैं कि हमारे पास समय ही नहीं



**डॉ. प्रितम भीमराव गेडाम**
**स्तंभकार**

आजकल हम अक्सर सुनते हैं कि 'हम बहुत व्यस्त रहते है, हमारे पास समय कहा', ऐसा कथन लोगों के जुबान पर बना रहता है और सोशल मीडिया पर कीमती समय बर्बाद करके खूब ओतप्रोत स्नेह दशार्ते है, परन्तु प्रत्यक्ष मिलने के लिए समय नहीं होता। आधुनिकता और दिखावे के चक्कर में हम अपनी संस्कृति, परंपरा, घर-परिवार, रिश्ते-नातों, अपनों से काफी दूर निकल गए है। बाहरी सुख के मृगतृष्णा में हम अपनी आत्मीय खुशियों की होली खुद ही जला आये है। सुंदर, सरल और संतुष्ट जीवन की ओर देखने का नजरिया अब बिल्कुल बदल गया है। लोग धन देखकर अब आदरभाव दिखाते हैं। लोगों की खुशी में खुश होने वाले लोग अब ईर्ष्या से जलने लगे है और कभी मासूम-सी मुस्कान रहने वाले चेहरों पर झूठी हंसी रहने लगी है। सच और अच्छाई की जगह अब झूठ और बुराई तुरंत वायरल होते हैं और ऐसे ही अफवाहों का बाजार निरंतर गर्म रहता है। मनोरंजन की दुनिया में अश्लीलता को सभ्यता का आचरण मानकर प्रोत्साहन दिया जा रहा और दूसरी तरफ सदाचार, ज्ञान को उबाऊ मानकर अवहेलना की जा रही है। गांवों से ज्यादा साधन सुविधा सम्पन्न शहरी लोग होकर भी ज्यादा बीमारियां लेकर घूमते हैं। शरीर को बीमार कर अस्पतालों में बड़े-बड़े बिल भरेंगे लेकिन अपनों से दिल मिलाने का समय नहीं हैं। हमने जो नहीं करना चाहिए बस वही कर रहे हैं इसीलिए स्वास्थ्य तेजी से बिगड़ रहा है।

> **शरीर को बीमार कर अस्पतालों में बड़े-बड़े बिल भरेंगे लेकिन अपनों से दिल मिलाने का समय नहीं हैं। हमने जो नहीं करना चाहिए बस वही कर रहे हैं ।**

विश्वभर में तेजी से बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 10 अक्टूबर को 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। वर्ल्ड फाउंडेशन ऑफ मेंटल हेल्थ द्वारा निर्धारित इस वर्ष 2023 की थीम ₹मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार₹ यह है। मानसिक स्वास्थ्य बुनियादी मानव अधिकार अंतर्गत हर किसी को, चाहे वह कोई भी हो और जहां भी हो, मानसिक स्वास्थ्य के उच्चतम प्राप्य मानक का अधिकार है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों से सुरक्षित रहने का अधिकार, उपलब्धता, सुलभता, स्वीकार्यता, अच्छी गुणवत्ता वाली देखभाल का पूर्ण अधिकार, स्वतंत्रता और समाज में शामिल होने का अधिकार है। वैश्विक स्तर पर आठ में से एक व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के साथ जी रहा है, किशोरों और युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य समस्या तेजी से प्रभावित कर रही हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले लोग व्यापक स्तर पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का सामना कर रहे है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, अवसाद एक सामान्य मानसिक विकार है। विश्व के लगभग 7 में से 1 किशोर को मानसिक विकार है। हर साल 700,000 से अधिक लोग आत्महत्या से मर जाते हैं। गंभीर मानसिक विकार वाले लोग सामान्य आबादी की तुलना में 10 से 20 साल पहले मर जाते हैं। कम आय वाले देशों में प्रति एक लाख आबादी पर एक से भी कम मानसिक स्वास्थ्य कर्मचारी हैं, जबकि उच्च आय वाले देशों में 60 से अधिक हैं। अवसाद और चिंता के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रति वर्ष उत्पादकता में लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। कोरोना महामारी के पहले वर्ष में दुनिया भर में चिंता और उदासी की व्यापकता में 25% की वृद्धि हुई थी। भारत को ₹सबसे अवसादग्रस्त देशों में से एक₹ कहा गया है, देश में आत्महत्या की ग्रोथ भी अधिक है। साल 2022 में कुल वित्तीय स्वास्थ्य बजट में से केवल 0.8% मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया गया था।

## जानकारी

# जंतर मंतर वेधशाला



इनमें से सम्राट यंत्र (सुप्रीम उपकरण) एक विषुवीय डायल है जिसमें पृथ्वी के अक्ष के समानान्तर कर्ण सहित त्रिकोणीय शंकु बने हैं और शंकु के दोनों पार्श्वों पर वृत्तपाद बने हुए हैं जो विषुवत रेखा के समानांतर हैं। इसके दक्षिण में जयप्रकाश में दो नतोदर अर्धगोल संरचनाएं हैं जिनसे सूर्य और अन्य खगोलीय पिन्डों की स्थिति का पता लगाया जाता है।

जय प्रकाश के दक्षिण में दो गोलाकार भवन हैं जिनके मध्य में एक स्तंभ है जो राम यंत्र है और जिसकी दीवारें और तल क्षैतिजाकार और ऊर्ध्वाधर कोणों के पाठ्यांक के लिए अंशांकित हैं। इसके उत्तर-पश्चिम में मिश्रयंत्र (मिश्रित उपकरण) है जिसमें एक यंत्र में चार यंत्र जुड़े हुए हैं और इसी पर इसका नाम रखा गया है। ये नियत चक्र हैं जो चार स्थानों- दो यूरोप में और एक-एक जापान और प्रशांत महासागर में दक्षिणात्य को दशार्ते हैं, आधे पर विषुवीय डायल है। एक दक्षिणोत्तर-भित्ति-यंत्र है जिसका इस्तेमाल दक्षिणात्य की ऊंचाई ज्ञात करने के लिए किया जाता है और एक कर्क राशि-वलय है जो कर्क राशि में सूर्य के प्रवेश को दशार्ता है। इन उपकरणों के पूर्व में भैरव का एक छोटा सा मंदिर भी है जो महाराजा जयसिंह द्वारा बनवाया गया लगता है।

स्मारक सूर्योदय से सूर्यास्त तक खुला रहता है।

# Flipkart Big Billion Days 2023 sale LIVE

## साइबर दुनिया



**नई दिल्ली: Oppo Pad Air टैबलेट हुआ सस्ता, मिल रही छूट**

Flipkart sale 2023 में Oppo Pad Air के 4 जीबी रैम और 128 जीबी वेरिएंट को 13,499 रुपये में खरीदा जा सकता है। बैंक कार्ड ऑफर्स को भी इसमें जोड़ दिया जाए, तो कीमत 1500 रुपये तक और कम हो सकती है। Infinix का लैपटॉप 25 हजार से सस्ता

Flipkart सेल 2023 में Infinix INBook Y1 Plus Intel Core i3 10th Gen लैपटॉप को 23,990 में लिया जा सकता है। इसमें बैंक ऑफर्स को भी शामिल कर दिया जाए, तो कीमत करीब 1500 रुपये तक कमी हो सकती है। 15.6 इंच डिस्प्ले वाले इस लैपटॉप में 8जीबी रैम दी गई है।

**Samsung का सबसे सस्ता 5G फोन, जानें कीमत**

Flipkart sale 2023 में दावा किया जा रहा है कि SAMSUNG Galaxy F14 5G स्मार्टफोन को 9990 रुपये में लिया जा सकता है, जोकि सैमसंग की तरफ से सबसे सस्ता 5जी फोन है। इसमें 6.6 इंच का फुल एचडी प्लस डिस्? प्?ले और 6000अँ बैटरी जैसी खूबियां हैं।

**POCO C55 मिल रहा Rs 6999 में**

Flipkart sale 2023 में POCO C55 के 4 जीबी रैम और 64 जीबी स्टोरेज वेरिएंट को 6999 रुपये में खरीदा जा सकता है। फोन में 5 हजार एमएएच की बैटरी, 50 मेगापिक्सल का डुअल कैमरा प्रमुख खूबियां हैं। मीडियाटेक का हीलियो जी85 प्रोसेसर इसमें लगाया गया है।

**Apple iPad 9th gen की सबसे कम कीमत!**

Flipkart sale 2023 में दावा किया जा रहा है कि Apple iPad 9th gen को अबतक की सबसे कम कीमत में लिया जा सकता है जोकि 19999 रुपये है। 10.2 इंच स्क्रीन वाले इस आईपैड में 64 जीबी स्टोरेज मिलता है।

## टॉप ट्वीट



"तीनों राज्यों में हमारी पार्टी की तैयारी पूरी है। हम राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की उम्मीदवारों की लिस्ट जल्द ही आने वाली है।"

**अरविंद केजरीवाल**
**दिल्ली के मुख्यमंत्री**



"09 दिन के उपवास के साथ मां के नौ रूपों की पूजा की जाती है जिसमें संगीत के जरिए हम नवदुर्गा की स्तुति भी करते हैं हमारा यह गाना देवी दुर्गा के भक्तों को समर्पित है। अरविंद अकेला कल्लू का गाना माटी के माई कल्लू म्यूजिक वर्ल्ड के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है।"

**अरविंद अकेला कल्लू**
**भोजपुरी अभिनेता-गायक**

## संपादक के नाम पत्र

# सेवा के गलियारे में स्वार्थ के स्तंभ

प्राणिमात्र के प्रति कल्याण की भावना से तीर्थकर प्रकृति का बंध होता है। इसमें भी दयाभाव का स्थान महत्त्वपूर्ण है।मन में जब दया का भाव होगा, तभी सेवा का अंकुर प्रस्फुटित हो सकेगा। ₹इस संसार में दयालु पुरुष सबकी सेवा करने की भावना रखते हैं। इसी भाव के कारण कोई धन से तो कोई श्रम से सेवा करता है। आजकल शहरों में अनेक सामाजिक संस्थाएँ बनी हुई हैं। उनका मूल उद्देश्य समाज की सेवा ही है। कुछ अपने धन से धर्मशालाएँ, विद्यालय, चिकित्सालय, अनाथाश्रम, वृद्धाश्रम आदि का निर्माण कराते हैं तो कुछ तन-मन से निर्धनों का सहयोग करते हैं। कुछ दयालु स्वयं एक समय भोजन करके अपना भोजन जिन्हें आवश्यकता होती है, उन्हें देकर सेवाधर्म का निर्वाह करते हैं। रोगियों के बीच पहुँचकर उन्हें यथासम्भव सहयोग देते हैं। उनकी दवा की व्यवस्था करते हैं। उनको राहत मिले यही उनकी भावना रहती है। जो अपने समान ही संसार के अन्य प्राणियों से प्रेम करता है, वही सेवा-भावना की ओर अपने कदम बढ़ा पाता है। वैदिक परम्परा के अनुसार कहा भी गया है-अर्थात सभी की आत्मा को एक मानकर उनके सुख को अपना सुख और उनके दु:ख को अपना दु:ख समझें। जो मनुष्य इस प्रकार के भाव हृदय में धारण कर लोक-सेवा में तत्पर हो जाता है, अखिल विश्व का पालन करने वाले प्रभु भी संसार में उसका उसी प्रकार पोषण करता है। वास्तव में जिसके हृदय में मानवता एवं प्रत्येक जीवात्मा से प्रेम का भाव होता है, वही सेवा एवं सहयोग का मार्ग चुनकर चलता है। ओर पीडा भी होती है। धर्म का नहीं अपितु सच्चा धर्म तो सेवा में ही है। उन्हें देखकर लगा कि जो परिग्रह रहे. वे वह गये और जिन्होंने परिग्रह को त्यागकर ऊंचाई का सहारा लिया वे बच गये।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### सांप काटने से एक युवक की मौत

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना क्षेत्र के गोंदलपूरा गांव निवासी पुखन महतो के 33 वर्षीय पुत्र नवीन कुमार 3 अक्टूबर को 12:00 बजे दिन को कदम टोला स्थित मिर्ची के खेत में काम करने जा रहा था इसी बीच कदम टोला नाली के पास सियार चंदा सांप काट लिया। इलाज हेतु हजारीबाग आरोग्यं अस्पताल में भारती कराया गया जहां 5 दिनों तक इलाज होने के बावजूद जब स्थिति नहीं सुधरी तो रिम्स रेफर कर दिया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### अच्छे कार्य करने वाली सेविका व कर्मी सम्मानित

**जयनगर :** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आकांक्षी प्रखंड के निमित्त संकल्प सप्ताह के समापन कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख अंजू देवी, निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुणा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, उप प्रमुख राज नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। न्यू वर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुणा कुमारी ने बताई कि नीति आयोग भारत सरकार के द्वारा पूरे भारत में पांच सौ आकांक्षी प्रखंड का चयन किया है। बीडीओ ने कहा कि जिस तरह से जयनगर प्रखंड के सभी विभाग एवं जन प्रतिनिधियों के सहयोग से कार्य किया जा रहा है, हमारी शुभकामनाएं हैं कि जयनगर प्रखंड पूरे भारत में नंबर वन बने। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत अच्छे कार्य करने वाले सेविका व कर्मी को सम्मानित किया गया। मौके पर 20 सुत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, मिसवा उद्दीन, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव, मुखिया इरफान अंसारी, राजकुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य अशोक सिंह, इरशाद आलम, सुरेश यादव, राजेंद्र दास सहित कई प्रखंड एवं अंचल कर्मी जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बड़कागांव प्रखंड में अवैध संचालित अल्ट्रासाउंड दर्जनों चल रही है बिना डॉक्टर का

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड अधिकारियों की सुस्ती की वजह से बड़कागांव प्रखंड में खुलेआम अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं। प्रखंड में लगाभग दर्जन भर अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हो रहे हैं। इन सभी में से कोई भी अल्ट्रासाउंड पंजीकृत नहीं हुआ है और ना ही अल्ट्रासाउंड चलाने वाले प्रशिक्षित डॉक्टर डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है ।लेकिन फिर भी स्वास्थ्य महकमा के अधिकारियों की मिलीभगत से यह सारे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर सिर्फ और सिर्फ एक मोटी रकम कमाने के लिए झोलाछाप डॉक्टरों के सहारे ऑपरेट किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि इन सभी फर्जी सेंट्रो के खिलाफ शिकायत नहीं की गई है शिकायत तो होती है परंतु उसके बाद कार्रवाई के नाम पर सिर्फ और सिर्फ कागजी घोड़े दौरे जाते हैं। बस दिखावे के लिए एक दो सेंट्रो में जांच पड़ताल की जाती है। और एक-दो दिन के लिए यह सेंटर बंद होती है इसके तुरंत बाद फिर से यह सेंटर अपने मनमाने ढंग से शुरू कर दिया जाता है खास बात यह है कि इन तारों में प्रशिक्षित डॉक्टर नहीं होने के कारण कई बार मरीज के रिपोर्ट भी गलत दे दिए जाते हैं। और इसके बाद ग्रामीण व परिजनों के द्वारा हंगामा होता है ऐसे में मरीज से मनमानी ढंग से पैसे वसूले जाते हैं यानी यह सभी अवैध अल्ट्रासाउंड जो सिर्फ और सिर्फ बड़कागांव प्रखंड के लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और अपनी जेब गर्म कर रहे हैं।वही सूत्रों की माने तो अल्ट्रासाउंड के संचालकों के द्वारा प्रखंड से लेकर जिला तक के स्वास्थ्य अधिकारियों को महीना में एक मोटी रकम नजराना के तौर पर पेश किया जाता है तब जाकर उनकी अवैध धंधा संचालित होते हैं।

**समीक्षा** प्रमंडलीय आयुक्त ने भूमि हस्तांतरण से संबंधित मामलों की समीक्षा

# हस्तांतरण की खामियों को दूर करने का निर्देश

- पिरगुल-कसमार पथ के दो लेन पेव्ड सोल्डर में चौड़ीकरण एवं मजबूती
- कोयला खनन परियोजना सहित लीज बंदोबस्ती पर की गई चर्चा

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** हजारीबाग प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के तत्वाधान में कोयला खनन एवं अन्य सरकारी परियोजनाओं के भूमि स्थानांतरण से संबंधित आहूत समीक्षात्मक बैठक आज सोमवार को आयुक्त महोदया के कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। प्रमंडलीय स्तरीय प्रस्तावित बैठक की अध्यक्षता आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा के द्वारा की गई। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आने वाले जिले के उपायुक्त हजारीबाग श्रीमती नैंसी सहाय, उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार, उपायुक्त धनबाद श्री वरुण रंजन एवं उपायुक्त गिरिडीह श्री नमन प्रियेश लकड़ा शामिल हुए। बैठक में आयुक्त के द्वारा प्रमंडल स्तर पर चलने वाले सरकारी परियोजनाओं की भूमि हस्तांतरण व लीज बंदोबस्ती से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें हजारीबाग में चल रहे बादाम कोयला खनन परियोजना की लीज बंदोबस्ती, पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना के लीज बंदोबस्ती एवं गोंदलपूरा कोयला खान क्षेत्र हेतू अडानी एंटरप्राइजेज के लीज बंदोबस्ती से संबंधित अभिलेखों में प्राप्त त्रुटि का निराकरण कर अद्यतन रिपोर्ट की मांग आयुक्त के द्वारा की गई। बैठक के दौरान आयुक्त ने उपस्थित उपायुक्तों को पीएमजी पोर्टल पर वर्तमान रिपोर्ट अद्यतन करने के निर्देश दिए। वही उपायुक्त रामगढ़ को बरलंगा नेमरा पिरगुल-कसमार पथ के दो लेन पेव्ड सोल्डर में चौड़ीकरण एवं मजबूती करण या पुनर्निर्माण हेतू अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने को कहा गया।

आयुक्त ने धनबाद जिला अंतर्गत चलने वाले ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के लीज बंदोबस्ती एवं डीएफसीसीआईएल के स्थाई भूमि हस्तांतरण संबंधित प्राप्त अभिलेखों में पाई गई त्रुटि की निराकृत रिपोर्ट भेजने हेतू उपायुक्त धनबाद को आदेश दिया गया। साथ ही गिरिडीह जिला अंतर्गत डीएफसीसीआईएल विशेष रेल लाइन निर्माण हेतू खास गैरमजरूआ भूमि को डीएफसीसीआईएल के पक्ष में भूमि हस्तांतरण संबंधित प्राप्त अभिलेखों में पाई गई त्रुटि की निराकृत रिपोर्ट भेजने हेतू उपायुक्त गिरिडीह को आदेशित किया गया। आयुक्त महोदया द्वारा सभी उपायुक्तों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि कॉल ब्लॉक एवं अन्य सरकारी परियोजनाओं के लिए भूमि हस्तांतरण से संबंधित सभी मामलों में शीघ्र कार्रवाई किया जाए। बैठक में आयुक्त के सचिव रविराज शर्मा, अपर समाहर्ता हजारीबाग, अपर समाहर्ता गिरिडीह एवं डीएलएओ कोडरमा उपस्थित रहे।

## अग्रवाल युवा मंच ने लगाया रक्तदान शिविर



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग अग्रवाल युवा मंच विगत कई वर्षों से रक्तदान शिविर लगाकर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों को रक्त उपलब्ध करा कर समाज सेवा करती आ रही है। अग्रसेन जयंती के अवसर पर चल रहे कार्यक्रमों में सोमवार को अग्रवाल युवा मंच द्वारा अग्रसेन भवन में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का उद्घाटन मारवाड़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, त्रिलोक मुनका, नीरज अग्रवाल अग्रवाल, सुमन रामराइका, कुशल ,पवन खेतान ,अभिषेक अग्रवाल, अभिषेक मुनका, पंकज मुनका, अभिनव चौधरी, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। शिविर का शुभारंभ रवि रामराइका, एवं संदीप अग्रवाल ने रक्तदान करके किया, तत्पश्चात हर्ष गोयल, तांसू अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, शुभम रामरायका,पूजा जैन, सावन, प्रमोद खंडेलवाल, अग्रवाल, यश सिन्हा आदि 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर के मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा समस्त रक्तदाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत धनयवाद किया साथ ही आयोजकों एवं रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में

## लाइफ इंश्योरेंस क्लेम सेटलमेंट सूची में शीर्ष पर है

राष्ट्रीय खबर

**धनबाद:** धनबाद, हर व्यक्ति के लिए उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना महत्वपूर्ण विषय है और इसलिए, एक बेहतर जीवन बीमा कंपनी का चयन करने में सबसे प्रमुख कारकों में से एक उसके क्लेम सेटलमेंट अनुपात के मूल्यांकन को माना जाता है। यह अनुपात आपको कुल क्लेम्स की तुलना में कंपनी द्वारा भुगतान किए गए इंश्योरेंस क्लेम्स के प्रतिशत से अवगत कराता है।

इस संख्या को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जो कि क्लेम्स का भुगतान करने में कंपनी की विश्वसनीयता को प्रदर्शित करती है। वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों के नवीनतम क्लेम सेटलमेंट के अनुपात पर एक नजर डालते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का सेटलमेंट अनुपात 97.90 प्रतिशत हैं, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का 96.70 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का 95.80 प्रतिशत, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस का 93.50 प्रतिशत, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस का 86.30 प्रतिशत, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस का 77.30 प्रतिशत हैं। क्लेम सेटलमेंट अनुपात की गणना पब्लिक डिसक्लोजर्स से की गई है, जो संबंधित कंपनियों की वेबसाइट्स पर उपलब्ध हैउपरोक्त टेबल यह स्पष्ट करती है कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस 97.9 प्रतिशत के सेटलमेंट अनुपात के साथ शीर्ष पर है, जो न सिर्फ प्राप्त क्लेम्स को बेहतरी से सेटल करती है, बल्कि सर्वोत्तम ग्राहक सेवा भी प्रदान करती है।

ग्राहक अपनी मेहनत की कमाई के विषय में कंपनी पर भरोसा करते हैं और कंपनी के आँकड़ें भी यही साबित करते हैं कि वे ग्राहकों और उनके परिवारों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए दृढ़ हैं।कंपनी की क्लेम फॉर श्योर पहल सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बाद सभी पात्र डेथ क्लेम्स को एक दिन में सेटल करना सुनिश्चित करती है। ह्यक्लेम फॉर श्योर एक सेवा पहल है, जिसके माध्यम से कंपनी का लक्ष्य परिवार के किसी सदस्य विशेष के खोने की वजह से परिवार पर आने वाले वित्तीय संकट को कम करना है।

## कांग्रेस पार्टी हमेशा कार्यकताओं को देती है सम्मान : शैलेंद्र



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग झारखंड राज्य की राजधानी रांची में प्रदेश युवा कांग्रेस एवम कांग्रेस का छात्र संगठन एनएसयूआई के तत्वावधान में झारखंड के प्रदेश प्रभारी श्री अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर के निर्देश पर कांग्रेस मिलन समारोह कार्यक्रम में एनएसयूआई हजारीबाग के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष व वर्तमान में कांग्रेस के हजारीबाग जिलाध्यक्ष श्री शैलेंद्र कुमार यादव जी को झारखंड प्रदेश प्रभारी आदरणीय श्री अविनाश पांडेय और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ऊजार्वान प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री राजेश ठाकुर और प्रदेश युवा अध्यक्ष अभिजीत राज प्रदेश एन.एस.यू.आई के प्रदेश अध्यक्ष आमीर हाशमी व समान्नित नेताओं द्वारा सम्मानित किये जाने पर हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी ने हर्ष व्यक्त और हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। हर्ष व्यक्त करने में मुख्य रूप से हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष श्री जयशंकर पाठक, बरही विधायक श्री उमा शंकर अकेला यादव, बड़कागांव सुश्री अम्बा प्रसाद, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, अशोक देव, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, मुन्ना सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय यादव, आबिद अंसारी, डॉ आरसी मेहता, यमुना यादव, उपेन्द्र रॉय, लालबिहारी सिंह, बिनोद सिंह, मिथलेश दुबे, अनिल उपाध्याय, रवि शर्मा, सुनील अग्रवाल, मकसूद आलम, साजिद हुसैन, अजय गुप्ता, सजिद अली खानदरगाही खान, सलीम रजा, राजू चौरसिया, संजय यादव, रंजीत यादव, नरेश गुप्ता, कृष्णा किशोर प्रसाद, गुड्डू सिंह, परवेज अहमद, मनीषा टोप्पो, दिलीप रवि, केडी सिंह, ललितेश्वर चौधरी, अंजुम, कोमल राज, रितेश तिवारी, ओमप्रकाश, गालिब अहमद, मुंगेस्वर चौधरी, रामकुमार पटेल, देवधारी प्रसाद मेहता सभी जिला कमेटी प्रखंड अध्यक्ष, बीस सूत्री समिटि व मंच मोर्चा अपनी शुभकामनाएं दी है।

## पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद का कार्यकताओ ने किया भव्य स्वागत

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का गिरिडीह से लौटने के क्रम में परिषदन भवन, हजारीबाग में कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री प्रकाश द्वारा हजारीबाग जिले के वरिष्ठ कार्यकताओं एवं जिला के पदाधिकारी के बीच कामकाजी बैठक किय।

जिसमें संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री प्रकाश ने आगे कार्यकताओं से कहा की जनहित में, जो समस्याएं हैं। भाजपा कार्यकताओं के द्वारा सहयोग दिया जाना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, के पी ओझा, सुदेश चंद्रवंशी, गणेश यादव, जिला पदाधिकारी विवेकानंद सिंह, जय नारायण प्रसाद, अंबिका सिंह, दिनेश सिंह राठौड़, कुंवर मनोज सिंह, शिव शंकर लाल गुप्ता, मोतीलाल चौधरी, विनोद झुनझुनवाला, विजय वर्मा, दीपक सहाय, रंजन चौधरी, रोशन कुमार, अजीत चंद्रवंशी, सरोज सोनी, रणजीत मेहता, शेर सिंह ,महेश पाठक, कुणाल किशोर बपी करण, सुशील कुमार यदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। युक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

**शपथ** स्वच्छता रैली एवं हजारों लोगों को दिलाई स्वच्छता शपथ

## राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय ने प्रारंभ किया स्पेशल कैंपेन 3.0

▶▶ सफाई करना हमारा परम कर्तव्य है

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, क्षेत्र संकार्य प्रभाग, उपक्षेत्रीय कार्यालय, हजारीबाग में, वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी सह कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार के नेतृत्व में भारत सरकार एवं क्षेत्रीय कार्यालय रांची द्वारा निर्देशित स्पेशल स्वच्छता कैंपेन 3.0 का शुभारंभ कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम उपक्षेत्रीय कार्यालय परिसर की साफ सफाई सभी कार्यालय कर्मियों ने मिलकर किया। उसके बाद कार्यालय परिसर से इंचार्ज सूरज कुमार, जयदेव कुमार, वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी, तेजलाल साव कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी, आशीष कुमार कंधवे, कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी, सतीश गुप्ता, कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी, अनुराग रंजन सर्वेक्षण सुपरवाइजर, बृज किशोर सिंह, मिथलेश मोदी, उमेशनाथ चौबे, रंजीत कुमार गुप्ता, सौरव कुमार, प्रशांत कुमार, शुभम सोनी, आशीष रंजन, दिवाकर राज आदि सभी सर्वेक्षण प्रगणक एवं आदेशपाल जयप्रकाश पासवान स्वच्छता रैली निकालकर झील परिसर के त्रिमूर्ति चौक होते हुए जिला स्कूल पहुंचे। कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार ने वहां पर उपस्थित लगभग हजार विद्यार्थियों को प्रार्थना के तुरंत बाद स्वच्छता विषय पर संबोधित करने के पश्चात सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। साथ ही यह भी आह्वान किया कि सफाई करना हमारा परम कर्तव्य है। हम सभी को न गंदगी फैलाना चाहिए और न ही दूसरों को फैलाने देना चाहिए। जयदेव कुमार ने विद्यालय के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों को विद्यार्थियों को जागरूक करने का अवसर देने हेतू धन्यवाद ज्ञापित किया। उपक्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग समस्त हजारीबाग वासियों को स्वच्छता कैंपेन को आत्मसात करने का अपील करते हुए पूरे हजारीबाग शहर को साफ सुथरा रखने का आग्रह करती है।

## न्यूज फटाफट

### बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय में नामांकन 18 अक्टूबर तक

**बड़कागांव :** बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव ( छरउ - 19164 ) में दूरस्थ शिक्षा ( मानू)के माध्यम से एम. ए. ( विषय- हिन्दी, अंग्रेजी , उर्दू , इस्लामिक स्टडीज ) में नामांकन जारी है, नामांकन की अंतिम तारीख 18 अक्टूबर 2023 तक ऑनलाइन के माध्यम से होगी। विद्यार्थी विशेष जानकारी के लिए महाविद्यालय से संपर्क करें। उक्त आशय की जानकारी प्रभारी प्राचार्य कृति नाथ महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है ।

### जिप अध्यक्ष ने किया फुटबॉल मैच का उद्घाटन



**इचाक :** इचाक प्रखण्ड के केएन प्लस टू उच्च विद्यालय इचाक के मैदान में स्व राजेश राम मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंच व देवकुली फुटबॉल मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल, जिप सदस्य रेणु देवी एवं पूर्व मुखिया राधा देवी ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाते हुए तन मन से खेल खेलने के लिए प्रेरित किया। जिप अध्यक्ष श्री मेहता ने कहा कि फुटबॉल मैच बहुत ही परिश्रम और हिम्मत वाला खेल है। इससे शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास का मार्ग प्रसस्त होता है। मौके पर जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि डेग नारायण मेहता, पूर्व उप प्रमुख चंद्रदेव मेहता, जिप सदस्य प्रतिनिधि अशोक कुमार मेहता, परासी मुखिया अशोक कपरदार, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष सुबाष सोनी, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, पूर्व मुखिया परमेश्वर राम, उमेश गिरी, रंजीत मेहता, देवनारायण मेहता, प्रकाश यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### ब्लड डोनेट कर मानवता का परिचय दिया समाजसेवी संदीप

**इचाक :** इचाक समाजसेवी बरका खुर्द गांव निवासी संदीप कुमार पिता सरयू महतो वार्ड सदस्य ने एक महिला को ब्लड डोनेट कर मानवता का परिचय देते हुए कहा कि जैसे ही हमें आदर्श युवा संगठन के जिला सचिव व आंचलिक पत्रकार कुलदीप कुमार से पता चला कि एक महिला का ऑपरेशन हुआ है और उसे ब्लड की सख्त जरूरत है मैंने उस महिला का मदद किया। मेरा ब्लड डोनेट आज चौथा बार है और आज हमें ब्लड डोनेट करने पर अच्छा लग रहा है। आने वाले दिनों में हमसे संपर्क करें और इस तरह का सेवा करने का मौका मिले तो मैं हर हाल में करूंगा। और मैं सभी युवाओं से कहता हूं कि अपने जीवन काल में कम से कम 10 बार वाला डोनेट जरूर करें। श्री कुमार ने यह भी कहा कि इस तरह का सेवा भाव हम अपने पिता से करने के लिए सीखे हैं।

### बैठक में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय



**चरही :** चुरचू दुर्गा मंदिर प्रांगण में सोमवार को दुगार्पूजा को लेकर बैठक सुखदेव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद यादव के द्वारा विगत वर्ष की आय एवं व्यय का ब्यौरा दिया गया। सर्वसम्मति से इस वर्ष भी दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद यादव को ही बनाया गया। पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि विगत दो वर्षो से कोरोना के कारण सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन का पालन करते हुए दुगार्पूजा किया गया। ग्रामीणों एवं सदस्यों के सहमति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष पूजन पूर्व की तरह भव्य तरीके से मनाया जाएगा। मंदिर में दुर्गा मां की प्रतिमा शिल्पकार द्वारा बनाने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर उप प्रमुख संजय कुमार सिंह, धनेश्वर सिंह, प्रदीप यादव, संजीत यादव,हुलास यादव, प्रकाश राम, रामवृक्ष यादव, संजय सिंह, कृष्णा पांडे, संजय पांडे, विशेश्वर करमाली, बबलू सिंह, विकास गंझू, शंभू राम, नरेश सिंह, गोपी यादव, विकाश सिंह, नरेश राम, संतोष राम, कृष्णा यादव समेत कई लोग शामिल थे।

### 36 घंटा के बाद चोरी मवेशी को पुलिस ने किया बरामद



**हजारीबाग :** इचाक थाना क्षेत्र के डुमरौन गांव मे जानवर चोर अर्जुन महतो पिता जागेश्वर महतो के नाम से पहचान हुई है। मवेशी मालिक गिरधारी प्रसाद मेहता ने बताया कि हमलोग कोर्रा थाना के नगवां का निवासी है। हमलोगों का मवेशी 07 अक्टूबर के रात्रि मे चार बैल घर से चोरी हुई थी। जिसमे दो बैल पडोसी बीरेंद्र प्रसाद मेहता का था। काफी खोजबीन किया लेकिन नहीं मिला। इस मामला को लेकर हमलोगों ने कोर्रा थाना मे आवेदन भी दिया था। अथक खोजबीन के पश्चात डुमरौन के जंगल मे जानवर बांधकर रखने की सुचना मिली। यहाँ तक की जंगल से लाकर अर्जुन महतो ने अपने बस्ती मे बांध कर रखा हुआ था। जब हमलोग खोजते हुऐ उसके यहां गए तब तक ये चोर अर्जुन महतो घर से फरार हो गया। ग्रामीण के मुताबिक ये जानवर चोरी करने का मामला पहला बार नहीं है। ये अर्जुन महतो कई बार जानवर चोरी किया है कितना बार पकड़ाया भी है। पकड़ने के क्रम में शारीरिक दंडित करने के बाद भी ये घटना को अंजाम दे रहा है। इस घटना में तीन व्यक्तियों की और सम्मिलित होने की ग्रामीणों ने बात कही। इसको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इसकी सुचना इचाक थाने मे लिखित आवेदन भी दिया गया है। पुलिस जांच में जुटी है।

### कांग्रेस ने युवा नेता संतोष देव को किया सम्मानित

**हजारीबाग :** राँची स्थित गीतांजलि बैंक्वेट मोराबादी में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान आयोजित मिलन सम्मेलन में युवा नेता संतोष देव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बताया गया कि श्री देव युवा कांग्रेस सेवक के रूप में समाज के लिए किये जा रहे बेहतर कार्य व दलीय सिंद्धान्तों ये प्रति समर्पण और संगठनात्मक प्रचार-प्रसार के प्रति अनवरत सक्रियता को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय, कृष्णा अलावरु, अखिल भारतीय युवा कांग्रेस कमेटी की उपस्थिति में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज मुख्य रूप से शामिल थे। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संतोष देव समर्पित व कर्तब्यनिष्ठ युवा कांग्रेस नेता है। पार्टी के प्रति उनकी वफादारी को ले कांग्रेस पार्टी हार्दिक सम्मान करते हुए उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सेवा सम्मान पत्र दिया।

**प्रदेश >> अपडेट**

## कुलहिया में किसानों की बैठक आज

**हरिहरगंज :** किसानों की समस्याओं को लेकर हरिहरगंज प्रखंड के कुलहिया सचिवालय स्थित बरगद पेड़ के पास किसान संघ के बैनर तले किसानो की एक अहम बैठक मंगलवार को होगी। जिसमें क्षेत्र के सैंकड़ों किसानों का जुटान होगा। इसकी जानकारी किसान संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने दी। उन्होंने बताया कि फोरलेन सड़क निर्माण के कंपनी शिवालिया कंस्ट्रक्शन द्वारा किसान विरोधी कार्य करने से सभी किसान आहत हैं।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

## सब-वे में जलजमाव की समस्या का होगा निदान

**पाकुड़ :** स्थानीय रेलवे के पदाधिकारियों द्वारा भूमिगत पथ(सब–वे) में जल जमाव के समस्या के समाधान हेतु संयुक्त रूप से स्टेशन प्रबंधक पाकुड़ लखीराम हेम्ब्रम,यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मय साहा,वरिष्ठ विद्युत अनुभाग अभियंता(साङ्ग) राजू कुमार, ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय,सचिव राणा शुक्ला ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण में भूमिगत पथ में जल जमाव की समस्या के स्थाई समाधान हेतु विभिन्न प्रकार के समस्याओं का अवलोकन जांच टीम द्वारा किया गया। जिसमें प्रथम दृष्टया सब–वे के पानी टंकी की सफाई,सब–वे पानी टंकी को जोड़ने वाली वर्तमान नाली का ब्रीज संख्या 232 तक विस्तारीकरण,सब–वे में अत्यधिक पानी जमाव न हो इसलिए सब–वे के दोनों ओर अवस्थित नाली पर लोहे के जाली का लगाना,सुरक्षा के दृष्टिकोण से सब–वे टंकी के चारों ओर चार दिवारी का निर्माण,सब–वे के टूटी फूटी रोड का पुनर्निर्माण या जिर्णोद्धार पर कार्य करने अवलोकन किया गया ।यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मयी साहा ने बताया की सब–वे में जल्द जमाव के स्थाई समस्या के समाधान हेतु जो तत्थ जांच के क्रम में आया है, उसे अविलंब क्रियान्वयन हेतु जांच रिपोर्ट को हावड़ा मंडल के वरिय पदाधिकारी के समक्ष समर्पित किया जाएगा।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

## अपनी मांगों के समर्थन में जिला परिषद के सदस्य देंगे धरना

**पाकुड़ :** जिला परिषद पाकुड़ जनता की समस्या के समाधान को लेकर हर हमेशा से तत्पर रही है। किंतु कुछ ऐसे कार्य हैं जिनमें अपेक्षित सहयोग प्राप्त नहीं हो रही है। फल स्वरुप जिला परिषद पाकुड़ की अध्यक्ष जूली कृष्णामणि हेंब्रम की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया की जिला परिषद पाकुड़ अपनी 6 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 12 अक्टूबर को उपयुक्त पाकुड़ के कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना देगी। बैठक में निर्णय लिया गया की परिषद के सदस्यों द्वारा जन समस्याओं से संबंधित उचित कार्यवाही हो। प्रत्येक दो माह में जिला परिषद बोर्ड की बैठक का आयोजन किया जाए। वित्तीय वर्ष 2022–23 की कार्य योजनाओं में बदलाव किए जाएं। जिला परिषद बोर्ड की बैठक में ली गई प्रस्ताव पर समयाअवधि में कार्रवाई हो। बैठक में लिए गए प्रस्ताव को प्रोसैंडिंग में शामिल किया जाए। परिषद द्वारा उठाए गए जन समस्याओं का जनहित में कार्रवाई की जाए। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद के अध्यक्ष जूली कृष्ण मणि हेंब्रम उपाध्यक्ष अशोक भगत , सदस्य नूनीता टुडू, सुनीता मुर्मू , रामिशा बीवी, मोहम्मद हंजला शेख, उजमिता बेगम ,बैजनाथ कूड़ा, रोशनी बीवी आदि उपस्थित थे।

## झारखंड के प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री योगेंद्र से भेंट की

**बेरमो/ललपनिया :** सोमवार को मुरुबंदा स्थित आवास में माननीय मंत्री(दर्जा प्राप्त)योगेंद्र प्रसाद महतो जी से कान्य कुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिति झारखंड के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने बुके भेंटकर माननीय मंत्री जी का अभिनंदन किया। इस दौरान समिति की ओर से माननीय मंत्री जी को एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें राज्य में बेटियों की असुरक्षा पर चिंता जाहिर करते हुए संबंधित अपराधों में दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई का आग्रह किया गया है।

**निरीक्षण**

### डीडीसी ने जरमुंडी प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

# प्रखंड लेखा प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस

▶▶ रोजगार सेवक से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया

**राष्ट्रीय खबर**

**दुमका :** उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा प्रखण्ड विकास कार्यालय, जरमुण्डी का निरीक्षण एवं विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में नव पदस्थापित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीलम कुमारी को निर्देश दिया गया। कि मनरेगा योजना अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर आवास योजना, 15वीं वित्त आयोग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जेएसएलपीएस से संचालित योजनायें, पेंशन,



राशन शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी केन्द्र, कृषि एवं आपूर्ति विभाग की योजनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी के साथ साप्ताहिक समीक्षा करें तथा क्षेत्र में जाकर योजनाओं के वास्तविक स्थिति का की जांच करें।

बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना एवं बिरसा हरित ग्राम योजना में संतोषप्रद प्रगति नहीं होने के कारण दोनों प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) एवं झनकपुर के रोजगार सेवक से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार आवास पूरा करो अभियान अन्तर्गत अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण प्रखण्ड समन्वयक तथा पंचायत पेटसार के पंचायत सचिव से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। एवं निशा कुमारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर की अनुपस्थिति के फलस्वरूप उनका दो दिन का मानदेय स्थगित करते हुए कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया गया। जेएसएलपीएस अन्तर्गत दीदी की दुकान, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के साथ सभी विद्यालयों में बेंच-डेस्क एवं पोषण वाटिका आदि की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में प्रखण्ड लेखा प्रबंधक अनुपस्थित पाये गये, फलस्वरूप निरीक्षण की तिथि का मानदेय स्थगित करते हुए कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। अस्पताल के प्रसव वार्ड, आपातकालीन वार्ड, कूपोषण उपचार केन्द्र, जांच केन्द्र एवं अन्य कक्षों का निरीक्षण किया गया तथा अस्पताल के साफ-सफाई एवं प्रबंधन पर संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त महोदय के साथ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जरमुण्डी, चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे ।

### सदर अस्पताल गुमला में फिर से देखी गई लापरवाही,

# इलाज में लापरवाही के कारण एक महिला की हुई मौत

**राष्ट्रीय खबर**

**गुमला:** रायडीह प्रखंड के एक बुजुर्ग महिला को गत दिन में जहरीले सांप ने डंस दिया था। इसे लेकर परिजनों के द्वारा शाम लगभग 6:00 बजे सदर अस्पताल गुमला लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सक जितेंद्र कुमार सिंह के द्वारा बिना आल्हा लगाए हुए जांच करते हुए मृत घोषित कर दिया ।परिजनों का कहना है कि जिस समय हम अपने मां को लेकर आए थे ।उस समय मां हमारी जीवित थी ।चिकित्सकों ने बिना कुछ बताए हुए शवगृह में शव को रखकर ताला बंद कर दिया गया। जब इस बात की सूचना मजदूर संघ के प्रदेश सचिव जुमन खान को दूरभाष पर रितिका के पुत्री के द्वारा दी गई देर रात लगभग 10:30 बजे जुम्मन खान सदर अस्पताल अपने टीम के साथ पहुंचे और सिविल सर्जन से फोन पर बात की ।जिसके बाद शव गृह का ताला खुलवाया गया ।परिजनों का यह कहना है कि हमारी मां जीवित थी जिसको चिकित्सक जितेंद्र कुमार सिंह के द्वारा बिना जांच के शवग्ह में रखवा दिया गया और उसको मृत घोषित कर दिया गया ।ऊपर से जब परिजन दूसरे अस्पतालों में ले जाकर जांच करना चाहा तो डॉक्टर जितेंद्र सिंह के द्वारा थाना के अधिकारी से भी बात करने से इनकार कर दिया गया ।जब मृतका के बेटा और बेटी कंचन एक्का ने गुमला थाना में आकर आवेदन दिया ।अपनी मां को दूसरे अस्पताल ले जाकर इलाज करने के बारे में जब थानेदार ने डॉक्टर से बात करना चाहा लेकिन डॉक्टर साहब इनकार कर दिया और बात नहीं किया ।इस आभास होता है कि चिकित्सक के द्वारा गैर कानूनी रूप से उसको मृत घोषित कर दिया है।

# उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा



**राष्ट्रीय खबर**

**गोड्डा:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त गोड्डा की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिला समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोषण ट्रैकर एप, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,आधार सीडिंग,पूरक पोषाहार योजना,आंगनबाड़ी केंद्र भवन, टेक होम राशन से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिए गए कि आवंटित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने की दिशा में कार्य पूर्ण करें अन्यथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। प्रधानमंत्री मातृत्व बंदना योजना ,में उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिए गए सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं के द्वारा योग्य लाभुकों के आवेदन प्राप्त घर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित कराया जाए। उपायुक्त के द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निदेश दिए गए पोषण ट्रैकर के माध्यम से रैंडम सर्वेक्षण कराया जाए एवं सर्वेक्षण की सूची मुख्यालय में सौंपी जाए। महोदय के द्वारा सीडीपीओ को निर्देश दिया गया कि सेविका जब भी क्षेत्र भ्रमण में जाएं तो जियो टैग फोटो अनिवार्य रूप से लें,फोटो की जेरोक्स कॉपी कार्यालय में संलग्न करें। उपायुक्त,गोड्डा के द्वारा सेविका एवं सहायिका की बहाली को लेकर सभी सीडीपीओ से विभिन्न प्रखंड स्तर पर रिक्ति संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान सभी प्रखंडों के एलएस को उपायुक्त ने निर्देश दिए गए कि टीएचआर की एंट्री प्रत्येक महीने कराया जाए,साथ ही साथ सेविका के द्वारा भी पोषण ट्रेकर पर एंट्री कराई जाए। मौके पर बैठक में समाज कल्याण पदाधिकारी अनीशा कुजूर, सीडीपीओ महिला पर्यवेक्षिका एवं समाज कल्याण विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

# प्रवासी मजदूरों को ई-श्रम पोर्टल पर निबंधित करें : उपायुक्त



**राष्ट्रीय खबर**

**दुमका:** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को श्रम,नियोजन एवं आईटीआई विभाग की समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने प्रवासी मजदूरों के निबंधन,ई श्रम कार्ड सहित राज्य सरकार के श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत जिले में किये गए कार्यों की समीक्षा की।निदेश दिया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को चिन्हित करते हुए उन्हें योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य करें।जिस भी मद में राशि की आवश्यकता हो उक्त मद में विभाग से पत्राचार कर राशि प्राप्त करें ताकि लाभुकों को राशि का भुगतान किया जा सके।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्रम विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभुकों को आच्छादित करने हेतु लक्ष्य प्राप्त हैं। प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों का चयन करते हुए उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य करें। उपायुक्त ने कहा कि वैसे प्रवासी मजदूर जो त्यौहार के दौरान घर आ रहे हैं,उन्हें चिन्हित करते हुए ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कराना सुनिश्चित करें। बैठक में आईटीआई कॉलेज सरैयाहाट,जरमुंडी तथा दुमका के प्राचार्य भी उपस्थित थे।जानकारी दी कि प्राप्त निदेश के अनुसार 10 अक्टूबर तक नामांकन का कार्य जारी है।साथ ही पठन पाठन का कार्य भी हो रहा है।उपायुक्त ने निदेश दिया कि कॉलेज में बिजली,पानी से संबंधित या किसी अन्य प्रकार की समस्या है तो लिखित रूप से उपायुक्त कार्यालय को आवेदन दें ताकि उक्त समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## पलामू जोन में एसडीपीओ के चार रिक्त पद खाली, अभियान पर पड़ रहा असर



**राष्ट्रीय खबर**


**मेदिनीनगर:** पलामू जिले में पलामू जोन के तीनों जिलों पलामू, गढ़वा और लातेहार में नक्सल और अपराध के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। तीनों जिलों में संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई भी चल रही है लेकिन पुलिस के इस अभियान पर असर पड़ा है। पलामू जोन के चार एसडीपीओ का पोस्ट पिछले एक महीने से भी अधिक समय से खाली है। पलामू का सदर मेदिनीनगर और हुसैनाबाद, गढ़वा का रंका और लातेहार के बालूमाथ में एसडीपीओ का पोस्ट खाली है। इन जगहों पर अब तक किसी की तैनाती नही हुई है, इन चारों एसडीपीओ का आईपीएस में प्रमोशन होने के बाद तबादला हो गया है। इन जगहों पर एसडीपीओ नहीं रहने से नक्सल और अपराध के खिलाफ अभियान पर असर पड़ा है। बालूमाथ और मेदिनीनगर सदर संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई का नेतृत्व करती है। बालूमाथ के इलाके से नक्सल अभियान भी चलाया जाता है। गढ़वा के रंका से छत्तीसगढ़ और के बूढापहाड़ के इलाके में अभियान और निगरानी रखी जाती है। पलामू के हुसैनाबाद से बिहार की सीमा पर निगरानी रखी जाती है। इन चारों इलाकों में एसडीपीओ का पोस्ट खाली रहने से अपराध और नक्सल के खिलाफ अभियान कमजोर हुआ है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मानते हैं कि अभियान में परेशानी हो रही है, तीनों जिलों में अभियान एसपी भी नहीं हैं। अभियान एसपी नहीं रहने से भी काम की जिम्मेदारी दूसरे एसडीपीओ पर है, सभी अतिरिक्त प्रभार पर चल रहा है। इस मामले को लेकर पुलिस मुख्यालय को अवगत करवाया गया है।

### लोगों को बेहतर पानी की आपूर्ति पीने के लिए मिल सकेगी यह कह पाना बड़ी ही मुश्किल की बात है

# 120 करोड़ रुपये के लागत से बनाए जा रहे छलटा ,पहली बारिश में ही टूट कर हुआ ध्वस्त

**राष्ट्रीय खबर**

**गुमला:** गुमला जिले के सिसई प्रखंड क्षेत्र के लोगों को पेयजलापूर्ति योजना से लाभ दिलाने के लिए संचालित नल जल योजना में भारी लूट मची हुई है ।योजना के संचालन के लिए दक्षिणी कोयल नदी नागफेनी के नीचे पोढा पाहन टोली के पास पानी के रोकथाम के लिए छलटा पिलर का निर्माण किया जा रहा था ।लेकिन यह योजना पहले ही बारिश में टूटकर ध्वस्त हो गया।



जिससे कि आने वाले समय में सिंसई प्रखंड क्षेत्र के लोगों को बेहतर पानी की आपूर्ति पीने के लिए मिल सकेगी यह कह पाना बड़ी ही मुश्किल की बात है। क्योंकि पहले ही बारिश में नल जल योजना के लिए बनाए जा रहे चेक डैम, छलटा का ध्वस्त हो जाना टूट जाना कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार को दृष्टिगोचर कर रहा है। इस नल जल योजना में लूट पर क्षेत्र की जनता भी चिंतित है कि लाखों करोड़ों रुपए की लागत से नल जल योजना की शुरूआत की जा रही है। लेकिन योजना के शुरूआती दौर में ही अगर छलटा टूट जाता है तो आने वाला समय में क्षेत्र के लोगों को कितना पानी मिल सकेगा। यह कह पाना भी मुश्किल लग रहा है।

गौरतलब है कि पेयजल आपूर्ति के लिए बनाए जा रही दक्षिणी कोयल नदी का यह छलटा के निर्माण की प्राकलित राशि 120 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस संबंध में क्षेत्र के मुखिया, पूर्व मुखिया चमरू उरांव से पूछे जाने पर कहा कि निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई। जिसके कारण ही पहली बारिश में छलटा बह गया है। मामले पर मिशन बदलाव के भूषण भगत,, झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय कुमार सिंह ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर संवेदक के खिलाफ में कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

**न्यूज फटाफट**

## झारखंड के उत्कृष्ट लेखकों, साहित्यकारों को किया गया सम्मानित

**चंदवा :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के बैनर तले रविवार 8 अक्टूबर को ध्रुवा राँची स्थित वाईबीएन यूनिवर्सिटी के सभागार में झारखंड के उत्कृष्ट लेखकों, साहित्यकारों को उनके साहित्यिक सेवा और धर्म के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें चंदवा के लेखक विनीत कुमार को उनके प्रकाशित 9 पुस्तकों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि इनको नवसृजन सम्मान 2014 नई दिल्ली तथा दलित साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड 2021 प्रदान किया जा चुका है। और अभी वर्तमान में उनकी पुस्तक पुष्पी पर वेब सीरीज फिल्म भी बनने जा रही है। विनीत कुमार वर्तमान में उच्च विद्यालय रोल में पदस्थापित है। श्री कुमार ने यह सम्मान अपने प्रिय पाठको, प्रिय जनों और शुभचिंतकों को समर्पित किया है। उन्होंने अखिल भारतीय साहित्य परिषद झारखंड का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है।

## उपायुक्त ने बीपीओ का वेतन काटने का दिया निर्देश

**पलामू :** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय सभा कक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से मनरेगा अन्तर्गत कार्य करने वाले मजदूरों की संख्या,मजदूरों की बकाया राशि,प्रधानमंत्री आवास,डोभा, आधार वेरिफिकेशन,जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, बिरसा हरित ग्राम योजना,कुंआ निर्माण की प्रगति,प्रधानमंत्री पशुधन विकास योजना,जल समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड,सोख्ता गड्ढा,रेन वाटर हार्वेस्टिंग,प्लेग्राउण्ड,दीदी बाड़ी योजना,आंगनबाड़ी केन्द्र,बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर आवास, सामाजिक सुरक्षा अन्तर्गत पेंशन योजना,सहित अन्य सभी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए मनरेगा अन्तर्गत कार्य कर रहे मजदूरों के बारे में जानकारी लिया ।मजदूरों का लंबित बकाया राशि,आधार वेरिफिकेशन, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन से संबंधित जानकारी लेते हुए मनरेगा मजदूरों के लंबित बकाया राशि भुगतान करने का निर्देश दिया ।डीसी ने प्लेग्राउंड की भी जानकारी ली ।उपायुक्त ने प्लेग्राउंड में ड्रेसिंग रूम,शौचालय का निर्माण कार्य को लेकर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## बरीशा पहाड़ से होकर गुजरने वाली सड़क पर बन गए हैं बड़े-बड़े गड्ढे, चलना हुआ मुश्किल

**गुमला :** गुमला थाना क्षेत्र के बरीशा पहाड़ से जाने वाली रोड जिसमें 50 गांव बसा हुआ है वहां 2 साल पूर्व नई सड़क बनी थी लेकिन 2 साल में महज टूट कर सड़क जर्जर बन पड़ी है और संवेदक पालकोट का रहने वाला है ।संवेदक के द्वारा किसी प्रकार का मरम्मति नहीं किया गया है। हर दिन लोग यहां पर आना–जाना करते हैं उसी रोड से गुमला मुख्यालय आते हैं और रोड का यह आलम है की जगह–जगह पर गड्ढे पड़े हुए हैं। आज मजदूर संघ सीएफटीयूआई के प्रदेश सचिव जुम्मन खान के द्वारा सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में यह पाया गया कि सड़कों पर बड़े–बड़े गड्ढे बन गए हैं वहां पैदल चलना दुश्वार पर गया है। जर्जर हो चुके सड़क में ग्रामीण चल रहे हैं ।कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है । उन्होंने जिला प्रशासन व उपायुक्त से सड़क निर्माण कार्य की जांच कर यथाशीघ्र कार्रवाई करते हुए संवेदक का लाइसेंस रद्द करने का मन किया है।

## रांची में होनेवाली शहीद सम्मान कार्यक्रम में गुमला से भी कार्यकर्ता भाग लेंगे

**गुमला :** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के राजनीतिक जीवन का पूरे हो रहे 25 वर्ष के अवसर पर शहीद सम्मान सह संकल्प कार्यक्रम राज्य मुख्यालय रांची में आयोजित की जा रही है। विदित हो कि 10 अक्टूबर 1998 से ही सक्रिय राजनीति की शुरूआत करने वाले श्री सिंह लंबे संघर्ष करते हुए 10 अक्टूबर 2023 को 25 साल पूरा कर रहे हैं। 25 साल पूरा होने के अवसर पर उन तमाम वीर शहीदों को नमन और सम्मान देने के लिए ही झारखंड नवनिर्माण दल रांची द्वारा शहीद सम्मान सह संकल्प कार्यक्रम 10 अक्टूबर 2023 को रांची में आयोजित की जा रही है। यह कार्यक्रम रांची के बिरसा चौक स्थित महानायक वीर बिरसा मुंडा स्मारक के पास आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाग लेने दर्जनों की संख्या में झारखंड नवनिर्माण दल व पार्टी के कार्यकर्ता गुमला जिला से भी रांची जाएंगे।

## एसएस हाई स्कूल रोड का हुआ निरीक्षण

**गुमला :** सोमवार को नगर में बनने वाली सड़कों का निरीक्षण नगर परिषद के पदाधिकारीयों व चेंबर के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया जिसमें सर्वप्रथम एसएस हाई स्कूल वाली रोड जो डीएसपी रोड तक जाती है उसका निरीक्षण किया गया रोड कहां से कहां तक बनना है नाली कहां पर मरम्मत होना है कहां पर नई तरह से बनना है,, नगर परिषद विभाग की तरफ से नगर परिषद प्रशासक दिलीप कुमार जी, सिटी मैनेजर हिमांशु मिश्रा व हेलाल अहमद थे चेंबर की तरफ से चेंबर अध्यक्ष श्री दामोदर कसेरा डीके जी कोषाध्यक्ष मुनिलाल साहू, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज आदि उपस्थित थे साथ मे स्थानीय मोहल्ले के लोग कुछ गणमान्य लोग उत्तम गोयल, द्वारका मिश्रा, नीरज सोनी, संदीप कुमार, नटवर अग्रवाल, मांगीलाल, बसीर आलम, विजय गोयल, दुर्गा फोगला आदि उपस्थित थे सभी ने अपने-अपने सुझाव को रखा और यह तय हुआ के दशहरा पूजा तक के लिए रोड को अच्छी तरह से मरम्मत करा दिया जाए दशहरा पूजा के तुरंत बाद नई तरह से रोड का निर्माण करा दिया जाएगा बाकी सडकों का भी सर्वे किया गया जिसे प्राथमिकता के आधार पर टेंडर करवा दिया जाएगा ।। नगर परिषद के प्रशासक श्री दिलीप कुमार व चेंबर अध्यक्ष श्री दामोदर कसेरा डीके जी ने संयुक्त रूप से आम व्यापारियों से अपील किया के त्योहारों का मौसम आ रहा है सड़कों पर काफी भीड़ रहेगी इसलिए कोई भी दुकानदार अपना सामान नाली से बाहर न निकले कोई भी प्लास्टिक का शेड नाली से बाहर न निकले नहीं तो कभी भी विभाग द्वारा कार्रवाई की जा सकती है ... दूसरी तरफ मेन रोड में जो दूषित पानी की शिकायत थी उसे पर पेयजल विभाग ने त्वरिय कार्रवाई करते हुए बनवाने का काम शुरू किया मौके पर सहयोग के लिए बिजली विभाग के भी कर्मचारी पहुंचे और मिलकर काम को अंजाम दिया जा रहा है निरीक्षण के लिए चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेर्स डीके व पेयजल विभाग के संयोजक मुनिलाल साहू, मीडिया प्रभारी इम्तेयाज उपस्थित थे साथ मे निवर्तमान पार्षद सोनल केसरी समाजसेवक सोनू एचडी, रितेश कुमार व अन्य लोग थे ।

## गुमला जिले के 100 से अधिक प्रवासी मजदूरों को रेस्क्यू करते हुए जिले में सही सलामत लाया गया वापस

**गुमला :** बुधवार की रात को सिक्किम में कंस्ट्रक्शन साइट पर अचानक बादल के फटने पर बाढ़ आने से जिले से गए लगभग 100 से अधिक प्रवासी मजदूरों के फंस जाने की खबर गुमला जिला प्रशासन को मिली जिसपर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी मजदूरों को सुरक्षित आज सोमवार को गुमला जिला वापस लाया गया। झारखंड राज्य के गुमला ,सिमडेगा एवं लोहरदगा के लगभग 120 प्रवासी मजदूर सिक्किम में काम करने गए थे जिसमें से सबसे अधिक गुमला जिले से ( लगभग 100) मजदूर शामिल थे जो सिक्किम में आए भूस्खलन में फंस गए थे ।जिसकी खबर मिलते ही उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिला श्रम अधीक्षक ने सूचना प्रशासन एवं प्रवासी मजदूर केंद्र को जानकारी दी जहां से सिक्किम सरकार से सहयोग प्राप्त करते हुए सभी मजदूरों को सुरक्षित रूप से ट्रेन के माध्यम से रांची लाया गया। उपायुक्त के निर्देश पर जिला श्रम अधीक्षक ने आज स्वयं रांची रेलवे स्टेशन जाकर वहां सभी मजदूरों का स्वागत किया एवं जिला प्रशासन द्वारा वहां से बस की सुविधा से सभी प्रवासी मजदूरों को आज सुरक्षित रूप से रांची से गुमला अपने अपने घर भेजा गया।

## शहर >> अपडेट

### डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान

**पाकुड़ :** झालसा रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में आज सोमवार को जिला बाल संरक्षण इकाई ,कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन पाकुड़, ७२२ यूनिसेफ एवं ज़िला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सयुंक्त तत्वाधान में बाल विवाह रोकथाम एवं बच्चो के खिलाफ हिंसा के रोकथाम हेतु हितधारकों की भूमिका विषय पर बाल संरक्षण मुद्दे पर कार्य जिला स्तरीय विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि के साथ जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय पाकुड़ में कार्यक्रम विशेष जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम के तहत बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी पर प्रकाश डालते हुए सीडब्ल्यूसी के सदस्य ने बताया बच्चो कि देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों जैसे कि छोड़े गए, अनाथ, दिए गए या खोए हुए बच्चों की सुरक्षा, उपचार, विकास और सहायता प्रदान करने हेतु हमारी टीम हमेशा तत्पर है इस अभियान में बच्चों की हित में उनके अधिकार,संरक्षण, न्याय दिलाने के लिए ज़िला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़, सीडब्ल्यूसी, जेजेबी अपने जिम्मेवारी के साथ हमेशा तत्पर हैं किसी भी अनहोनी की सूचना प्राप्त होते ही विभाग के सदस्य, पीएलवी पहुंच कर सहयोग करती है। इस कार्यक्रम का खास उद्देश्य ये है की कोई बच्चे तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह समेत बाल दुर्व्यवहार का शिकार न बने साथ ही महिला सशक्तिकरण, मजदुर पलायन, समेत कानूनी जानकारी लोगों को देकर शसक्त बनाया जा रहा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कैदियों की सुविधा जेल मैनुवल के तहत हो: उपायुक्त

पाकुड़ : उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में जिला सुरक्षा समिति एवं कारा सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में कारा सुरक्षा, कारा में कैदियों- बंदियों हेतु मूलभूत सुविधाएं, कैदियों - बंदियों के परिजनों से मुलाकात, स्वास्थ सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, टेलीफोन बूथ, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, सायरन सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा किया गया। कारा अधीक्षक से कारा के सुरक्षा सहित भोजन, पान, शौचालय एवं साफ-सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई एवं निर्देश देते हुए कहा कि कारा में कैदियों - बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों बंदियों को स्वच्छ, ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं, इसमें किसी प्रकार की कोताही ना बरतें। वहीं उन्होंने कारा में कार्यरत कर्मियों एवं कारा सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की उपलब्धता, कारा में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, जैमर, सीसीटीवी कैमरे की क्रियाशील सहित सभी जरूरी बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा अंदर बंदियों को उनके परिजनों के द्वारा भेजे जाने एवं अन्य सामग्री का कड़ाई से सीसीटीवी कैमरा के नजर में जांच के बाद ही कारा के अंदर प्रवेश दें ताकि खाना के साथ प्रतिबंधित सामग्री अंदर नहीं जाए। प्राप्त आवेदनों पर नि:शुल्क और सशुल्क निजी अंगरक्षक उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की गई। जिसके बाद कुछ आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई। जिले में सुरक्षा समिति की ओर से प्राप्त आवेदनों के माध्यम से पूर्व में दिए गए अंगरक्षकों की भी समीक्षा की गई। मौके पर अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, मुख्यालय डीएसपी वैद्यनाथ प्रसाद, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद कुमार दास, जेलर ललन कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

**उद्भेदन** पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

# ठगी के आरोप में नौ युवक गिरफ्तार, 27 मोबाइल बरामद

- धनी फाइनेंस का कर्मी बताकर लोंगों देते थे झांसा
- बजाज फिनसर्व का भी बताते के पदाधिकारी
- ठगे गिरोह में अधिकांश बिहार के रहने वाले



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** लोगों को लोन दिलाने और फिर प्रोसेसिंग के नाम पर ठगी करने के मामले में तिलैया पुलिस ने 9 युवकों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग बजाज फिनसर्व एवं धनी फाइनेंस का फर्जी कर्मचारी और पदाधिकारी बनकर आपराधिक षड्यंत्र के तहत जाली कागजात तैयार कर लोन स्वीकृत कराने का झांसा देकर प्रोसेसिंग फीस लेकर रुपए की ठगी कर रहे हैं एवं ठगी की राशि निकासी के लिए तिलैया आने वाले हैं। सूचना के बाद एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। रविवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तिलैया के एटीएम में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों से पूछताछ एवं उनके निशानदेही पर तिलैया थाना क्षेत्र के गांधी स्कूल रोड से गिरोह के 6 अन्य युवकों को भी गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से भारी मात्रा में मोबाइल, विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, चेक बुक, पासबुक एवं ठगी किए गए व्यक्तियों के नाम और मोबाइल नंबर से संबंधित कॉपी भी बरामद किया गया है। एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान बिहार के सिवान जिला निवासी रामबाबू यादव (उम्र 19 वर्ष, पिता स्वर्गीय शिवदयाल यादव), बिहार के नालंदा जिला निवासी मंजीत कुमार शर्मा (उम्र 30 वर्ष, पिता जगदीश ठाकुर), बिहार के गया जिला निवासी उदेश कुमार (उम्र 23 वर्ष, पिता राम जन्म साव), बिहार के नालंदा जिला निवासी भूषण कुमार (उम्र 19 वर्ष, पिता राजेंद्र यादव), बिहार के नवादा जिला निवासी संतोष कुमार यादव (उम्र 23 वर्ष, पिता बालेश्वर यादव), बिहार के नालंदा जिला निवासी मोहम्मद फारुख (उम्र 24 वर्ष, पिता नौशाद) एवं पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिला निवासी तारकेश्वर कुमार (उम्र 26 वर्ष पिता चिंता महतो), सूर्यकांत शर्मा (उम्र 30 वर्ष, पिता उपेंद्र शर्मा), सन्नी रजक उर्फ आदित्य रजक (उम्र 21 वर्ष, पिता टुनटुन रजक) शामिल है। गिरफ्तार किए गए युवकों के पास से 27 मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड, 6 सिम कार्ड, 35 हजार 625 रुपए नगद, 19 पीस कॉपी, चार आधार कार्ड, दो वोटर कार्ड, दो पैन कार्ड, एक पासबुक, एक चेक बुक, आईडी कार्ड एक पीस बरामद किया गया है। गिरफ्तार सभी साइबर अपराधियों को सोमवार को जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में तिलैया थाना के पुलिस अवर निरीक्षक आनंद मोहन कुमार, अनुसंधानकर्ता सुमित साव, पैंथर आरक्षी, तिलैया थाना के सशस्त्र बल और तकनीकी शाखा के टीम शामिल थे। वहीं प्रेस वार्ता में तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस निरीक्षक रामनारायण ठाकुर भी मौजूद थे।

## नाबालिग का अब तक कोई सुराग नहीं



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ:** बालूमाथ पुराना कस्तूरबा विद्यालय के समीप शनिवार को 15 वर्षीय रेश्मा प्रवीण काल्पनिक नाम नाबालिक युवती का अपहरण के 54 घंटे बाद भी सुराग नहीं मिला। लड़की के परिजन किसी अनहोनी के डर से शशंकित है। वही सोमवार को परिजनों एवं समर्थकों द्वारा घूम घूम कर बालूमाथ बाजार बंद कराया। और हिन्दू-मुस्लिम दोनो समुदायों के लोगो ने एक बैठक बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ बाजार टांड में रखी। जिसमे उपस्थित लोगो ने अपने-अपने विचार रखे और बालूमाथ थाना पहुंचकर लड़की के शकुशल बरामदगी के लिए बालूमाथ पुलिस प्रशासन से अपील किया। मौके पर बालूमाथ प्रभारी एस.डी.पीओ दिलु लोहरा ने बताया लड़की के शकुशल बरामदगी के लिए पुलिस अलग-अलग टीम बनाकर छापेमारी अभियान चला रही है। जल्द ही बरामदगी हो जाएगी। जिसके बाद बालूमाथ की बाजार पुनः खोल दिया गया। और जनजीवन सामान्य हो पाया। बता दे कि 54 घण्टे बाद भी अपहृत लड़की का कुछ भी पता नहीं चल पाने से कई सवालों को जन्म दे रहा है। लोगो मे आक्रोश है। वहीं पुलिस अब तक कई युवकों को हिरासत में लेकर लड़की के सकुशल बरामदगी के लिए प्रयास कर रही है लेकिन सफलता नहीं मिल पाई है ।

## डीएवी स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय खबर



**झुमरीतिलैया:** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसके अन्तर्गत कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के बच्चों ने क्ले के द्वारा विभिन्न आकृतियां बना कर सभी को आकर्षित किया। वहीं पर तीसरी से पाँचवीं कक्षा के बच्चों के बीच अंग्रेजी कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें चारों सदनों के चार - चार प्रतिभागियों ने एक से एक प्रेरणा दायक कहानियां सुनाकर अपनी साहित्यिक पकड़ का परिचय दिया। कक्षा छठीं से आठवीं के बच्चों के बीच समूह कलश डेकोरेशन प्रतियोगिता एवं कक्षा नवीं के बच्चों के बीच थमोकोल कटिंग प्रतियोगता हुई। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता व क्रियाशीलता का परिचय दिया। कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक क्ले मेकिंग प्रतियोगिता मेंप्रथम स्थान पर युवान, उज्ज्वल भारती व सृष्टि, द्वितीय स्थान मायरा वर्मा, तृषा सोनकर एवं तीसरे स्थान पर अर्पिता शाह एवं भीन कुमार रहे। कक्षा तृतीय से पंचम तक इंगलिश स्टोरी टेलिंग में प्रथम स्थान पर राजाराम मोहन राय सदन की आरोही गुप्ता व रामा कृष्णा सदन की खुशी कुमारी रही तो दूसरे स्थान पर दयानंद सदन की शाम्भवी सिंह व अनाराध्या कश्यप रही। तीसरा स्थान रामा कृष्णा सदन के नमीत गर्ग एवं राजाराम मोहन राय सदन की प्रत्युशा कुमारी ने प्राप्त किया। कक्षा छठी से आठवीं तक कलश डेकोरेशन में प्रथम स्थान पर राजा राम मोहन राय सदन द्वितीय स्थान पर रामा कृष्णा व दयानंद सदन एवं तीसरे स्थान पर विवेकानंद सदन रहा। कक्षा नवीं में थमोकोल कटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजाराम मोहनराय सदन द्वितीय स्थान पर दयानंद व विवेकानंद सदन एवं तृतीय स्थान पर रामाकृष्णा सदन रहा। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों ने बहुत ही सुंदर ढंग से अपनी बौद्धिक व तार्किक प्रतिभा का परिचय देते हुए अपनी अपनी क्रियाशीलता दिखाई। मंच संचालन रूही राज एवं सोनम कुमारी ने किया तथा निर्णायक के रुप में चाँदनी दुबे, महजबीं प्रवीण, लक्की पाठक, कृति कुमारी ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्की पाठक, शिल्पी गुप्ता, संध्या कुमारी, कृति कुमारी, वंदना दुबे, लक्ष्मी कुमारी तथा सीसीए इंचार्ज श्वेता सिंह तथा महजबीं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## पंचायत स्तर पर मिले राजस्व कार्य निष्पादन की सुविधा: शाहदेव

राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने आज अंचल अधिकारी कुडु प्रवीण कुमार सिंह से मिल कर वार्ता किया। इस भेंटवार्ता में उन्होंने आम जन मानस की राजस्व सम्बंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु कुछ मांग की ओर अंचल अधिकारी महोदय का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह में एक दिन का निर्धारण हो जिस दिन राजस्व उपनिरीक्षक और अंचल निरीक्षक पंचायत स्तर पर जाकर लोगों के राजस्व संबंधी समस्याओं का निस्तारण करने, लोगों की बहुत सारी छोटी छोटी समस्या होती है जिसका त्वरित निस्तारण किया जा सकता है, लेकिन लोग कार्यालय का चक्कर लगा लगाकर परेशान रहते हैं। इस प्रकार से जनता और कार्यालय दोनों को असुविधा होती है, यदि पंचायत स्तर पर एक दिवस का निर्धारण करके इनका निस्तारण कर दिया जाए तो लोगों को सुविधा भी मिलेगी और कार्यालय को भी कम परेशानी होगी। श्री शाहदेव ने ग्राम स्तर पर जो राजस्व उपनिरिक्षक आवास बनाये गए हैं वहां संबंधित कर्मियों का रहना सुनिश्चित किया जाय, ताकि कार्यों का निष्पादन सुचारु रूप से हो। उनके इन मांगो पर अंचल अधिकारी कुडु प्रवीण कुमार सिंह जी ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि इन मांगो के अनुरूप कार्य करने का प्रावधान है और हो भी रहा है, परन्तु जो भी कमियां रह गई हैं, उन्हें यथाशीघ्र समाप्त करके जनता को अधिकतम सुविधा प्रदान की जायेगी।

## बालू लदा दो ट्रैक्टर को जप्त



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने सोमवार की सुबह करीब 7 बजे नवलशाही थाना क्षेत्र के बच्छेडीह नीमाडीह मुख्य मार्ग से अवैध रूप से बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। जानकारी अनुसार दोनों ट्रैक्टर नीमाडीह स्थित केशो नदी बालु घाट से ट्रैक्टर के द्वारा बालु लोड कर परिवाहन कर नवलशाही बाजार में कहीं बेचने आ रहा था। इसी दौरान उक्त मार्ग में गस्ती पर निकले थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा है। साथ ही जब्त ट्रैक्टरों के संबंध में आगे की कार्रवाई के लिए जिला खनन विभाग को इसकी सूचना दे दी गयी है।

**अभियान** सिविल सर्जन ने अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ चलाया अभियान

# एमएस नर्सिंग होम को किया सील

राष्ट्रीय खबर




**बालूमाथ :** लातेहार सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने सोमवार को लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर बालूमाथ एवं बारीयातु में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम की जांच की । जहां बालूमाथ के टमटमटोला में अवैध रूप से संचालित एम०एस नर्सिंग होम को सील कर दिया। वही बरियातू में संचालित मां उग्रतारा नर्सिंग होम की जांच की। सिविल सर्जन को गुप्त सूचना मिली थी कि मां उग्रतारा नर्सिंग होम में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड होता है। वहां लिंग परीक्षण की जांच होती है। जांच के दौरान मां उग्रतारा नर्सिंग होम में पाया गया कि क्लीनिकल एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन है। लेकिन नियमानुसार मौके पर एमबीबीएस डॉक्टर उपस्थित नहीं था। वही ऑपरेशन थिएटर एवं प्रसव रूम एक ही कमरे में संचालित है। वहीं सिविल सर्जन द्वारा ओपीडी एवं भर्ती किए गए मरीज का रजिस्टर का मांग किया तो संचालक द्वारा यह कहा गया कि हम लोग रजिस्टर संधारण नहीं करते हैं। वहीं सिविल सर्जन ने अल्ट्रासाउंड मशीन होने की सूचना पर अस्पताल के कई कमरों की जांच की जहां ट्यूब अल्ट्रासाउंड को गायब कर दिया गया था एवं प्रिंटर पाया गया। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा कि मां उग्रतारा नर्सिंग होम में कई अनीयमियता पाई गई है इसको स्पष्टीकरण की मांग करते हुए जो फाइन लगाया जाएगा। उन्होंने संचालक को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अल्ट्रासाउंड करते पाए जाएंगे तो प्राथमिक दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि हो सकता है मेरे निरीक्षण की जानकारी मेरे ही किसी कर्मी द्वारा अवैध नर्सिंग होम संचालक को दिया गया होगा। यही कारण है कि अल्ट्रासाउंड मशीन गायब कर ली गई। इधर सूचना लीक होने के कारण बालूमाथ टमटमटोला में संचालित श्री हॉस्पिटल समेत कई नर्सिंग होम बंद कर फरार हो गया। उन्होंने कहा कि जो नर्सिंग होम बंद कर-के फरार हो गया है। उसके ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात होकर बालूमाथ एवं बरियातू में आधा दर्जन से अधिक अवैध नर्सिंग होम संचालित है जहां बिना सर्जन, बिना एनेस्थीसिया के धड़ल्ले से झोला छाप चिकिसक के द्वारा सिजेरियन ऑपरेशन किया जाता है। और जब भी वरीय पदाधिकारी का जांच की टीम गठित होती है तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा सूचना लीक हो जाने के कारण अवैध नर्सिंग होम संचालक सतर्क हो जाते है। बालूमाथ एवं बरियातू के अवैध नर्सिंग होम में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड करने एवं लिंग परीक्षण करने की भी बराबर शिकायत स्वास्थ्य विभाग को मिलते आया है। उपस्थित लोगों ने बालूमाथ में एक्स-रे टेक्नीशियन के रूप में काम कर रहे आलोक राज पर फर्जी सर्टिफिकेट पर कार्य करने का आरोप लगाया। सिविल सर्जन ने जांच कर कार्रवाई की बात कही। मौके पर बालूमाथ सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र प्रभारी प्रकाश बड़ाइक, जिला के स्वास्थ्य कर्मी, एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार समेत कई लोग मौजूद थे ।

## न्यूज फटाफट

### नॉक आउट फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन आज

**जयनगर :** प्रखंड में कन्द्रपडी पंचायत अन्तर्गत ग्राम सिंगारडीह में उज्जवल यंग क्लब के द्वारा नॉक आउट फुटबॉल टूनार्मेंट उद्घाटन मैच महिला टीम कोडरमा बनाम हजारीबाग के बीच 10 अक्टूबर दिन 1 बजे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव करेंगे। इस आशय की जानकारी उज्जवल यंग क्लब सिंगारडीह गुरु यादव, सोनू, भुनेश्वर, धनेश्वर, रंजीत, सूरज, दिनेश, सूरज, अमित, सीपी यादव, लालू, विनय, चुनु, रविंद्र, अरुण, नीतीश, मलिंगा, सौरभ ने दी।

### संकल्प शपथ सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित



मरकच्चो : प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में 9 अक्टूबर को बीडीओ पप्पु रज्जक की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत संकल्प शपथ सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, कोडरमा डीपीओ अनुप कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मियों के द्वारा अपने अपने पंचायत में अच्छा प्रदर्शन किया गया, जिन्हें लेकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे जामु पंचायत की मुखिया नीता कुमारी, मध्य पंचायत मरकच्चो मुखिया रानी सिंह, नावाडीह पंचायत मुखिया बैजन्ती देवी, बीपीएम नंदकिशोर प्रसाद, भीएलडब्लू रविरंजन कुमार, किसान मित्र उमाशंकर यादव, राजेंद्र प्रसाद, चंदन पांडेय, जेएसएलपीएस वसुधा देवी, पूजा देवी, सेविका अंजू देवी, ममता वर्मा को प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, डीपीओ अनुप कुमार एवम बीडीओ पप्पू रजक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रवि शंकर सिंह उर्फ रिंकू सिंह, महिला पर्यवेक्षिका माधुरी कुमारी, मुखिया बेदू साव, सुनील यादव, बसंत साव, रविंद्र गुप्ता, विजय यादव, सुभाष चन्द्र यादव, दशरथ यादव उर्फ संजू समेत विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद थे।

### स्थानांतरित बीडीओ को दी विदाई, नए बीडीओ का स्वागत



**जयनगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को समारोह आयोजित कर स्थानांतरित प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुणा कुमारी का विदाई दी गई। वहीं नए प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार को स्वागत किया गया। स्थानांतरित प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमारी को बुक के गुलदस्ता साल व माला से सम्मानित कर उपहार प्रदान किया गया वहीं दूसरी तरफ नए प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार को भूखे व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। जनप्रतिनिधियों व प्रखंड कर्मियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ किए गए कार्य व अनुभव पर चर्चा करते हुए उन्हें परिश्रमी में एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सदैव प्रयत्नशील व कर्मठ बताया। लोगों ने उनके सुखद भविष्य की कामना करते हुए तरक्की के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं स्थानांतरित प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड में अपने कार्यकाल के दौरान अनुभव और यादों को साझा किया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मियों द्वारा सरकारी कार्यों में दिन-रात सहयोग करने का काम किया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने कहा पंचायत के सभी योजनाओं का लाभ गांव के हरेक व्यक्ति तक पहुंचे इसका भरसक प्रयास किया जाएगा। जहां तक संभव होगा सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करूंगा। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, प्रमुख अंजु देवी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, जिप सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव, पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, शैलेन्द्र तिवारी, अर्चना कुमारी, मुखिया इरफान अंसारी, राजकुमार यादव, पंसस अशोक सिंह, इरशाद आलम, विकास रंजन, संजय पासवान, प्रकाश साव, विजय शर्मा, मनोज दास, गिरधारी प्रसाद, भुनेश्वर यादव सहित कई लोग मौजूद थे

### अवैध खनन व परिवहन में संलिप्तों का बख्शा नहीं जाएगा: डीसी



**पाकुड़ :**उपयुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में सभी प्रत्थर खनन पट्टेधारियों एवं क्रशर संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में मौजूद खनन पट्टाधारियों को उपायुक्त ने खदान संचालन में सभी नियमों के अनुपालन की जानकारी दी और नियम का पालन हर हाल में करने का निर्देश दिया। नियमों के तहत खदान और क्रशर प्लांट की घेराबंदी करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने, सूचना पट्ट लगाने, व्यवसायिक स्थल पर संपूर्ण दस्तावेज रखने, निरीक्षण पंजी रखने, क्रशर प्लांट में प्रदूषण मापक यंत्र लगाने, प्रदूषण नियमों के अनुपालन को लेकर जल छिड़काव एवं पौधा लगाने का काम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पट्टाधारी अपने-अपने खनन क्षेत्र के प्रवेश द्वार के पास ही साइन बोर्ड लगाना सुनिश्चित करेंगे। साइन बोर्ड में संचालक का नाम, पता, अनुज्ञप्ति नंबर, खाता नंबर, प्लॉट नंबर एवं खनन क्षेत्र का स्पष्ट विवरण होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि खनन पट्टा में निर्धारित क्षेत्र के बाहर खनन कार्य नहीं करेंगे। जांच के दौरान अगर लीज एरिया से बाहर काम करते पाए गए तो प्रावधान के तहत कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि सभी वाहनों के आगे पीछे नंबर प्लेट लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ उपायुक्त ने कहा कि सभी अपने माइनिंग एरिया का मापी 31 अक्टूबर तक कराना सुनिश्चित करें एवं सभी वाहनों में जीपीएस डिवाइस तीन महीने के अंदर तक लगाने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीओ हरिवंश पंडित, जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप कुमार, मुख्यालय डीएसपी वैद्यनाथ प्रसाद, माइनिंग इंस्पेक्टर पिंटु कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार समेत सभी पत्थर खनन पट्टेधारी एवं क्रशर संचालकों उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### प्रधानमंत्री कल एशियाई खेल 2022 में भाग लेने वाले एथलीटों के दल से करेंगे बातचीत



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल शाम यहां 4:30 बजे मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में एशियाई खेल 2022 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल के साथ बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा एशियाई खेलों 2022 में एथलीटों की उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई देने और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास है। भारत ने एशियाई खेल 2022 में 28 स्वर्ण पदक सहित कुल 107 पदक जीते है। जीते गए पदकों की कुल संख्या के सिलसिले में एशियाई खेलों में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कार्यक्रम में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के एथलीट, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों सहित युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अधिकारी भी भाग लेगें।

### देश भर में जल्द ही 1000 खेलो इंडिया सेंटर खोले जायेंगे:ठाकुर

**शिमला:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिह ठाकुर ने कहा है कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए तथा खिलाड़ियों को जिला स्तर तक बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए देश भर में जल्द ही 1000 खेलो इंडिया सेंटर खोले जाएंगे। सरकार हर जिला में खेलो इंडिया सेंटर खोलने जा रही है। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के अणु में स्थापित नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की चर्चा करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि यह सेंटर देश के चुनिंदा सेंटरों में से एक है और अभी यहां प्रशिक्षकों तथा अन्य स्टाफ के पद भरे जा रहे हैं। इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अत्याधुनिक भवन के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जा रहा है और इस भवन की आधारशिला भी जल्द ही रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर एस्ट्रोटर्फ मैदानों के लिए भी धनराशि का प्रावधान किया गया है। श्री ठाकुर ने इससे पहले अणु के खेल परिसर में भृगु कबड्डी लीग का समापन और गौतम गर्ल्स कालेज हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय पुरुष कबड्डी चौंपियनशिप का शुभारंभ किया। अंतर महाविद्यालय कबड्डी चौंपियनशिप में लगभग 61 टीमें भाग ले रही हैं। श्री ठाकुर ने उम्मीद जताई कि इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि चीन में चल रही एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने एक नया इतिहास रचते हुए पदकों की सेंचुरी पूरी की है। यह अपने आपमें एक रिकॉर्ड है।

### सुल्तान जोहर कप के लिए भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषित



**बेंगलुरु :** मलेशिया में 27 अक्टूबर से चार नवंबर के बीच खेले जाने वाले 11वें सुल्तान जोहर कप के लिये उत्तम सिंह की अगुवाई में सोमवार को 20 सदस्यीय जूनियर टीम की घोषणा कर दी गयी। राजिदर सिंह उप कप्तान के रूप में काम करेंगे। सुल्तान जोहोर कप 2023 में पिछले संस्करणों की पारंपरिक छह टीमों के बजाय इस बार आठ टीमें शामिल होंगी। भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन शामिल होंगे।

## क्रिकेट

### भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड कप 2023 में

# दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बल्ले और गेंद से बनाये कई रिकार्ड

- स्टार्क ने इशान किशन को शून्य पर आउट कर यह रिकार्ड बनाया
- वॉर्नर सचिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए विश्व कप में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने गये है



एजेंसियां

**चेन्नई:** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाडियों ने बल्ले और गेंद से कई रिकार्ड बनायें। कल खेले गये इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने गेंदबाजों के बीच क्रिकेट विश्व कप में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं। स्टार्क ने भारत के सलामी बल्लेबाज इशान किशन को शून्य पर आउट कर यह रिकार्ड बनाया।

उन्होंने महज 19 मैचों में 50 विकेट पूरे किए हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रीलंका के तेज गेंदबाज ने क्रिकेट विश्व कप में 50 विकेट तक पहुंचने के लिए 25 पारियां लीं, जबकि ग्लेन मैकग्राथ और श्रीलंका के स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 30 पारियों में यह आंकड़ा छूने वाले दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। वहीं विराट कोहली और केएल राहुल के बीच हुई 165 रनों की साझेदारी वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी भी विकेट के लिए हुई दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। विराट कोहली ने पहली बार विश्वकप मुकाबले में पिच पर रन लेते हुए अर्धशतक बनाया है।

डेविड वॉर्नर ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ते हुए विश्व कप में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने गये है। कल खेले गए मुकाबले में भारत के खिलाफ आठ रन बनाते ही उन्हें यह बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। रोहित शर्मा विश्व कप में भारत के सबसे उम्रदराज कप्तान बने। इससे पहले मोहम्मद अजहरुद्दीन विश्वकप में भारत के सबसे उम्रदराज कप्तान थे। केएल राहुल की नाबाद 97 रन की पारी विश्व कप में किसी भारतीय बल्लेबाज के 90 प्लस पर नाबाद रहने का केवल दूसरा उदाहरण है। इससे पहले वर्ष 2011 के विश्व कप फाइनल में धोनी की नाबाद 91 रनों की पारी खेली थी। कल के अपनी स्कोर के साथ ही केएल राहुल भारत के लिए एकदिवसीय विश्व कप में विकेटकीपर के तौर पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गये। इससे पहले राहुल द्रविड़ ने वर्ष 1990 के विश्वकप में 145 रनों की पारी खेली थी। ऐसा पहली बार हुआ है कि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारतीय टीम के शीर्षक्रम के चार में से तीन बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके।

## कोहली को ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' से नवाजा गया

एजेंसियां



**नयी दिल्ली :** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण करने वाले विराट कोहली को भारत के ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। रविवार को खेले गये इस मुकाबले में कोहली ने ना केवल बल्लेबाजी बल्कि सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मिचेल मार्श का शानदार कैच पकड़ा जो पूरे मैच में सबसे अधिक चर्चा में रहा। कोहली को इस शानदार कैच के लिए ड्रेसिंग रूम में सम्मानित किया गया।

बीसीसीआई ने इससे संबंधित एक वीडियो रिलीज किया है, जिसमें विराट कोहली को ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से सम्मानित करते हुए दिखा गया है। भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षक कोच टी दिलीप ने विराट कोहली को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उसके बाद विराट ने राफेल नडाल के अंदाज में इस समारोह को मनाया। इस दौरान ड्रेसिंग रूम में टीम के मौजूद सभी खिलाड़ियों ने विराट के लिए तालियां बजाईं। इससे पहले राहुल द्रविड़ ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में आज से एक छोटा सा बदलाव हो रहा है। आज फीलिंडग मेडल दिया जाएगा। इसके बाद फील्डिग कोच टी दिलीप ने कहा कि यह मेडल सिर्फ उस खिलाड़ी को नहीं मिलेगा जो अपना काम करेगा बल्कि उसे दिया जाएगा जो और खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। टी दिलीप ने इस दौरान कल खेले गये मुकाबले में अय्यर द्वारा पैट कमिस और एडम जम्पा के दो बेहतरीन कैचों का भी जिक्र किया। उल्लेखनीय है कि विराट कोहली ने कल के मैच में बल्लेबाजी करते हुए 85 रन की बेहतरीन पारी खेली। कोहली ने केएल राहुल (97) के साथ मिलकर 165 रन की साझेदारी की थी जिसकी बदौलत भारत ने यह मुकाबला छह विकेट से जीत लिया था।

## वीजा नहीं मिलने से पाकिस्तान के क्रिकेट प्रशंसकों और पत्रकारों में निराशा




एजेंसियां

**इस्लामाबाद :** आईसीसी क्रिकेट विश्वकप के मैचों को देखने के लिए भारत आने के तैयार पाकिस्तानी प्रसंशक और पत्रकार वीजा नहीं मिलने से निराश है। डॉन समाचार पत्र की आज यहां जारी रिपोर्ट के अनुसार वीजा को लेकर पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग, भारत के गृह मंत्रालय के निर्देशों का इंतजार कर रहा है। जोकि प्रसंशक के लिए पीड़ादायक, कष्टदायी इंतजार है। प्रसंशकों को मंगलवार को होने वाले श्रीलंका बनाम पाकिस्तान मुकाबले के छूटने की चिंता सता रही है। एक प्रसंशक ने रविवार को डॉन समाचारपत्र को बताया, ''सबसे बुरी बात यह है कि वीजा के कारण न आने वालों के लिए कोई रिफंड नीति नहीं है।'' उन्होंने इस बात पर निराश जताई कि मेजबान भारत पर पाकिस्तान के प्रशंसकों और पत्रकारों को वीजा देने के लिए पर्याप्त दबाव नहीं डाला गया। प्रसंशक ने कहा कि दुर्भाग्य से, क्रिकेट भारत और पाकिस्तान के बीच ख़राब राजनीतिक संबंधों का सबसे बड़ा शिकार रहा है। हालाँकि, कई प्रशंसक वीज़ा मुद्दे पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सुस्त रुख से निराश हैं। पाकिस्तानी मंत्रालय ने कहा है कि भारत को खेल को राजनीति के साथ नहीं मिलाना चाहिए।

## खेल जगत अपडेट्स

### अफगानिस्तान के साथ मैच में नहीं खेलेंगे शुभमन गिल



**मुंबई:** बीमारी से जूझ रहे भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि दाएं हाथ के बल्लेबाज गिल चेन्नई में ही रहेंगे और मेजबान टीम के विश्व कप के अगले मैच के लिए दिल्ली नहीं जायेंगे। बयान में कहा गया है, ''भारतीय टीम के बल्लेबाज शुभमन गिल नौ अक्टूबर को टीम के साथ दिल्ली नहीं जाएंगे।'' बीमारी के कारण सलामी बल्लेबाज चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुये पहले मुकाबले में नहीं खेल पाये थे। वह 11 अक्टूबर को दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ अगले मैच में भी नहीं खेलेंगे। बयान में कहा गया है, ''वह चेन्नई में ही चिकित्सीय दल की निगरानी में रहेंगे।'' गिल हाल के दिनों में भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले एकदिवसीय खिलाड़ियों में से एक रहे हैं और उन्होंने एकदिवसीय बल्लेबाज रैंकिंग में सुधार किया है और अब वह पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के बाद दूसरे स्थान पर हैं। गिल की अनुपस्थिति में साथी युवा खिलाड़ी ईशान किशन को भारत के बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर कप्तान रोहित शर्मा के साथ साझेदारी करने का एक और मौका मिल सकता है।

### न्यूजीलैंड से पार पाने के लिये नीदरलैंड को बनाने होंगे 323

**हैदराबाद :** विल यंग (70) और रचिन रविंद्र (51) के बाद डेरिल मिचेल (48) और टॉम लेथम (53) के बीच ठोस साझीदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने सोमवार को विश्व कप मुकाबले में निर्धारित 50 ओवर में सात 322 रन बनाये और नीदरलैंड को जीत के लिये 323 रन का लक्ष्य दिया। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर आखिरी के ओवरों में मिचेल सैंटनर (36 नाबाद) और मैट हेनरी (10 नाबाद) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर टीम के स्कोर को 300 के पार पहुंचा दिया।

## वरुण मित्रा एरियल एक्शन फिल्म तेजस में संगीत का तड़का लगाने के लिए तैयार



एजेंसियां

**मुंबई:** अभिनेता वरुण मित्रा एरियल एक्शन फिल्म तेजस में म्यूजिशियन की भूमिका में नजर आयेंगे। फिल्म तेजस का ट्रेलर रिलीज हो गया है।कंगना रनौत और वरुण मित्रा अभिनीत यह फिल्म एक महिला वायु सेना पायलट के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने देश की सेवा करने के लिए जुनूनी है और अपने देश के सैनिकों में गर्व की गहरी भावना पैदा करना चाहती है। इस फिल्म में वरुण मित्रा एक म्यूजिशियन की भूमिका में हैं वहीं कंगना रनौत एक वायु सेना पायलट 'तेजस गिल' की मुख्य भूमिका में नजर हैं। वरुण मित्रा ने कहा, हर अभिनेता हमेशा एक रॉकस्टार की भूमिका निभाने का सपना देखता है और मुझे खुशी है कि मुझे इस फिल्म में अरिजीत सिंह के गाने के साथ ऐसा करने का मौका मिला। यह किरदार मेरे लिए खास रहा है और अब मैं दर्शकों के हमारे साथ 'तेजस' की दुनिया में आने का इंतजार नहीं कर सकता। आरएसवीपी द्वारा निर्मित, 'तेजस' सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखित और निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमा घरों में रिलीज होगी।

## अरविंद अकेला कल्लू का गाना माटी के माई रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का गाना माटी के माई रिलीज हो गया है। गाना माटी के माई के जरिए अरविंद अकेला कल्लू शक्ति की देवी मां दुर्गा की महिमा को लेकर आये हैं।अरविंद अकेला कल्लू ने बताया कि हर साल वह देवी दुर्गा के गीत गाते हैं और जिसे दर्शकों का भी खूब प्यार और दुलार मिलता है।उन्होंने कहा कि इस बार भी यह गाना बेहद खूबसूरत है और दर्शकों को यह खूब पसंद भी आएगा। उन्होंने कहा कि 09 दिन के उपवास के साथ मां के नौ रूपों की पूजा की जाती है जिसमें संगीत के जरिए हम नवदुर्गा की स्तुति भी करते हैं हमारा यह गाना देवी दुर्गा के भक्तों को समर्पित है। अरविंद अकेला कल्लू का गाना माटी के माई कल्लू म्यूजिक वर्ल्ड के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इसके गीतकार आशुतोष तिवारी हैं और संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। प्रोड्यूसर आशु बाबा हैं।



## पवन सिंह और स्मृति सिन्हा का गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** यशी फिल्म्स के बैनर से बनी पावर स्टार पवन सिंह और अभिनेत्री स्मृति सिन्हा की फिल्म आज जीने की तमन्ना है, का गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' रिलीज हो गया है। गाना आज धरती पे उतरल बा चांद यशी फिल्म्स के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। पवन सिंह ने कहा कि गाना हमारे दर्शकों को पसंद आया यही हमारी सफलता है।

वे हमारे भगवान है। उनके लिए ही मैं गाता हूँ और माँ सरस्वती की कृपा से दर्शकों को मेरी गायकी पसंद आती है। एक कलाकार के नाते इससे बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं है।

जहां तक बात इस गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' की है, तो इस गाने में स्मृति सिन्हा के साथ मिलकर हमने लाजवाब काम किया है। स्मृति सिन्हा ने कहा कि पवन सिंह इंडस्ट्री के पावर स्टार तो हैं, उम्दा कलाकार भी हैं।



इसलिए जब भी उनके साथ कोई काम करती हूँ तो बहुत मजा आता है। हम इस गाने को कितना इन्जॉय कर रहे हैं, इसके लिए आप इस गाने को एक बार जरूर देखिए और सुनिए। बहुत मजा आने वाला है। गाना 'आज धरती पे उतरल बा चाँद' को पवन सिंह और दलिया चक्रवर्ती ने मिलकर गाया है। इस गाने के गीतकार सच्चिदानंद हैं और संगीत गुरवंत सेन हैं।

## रितेश पांडेय का देवी गीत आदि भवानी रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने गायक-अभिनेता नवरात्र स्पेशल देवी गीत आदि भवानी रिलीज हो गया है। शारदीय नवरात्र शुरू होने में अब कुछ ही दिन बांकी हैं, उससे पहले रितेश पांडेय का गाना आदि भवानी रिलीज हो गया है। यह गाना ऋद्धि म्यूजिक वर्ल्ड से रिलीज हुआ है। इस गाने को लेकर रितेश पांडेय ने कहा कि शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करने से माता रानी की कृपा प्राप्त होती है और घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। नवरात्रि उत्सव रंग, परंपरा, संगीत और नृत्य का उत्सव है। सब समय अपने अंतरंग में उतरने का और अपनी ऊर्जा के स्तर में वृद्धि करने का है।

## प्रियंका सिंह और माही श्रीवास्तव का देवी गीत 'निमिया की डाढ़ मइया' रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का देवी गीत 'निमिया की डाढ़ मइया' रिलीज हो गया है। 'निमिया की डाढ़ मइया' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वीडियो में माँ की बखान करते हुए माही श्रीवास्तव कहती हैं कि 'निमिया की डाढ़ मइया लावेली असानवा कि झूली रे झूली ना, हो कि झूली रे झूली ना, मइया वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत देवी गीत 'निमिया की डाढ़ मइया'के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।

## मेरा पिया घर आया का रीक्रिएटेड वर्जन रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** फिल्म याराना के सुपरहिट गाना मेरा पिया घर आया का रीक्रिएटेड वर्जन रिलीज कर दिया गया है। फिल्म याराना में मेरा पिया घर आया माधुरी दीक्षित पर फिल्माया गया था। अब इस गाने का रीक्रिएटेड वर्जन रिलीज कर दिया गया है।

## प्रदेश >> अपडेट

### हिमाचल के कुल्लू में भूकंप के हल्के झटके

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में कुल्लू जिले की पहाड़ियों में सोमवार की सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। मौसम विभाग के मुताबिक 07.18 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.8 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 31.46 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.64 डिग्री पूर्वी देशांतर पर जमीन की सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में रहा।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पूरी ताकत से लड़ेंगे चुनाव : केजरीवाल

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पाँच राज्यों के चुनाव की घोषणा के बाद कहा कि वह राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे। केजरीवाल ने कहा तीनों राज्यों में हमारी पार्टी की तैयारी पूरी है। हम राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की उम्मीदवारों की लिस्ट जल्द ही आने वाली है। उन्होंने इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि जो भी होगा इस बारे में बताया जाएगा। ग़ौरतलब है कि चुनाव आयोग ने आज पाँच राज्यों में चुनाव की घोषणा की जिसमें छत्तीसगढ़ को छोड़कर बाकी चार राज्यों में एक :एक चरण में ही चुनाव संपन्न होंगे। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान कराया जाएगा।

### मध्यप्रदेश के विकास को ध्यान में रखकर मतदान करे जनता : कमलनाथ

**भोपाल:** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि प्रदेश की जनता राज्य के विकास को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तैयारी और मतदान करे। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, 17 नवंबर का दिन सत्य के शासन की पुनर्स्थापना करने का दिन होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की समस्त जनता से निवेदन है कि राज्य के विकास और भविष्य को निगाह में रखकर चुनाव की तैयारी करें और सही समय पर सही जगह उंगली रखकर नए मध्यप्रदेश के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करें।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बस पलटने से डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल

**शहडोल:** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के खन्नौधी गाँव में आज एक बस के पलट जाने से डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार बुढ़वा :ब्योहारी होकर शहडोल आ रही एक बस ग्यारह बजे खन्नौधी गाँव में सैनिक ढाबा के पास पलट गई। बस में 45 यात्री सवार थे। हादसे में 20 यात्री घायल हुए हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए पास के जयसिंहनगर और खन्नौधी अस्पताल भेजा गया, जिसमें से 4 गंभीर घायलों को शहडोल मेडिकल कालेज भेजा गया है। हादसे के कारण एक बैल का अचानक बस के सामने आ जाना बताया गया है।

### हम अपने अधिकारों के लिए अपनी लड़ाई बंद नहीं करेंगे: अभिषेक

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह आशावादी हैं कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस बंगाल के लोगों की मांग सुनेंगे। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे बनर्जी ने एक्स पर कहा,हम राजभवन के बाहर अपने शांतिपूर्ण धरने के पांचवें दिन में प्रवेश कर रहे हैं और मैं पूरे जोश और दृढ़ संकल्प के साथ बंगाल के लोगों के अधिकारों को कायम रखना जारी रखूंगा। उन्होंने कहा,कल, राज्यपाल ने आखिरकार हमारे प्रतिनिधिमंडल से मिलने का फैसला किया। मैं उत्सुकता से बैठक का इंतजार कर रहा हूं और आशावादी हूं कि राज्यपाल बंगाल के लोगों की मांग सुनेंगे।

**हादसा**

### अफगानियों के लिए भूकंप से उबरना बहुत कठिन

# हेरात के भूकंप में दो हजार से अधिक मारे गये

- 135 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई
- 500 घर कथित तौर पर नष्ट हो गए
- 4,200 लोगों के प्रभावित होने का अनुमान

राष्ट्रीय खबर



**काबुल:** तालिबान ने रविवार को कहा कि पश्चिमी अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद 2,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, जबकि देश गहरे आर्थिक संकट के समय एक और भूकंप से जूझ रहा है। 6.3 तीव्रता का भूकंप शनिवार को पश्चिमी हेरात प्रांत के हेरात शहर से 25 मील (40 किलोमीटर) पश्चिम में आया - जो अफगानिस्तान में तीसरा सबसे बड़ा भूकंप है।

तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मोजाहिद ने बताया कि मारे गए लोगों की संख्या 2,053 है, जबकि 1,240 से अधिक लोग घायल हुए हैं और 1,320 घर पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो गए हैं। आशंका है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। मोजाहिद ने कहा, बचाव दल हेरात प्रांत में पहुंच गए हैं और भोजन, पानी, दवाएं और कपड़े भी घटनास्थल पर भेजे गए हैं। शुरूआती भूकंप पड़ोसी प्रांत बदघिस और फराह में भी महसूस किया गया और उसके बाद कई झटके आए।

संयुक्त राष्ट्र के पहले के आकलन में लगभग 100 मृतकों और 500 घायलों की कम संख्या का संकेत दिया गया था। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि लगभग 500 घर कथित तौर पर नष्ट हो गए और 135 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। ओसीएचए ने कहा, कुल मिलाकर, अब तक 4,200 लोगों (600 परिवार) के प्रभावित होने का अनुमान है।

तस्वीरों में इमारतों के ढहने के बाद बड़े पैमाने पर मलबा और मलबा दिखाई दे रहा है। जीवित बचे लोगों की भीड़ सुरक्षा के लिए सड़कों पर जमा हो गई थी। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि अन्य बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में दश्त होव्स, बहादोरजई, जोरियान और कोश्कक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अनुमानित 300 परिवारों (लगभग 2,100 लोगों) को हेरात शहर में विस्थापित किए जाने की सूचना है जहां वे परित्यक्त इमारतों में रह रहे हैं।

चल रहे भीषण आर्थिक और भुखमरी संकट के बीच हाल ही में आए भूकंपों की एक श्रृंखला से अफगानिस्तान को काफी नुकसान हुआ है, जिसमें संयुक्त रूप से हजारों लोग मारे गए और विस्थापित हुए। यह देश लंबे समय से एशिया के सबसे गरीबों में से एक रहा है और दशकों से संघर्ष से तबाह हो गया है। लेकिन 2021 में अराजक अमेरिकी वापसी के बाद तालिबान के सत्ता पर कब्जा करने के बाद से प्राकृतिक आपदाओं पर प्रतिक्रिया करने की इसकी क्षमता और भी बाधित हो गई है, एक ऐसी घटना जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों को बाहर निकलना पड़ा।

इसके कारण वाशिंगटन और उसके सहयोगियों को देश के लगभग 7 बिलियन डॉलर के विदेशी भंडार को रोकना पड़ा और अंतर्राष्ट्रीय फंडिंग में कटौती करनी पड़ी। इस स्थिति ने पहले से ही सहायता पर अत्यधिक निर्भर अर्थव्यवस्था को पंगु बना दिया है। पिछले हफ्ते विश्व बैंक ने चेतावनी दी थी कि दो तिहाई अफगान परिवार वर्तमान में अपनी आजीविका बनाए रखने में महत्वपूर्ण चुनौती का सामना कर रहे हैं। इससे अफगानियों के लिए भूकंप से उबरना बहुत कठिन हो जाता है, जो उस देश में एक नियमित घटना है जो अक्सर भूकंपीय गतिविधि का अनुभव करता है।

## सियासी रोटी सेंकने की बजाय पीड़ितों का न्याय दिलायें: शिवपाल



एजेंसियां

**लखनऊ :** देवरिया में पिछले दिनो छह लोगों की हत्या के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक शलभ मणि त्रिपाठी के बयान पर पलटवार करते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) के महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि इस मामले मे सियासी रोटी सेंकने के बजाय प्रशासन की जवाबदेही तय की जानी चाहिये। यादव ने सोमवार को एक्स (पूर्व में ट्वीट) किया देवरिया कांड पर मा विधायक कह रहे हैं कि अगर सपा की हैसियत है तो उनकी एक हजार जांच करा ले। विधायक जी, सपा तो विपक्ष में है। उन्होने कहा आप सियासी रोटी सेंकना बंद कर प्रशासन की जवाबदेही व जिम्मेदारी तय करा लें और अगर पीड़ितों को निष्पक्ष न्याय दिलाने की आप में हैसियत हो तो न्याय जरूर दिला दें। गौरतलब है कि पिछली दो अक्टूबर को जमीनी विवाद मे एक परिवार के पांच सदस्यों समेत छह लोगों की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुये भाजपा विधायक शलभ मणि ने कहा था कि समाजवादी पार्टी के गुंडे उन पर आरोप लगाते हैं। वह चुनौती देते है कि अगर उनकी हैसियत है तो एक हजार जांच करा लो। प्रदेश की जनता ने सपा का गुंडाराज देखा है। हम उनकी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं।

## ओबीसी समाज की हितैषी बनने का दिखावा कर रही हैं भाजपा-कांग्रेस: मायावती



एजेंसियां

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पर वोटों की खातिर ओबीसी समाज को लुभाने का आरोप लगाते हुये राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना की मांग दोहरायी है। बसपा संस्थापक कांशीराम को उनके परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धाजंलि अर्पित करने के बाद उन्होने कहा कि बसपा मूवमेन्ट के सामने जातिवादी, संक्रीर्ण, साम्प्रदायिक, पूंजीवादी एवं गरीब:विरोधी ताकतों द्वारा अब काफी चुनौतियाँ बढ़ गयी हैं। इनके अकूत धन व संसाधनों का दुरुपयोग करने के साथ ही उनके साम, दाम, दण्ड, भेद आदि हथकण्डों का बसपा द्वारा केवल अपनी एकजुटता, समर्पण तथा जनाधार को बढ़ाकर सामना किया जा सकता है, जो कांशीराम का सपना है और जिस राह पर चलकर यूपी में बसपा की चार बार सरकार बनी तथा यहाँ सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति की मज़बूत नींव पड़ी व सबको न्याय मिला। उन्होने कहा कि जातिवादी एवं आरक्षण विरोधी पार्टियाँ/तत्व विशेषकर भाजपा व कांग्रेस लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र बहुजनों के वोटों के स्वार्थ की खातिर आज कल अपने आपको ओबीसी समाज का नया हितैषी दिखाने की होड़ में है, लेकिन दलितों व आदिवासियों के साथ:साथ 'बहुजन समाज' के खास अंग ओबीसी एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों के हित व कल्याण तथा उनके संवैधानिक हक को लेकर कांशीराम का संघर्ष डा. भीमराव अम्बेडकर के बाद बेहतरीन व बेमिसाल है।

बसपा सुप्रीमो ने ओबीसी की यूपी और राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना/सर्वे कराने की मांग दोहरायी और कहा कि इससे इंकार करने वाले आरक्षण विरोधी उसी जातिवादी सोच के लोग हैं जो एससी व एसटी वर्ग के आरक्षण को निष्क्रिय एवं निष्प्रभावी बनाने का षडयंत्र लगातार करते रहते हैं तथा इनके आरक्षण के बैकलॉंग को भी नहीं भरते हैं। इस कारण नीति निर्धारण में 'बहुजन समाज' के लोगों की भूमिका नहीं है, इस अति:दु:खद व चिन्तनीय स्थिति को बदलना जरूरी है।

## इजरायल के समर्थन में युद्धपोत, लड़ाकू विमान भेज रहा है अमेरिका : ऑस्टिन



एजेंसियां

**वाशिंगटन:** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने रविवार को कहा कि हमास लड़ाकों के साथ संघर्षरत इजरायल के समर्थन में उनका देश पूर्वी भूमध्य क्षेत्र में युद्धपोत और लड़ाकू विमान भेज रहा है। ऑस्टिन ने अपने बयान में कहा कि यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर जाने का निर्देश दिया गया है, जिसमें एक विमान वाहक, एक निर्देशित मिसाइल क्रूजर और चार निर्देशित मिसाइल विध्वंसक शामिल हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय मुख्यालय पेंटागन ने उस क्षेत्र में अमेरिकी वायु सेना के एफ:35, एफ:15, एफ:16 और ए:10 लड़ाकू विमानों के स्क्वाड्रन को आगे बढ़ाने के लिए भी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका इजरायल रक्षा बलों को युद्ध सामग्री सहित अतिरिक्त उपकरण और संसाधन तेजी से उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि इजरायल को अमेरिकी सुरक्षा सहायता का पहला खेप रविवार से रवाना होगा और आने वाले दिनों में पहुंचेगा। इजरायली मीडिया ने सरकारी अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अमेरिका ने यह निर्णय शनिवार को हमास द्वारा इजरायल में हजारों रॉकेट दागे जाने के बाद लिया है, जिसके बाद इजरायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष तेज हो गया तथा अब तक कम से कम 700 इजरायली मारे जा चुके हैं। गाजा में फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इजरायली सेना ने हमास द्वारा नियंत्रित गाजा में हवाई हमलों से जवाब दिया, जिसमे कम से कम 313 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इससे पहले रविवार को इजरायल के सुरक्षा मंत्रिमंडल ने आधिकारिक रूप से घोषणा की कि वह आने वाले दिनों में गाजा में सार्थक सैन्य अभियान चलाएगा।

## चुनाव शत्रुता का नहीं, विचारधारा का संघर्ष : शिवराज



एजेंसियां

**सीधी :** मध्यप्रदेश में चुनाव तारीखों के ऐलान के साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि चुनाव में व्यक्तिगत आरोप:प्रत्यारोप से बचना चाहिए और ये शत्रुता का नहीं, विचारधारा का संघर्ष है। चौहान सीधी जिले के रामपुर नैकिन में प्रधानमंत्री उज्वला योजना हितग्राही सम्मेलन एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव सबसे बड़ा उत्सव है। चुनाव से सरकार बनती है, जो प्रदेश और जनता का भविष्य तय करती है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता चुनाव में बढ़चढ़कर उत्साह के साथ भाग लें। मुख्यमंत्री ने राजनीतिक दलों से भी अपील की कि मध्यप्रदेश शांति का टापू और शालीनता का प्रतीक है, इसलिए चुनाव जरुर लड़ें, लेकिन व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से बचें। ये शत्रुता नहीं, विचारधाराओं का संघर्ष है। सरकार अपनी बात कहे, विपक्ष अपनी। अच्छे माहौल में मध्यप्रदेश का चुनाव हो।

**खोज**

### वीरान पड़े खदान में शोध के दौरान वैज्ञानिकों को पता चला

# फ्रांस में प्राकृतिक हाइड्रोजन का विशाल भंडार

- मीथेन की खोज में यह जानकारी आयी
- प्रदूषणरहित ऊर्जा उत्पादन में सहयोगी
- और गहराई में खोज करेंगे वैज्ञानिक

राष्ट्रीय खबर



**पेरिस:** आर्थिक चुनौतियों से जूझते फ्रांस के हाथ एक कीमती लॉटरी लगी है। वहां के एक परित्यक्त कोयला खदान सफेद हाइड्रोजन का भंडार होने का अनुमान है। इस एक सफलता की तलाश में, विश्व में फ्रांस की अहमियत बढ़ जाएगी। यूक्रेन वनाम रूस के युद्ध की वजह से पूरा यूरोप ईंधन संबंधी परेशानियों से जूझ रहा है। इसके बीच ही फ्रांस के पास इस सफेद हाइड्रोजन के भंडार का पता चला है। बता दें कि यह सफेद हाइड्रोजन प्राकृतिक हाइड्रोजन है। जिसे गोल्डन हाइड्रोजन के नाम से भी जाना जाता है। यह प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला आणविक हाइड्रोजन पृथ्वी पर पाया जाता है।

लोरेन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की एक टीम पूर्वोत्तर फ्रांस के लोरेन क्षेत्र में एक परित्यक्त कोयला खदान में अनुसंधान कर रही थी। वे शोधकर्ता मुख्य रूप से मीथेन गैस की तलाश में थे। शोधकर्ता यह जानने के लिए भी उत्सुक थे कि उस परित्यक्त कोयला खदान में कितनी मीथेन है। हालाँकि, शोधकताओं को उस कोयला खदान में ज्यादा मीथेन नहीं मिला। इसके बदले उन्हें जो मिला वह अधिक मूल्यवान है।

शोधकताओं को उस देश के उत्तर-पूर्व में परित्यक्त कोयला खदान में सफेद हाइड्रोजन मिला। शोधकताओं का मानना है कि यह सफेद हाइड्रोजन का दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा भंडार हो सकता है। यदि लोरेन विश्वविद्यालय के शोधकताओं का अनुमान सही है, तो इस क्षेत्र में कुल 4.6 मिलियन टन सफेद हाइड्रोजन है, जो यूरोप को जीवाश्म ईंधन के उपयोग से दूर जाने में मदद कर सकता है जो पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं। श्वेत हाइड्रोजन प्राकृतिक हाइड्रोजन है जिसे स्वर्ण हाइड्रोजन भी कहा जाता है। यह प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला आणविक हाइड्रोजन है। इस प्राकृतिक हाइड्रोजन का अस्तित्व मुख्यतः भूमिगत जलाशयों में देखा जा सकता है। प्राकृतिक हाइड्रोजन प्रयोगशालाओं या उद्योग में उत्पादित हाइड्रोजन से बहुत अलग है।

हरित हाइड्रोजन नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से पानी के इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा उत्पादित किया जाता है। दूसरी ओर ग्रे, भूरा और काला हाइड्रोजन जीवाश्म स्त्रोतों से उत्पन्न होता है। इस सभी हाइड्रोजन का उत्पादन करते समय कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होता है, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इसके अलावा, इन हाइड्रोजन के उत्पादन के दौरान कई अन्य हानिकारक ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित होती हैं। हालाँकि, प्राकृतिक हाइड्रोजन पुनर्चक्रण योग्य है। इस हाइड्रोजन से प्रदूषण नहीं होता है। और इसीलिए इस हाइड्रोजन को सफेद कहा जाता है। कारखानों में उत्पादित हाइड्रोजन के निर्माण की लागत के अलावा, प्राकृतिक हाइड्रोजन में ऐसी कोई क्षमता नहीं है। इस हाइड्रोजन को बहुत ही कम लागत में एकत्रित करके उपयोग में लाया जा सकता है। श्वेत हाइड्रोजन में भविष्य में एक महत्वपूर्ण और अटूट ऊर्जा स्त्रोत बनने की क्षमता है। और इसीलिए यह हाइड्रोजन इतना मूल्यवान है। लेकिन सफेद हाइड्रोजन प्रकृति में इतनी कम मात्रा में पाया जाता है कि इसके उपयोग की गुंजाइश बहुत कम है।

## न्यूज फटाफट

### जापान के इजू द्वीप समूह में भूकंप के झटके

**टोक्यो :** जापान के इजू द्वीप समूह में रविवार की रात मध्यम स्तर के भूकंप के झटके महसूस किये गये। यह जानकारी अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने सोमवार को दी। भूकंप का केंद्र 29.79 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 140.04 डिग्री पूर्वी देशांतर में 10 किलोमीटर की गहराई में था।

### फिलिस्तीनी:इजरायल संघर्ष के दौरान गाजा में 1,23,000 फिलिस्तीनी विस्थापित हुए

**गाजा:** फिलिस्तीन और इजरायल के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण 1,23,000 से ज्यादा फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी में अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह जानकारी मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने दी। ओसीएचए ने एक बयान में कहा कि रविवार रात 9 बजे तक, गाजा में 1,23,538 फिलिस्तीनी विस्थापित हो चुके थे। उल्लेखनीय है कि हमास ने इजरायल पर शनिवार सुबह गाजा पट्टी से एक अभूतपूर्व रॉकेट हमला किया। इजरायली सेना के अनुसार हमास ने इजरायल पर 3,000 से ज्यादा रॉकेट दागे और हमास के दर्जनों लड़ाकों ने दक्षिणी इजरायल के सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की। इजरायली सेना ने उसके बाद फिलिस्तीनी बलों से उन्हें फिर से जीतने के लिए दक्षिणी क्षेत्रों में अपने सैनिकों को भेजा और गाजा में हमास के ठिकानों पर हमला करना शुरू कर दिया। इजरायली सरकार ने रविवार को घोषणा किया कि उसने बुनियादी कानून के अनुच्छेद 40 को लागू किया है, जिसका मतलब है कि देश आधिकारिक रूप से युद्ध में प्रवेश कर चुका है। इस संघर्ष में दोनों पक्षों ने सैकड़ों मौत और हजारों घायल होने की रिपोर्ट हैं।

### इंडोनेशिया में भूकंप के झटके

**जकार्ता:** इंडोनेशिया के मिनाहासा प्रायद्वीप, सुलावेसी में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 0350 बजे 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने दी। भूकंप का केंद्र 0.37 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 122.28 डिग्री पूर्वी देशांतर में 129.7 किलोमीटर की गहराई में था।

### कंबोडिया में बर्ड फ्लू से दो लोगों की मौत

**नोम पेन्ह:** पूर्वी कंबोडिया में बर्ड फ्लू वायरस से स्वे रिएंग प्रांत के एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जो इस साल अब तक देश में एच5एन1 मानव एवियन इन्फ्लूएंजा से से दूसरी मौत है। स्वास्थ्य मंत्रालय (एमओएच) ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि सात अक्टूबर को उस व्यक्ति में एच5एन1 बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। उसकी मृत्यु से पहले उसके और उसके पड़ोसियों की लगभग 50 मुर्गियां मर गईं। बाद में इन मृत मुर्गियों को खाने के लिए ग्रामीणों के बीच बांट दिया गया। मंत्रालय ने कहा कि उनके अधिकारी संक्रमण के स्रोत की जांच कर रहे हैं और किसी भी संदिग्ध मामले या पीड़ित के संपर्क में आए लोगों की भी जांच कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बर्ड फ्लू अभी भी लोगों, विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने लोगों से बीमार या मृत मुर्गे न खाने का आग्रह किया है। वर्ष 2003 से अब तक, इस वायरस से दक्षिण पूर्व एशियाई देश में करीब 58 संक्रमित मामले पाए गए हैं और 39 लोगों की मौत हो चुकी है।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान में उत्तर :पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग, इंटर :सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि उत्तरी वजीरिस्तान जिले के रजमाक इलाके में शनिवार को सैनिकों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया। बयान के अनुसार, मारे गए आतंकवादी के पास से हथियार और गोला :बारूद बरामद किए गए, वह सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने और निर्दोष लोगों की हत्या में सक्रिय रूप से शामिल था। आईएसपीआर के अनुसार, इस क्षेत्र में सभी आतंकवादी गतिविधियों को समाप्त करने के लिए क्षेत्र में आतंकी :विरोधी अभियान चलाया जा रहा है।

### दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत

**कैनबरा:** दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार पायलट और उसके पुत्र की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने सोमवार को दी। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया पुलिस ने सोमवार को इस दुर्घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रविवार शाम दुर्घटना में पायलट के 24 वर्षीय बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी जबकि उन्हें गंभीर हालत में रॉयल एडिलेड अस्पताल में भर्ती किया गया जहां रात में उनकी मौत हो गई। दोनों पिता :पुत्र हल्के विमान सेसना में उड़ान भर रहे थे, जब रविवार को स्थानीय समयानुसार शाम 4 :00 बजे एडिलेड से लगभग 200 किमी उत्तर में छोटे शहर क्रिस्टल ब्रुक के समीप एक खेत में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ऑस्ट्रेलियाई परिवहन सुरक्षा ब्यूरो (एटीएसबी) के विमान संचालन, रखरखाव और इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता रखने वाले जांचकर्ता दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए सोमवार को घटनास्थल पर पहुंचे। रविवार को एक बयान में एटीएसबी ने प्रत्यक्षदर्शियों या उड़ते विमान की वीडियो निकालने वाले व्यक्तियों को जांच में सहायता करने के लिए सामने आने का आग्रह किया।

### आज का इतिहास

- 1756 : ब्रिटिश गवर्नर जनरल रॉबर्ट क्लाइव ने कलकत्ता पर पुन: कब्जे के लिए मद्रास कूच किया।
- 1868 : क्यूबा ने स्पेन से स्वतंत्रता पाने के लिए विद्रोह किया।
- 1906 : भारतीय उपन्यासकार आर. के. नारायण का जन्म।
- 1910 : वाराणसी में मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता मे प्रथम अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- 1942 : सोवियत संघ ने आस्ट्रेलिया के साथ अपने राजनयिक संबंध की शुरुआत की।
- 1954 : बॉलीवुड अभिनेत्री रेखा का जन्म।
- 1964 : टोक्यो में हुए ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का पहली बार दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया गया।
- 1970 : फिजी ने स्वतंत्रता प्राप्त की।
- 1971 : अमेरिका के एरिजोना के लेक हवासु शहर में लंदन ब्रिज को पुनर्निर्मित किया गया। इसे ब्रिटेन से खरीदकर और तोड़कर अमेरिका लाया गया।
- 1986 : सैन सल्वाडोर में 7.5 तीव्रता वाले भूकंप में 1,500 लोगों की मौत।
- 1990 : अमेरिका का 67वां मानव अंतरिक्ष मिशन डिस्कवरी 11 अंतरिक्ष से लौटा।
- 1991 : भारत ने विश्व कैरम प्रतियोगिता का टीम खिताब जीता।
- 1992 : हुगली पुल विद्यासागर सेतु खुला।
- 1999 : सन 2006 में राष्ट्रकुल खेल मेलबोर्न में कराये जाने की घोषणा।
- 2000 : लंका के पूर्व प्रधानमंत्री सिरीमाओ भंडारनायके का निधन।

2001 : बंगलादेश में खालिदा जिया ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण की।

- 2003 : भारत ने इस्रायल, रूस के सात एवाक्स निर्माण के लिए समझौता किया।
- 2008 : निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक के शेरों में भारी गिरावट दर्ज की गई।
- 2005 : एंजेला मार्केल जर्मनी की पहली महिला चांसलर बनीं।
- 2011 : गजल गायक जगजीत सिंह का निधन।
- 2014 : भारत के कैलाश सत्यार्थी को नोबेल पुरस्कार की घोषणा।
- 2015 : तुर्की के अंकारा में एक शांति रैली में बम विस्फोट से कम से कम 95 लोग मारे गए और 200 घायल हुए।

# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची मंगलवार

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

10:10:2023




## रूपी सोरेन की स्थिति पहले से बेहतर

रांची: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरन की स्थिति में पहले से सुधार है। सोमवार को भी वे अस्पताल में चिकित्सकों की गहन निगरानी में रहीं। वे निमोनिया से पीड़ित हैं। चेस्ट इंफेक्शन के कारण सांस लेने में परेशानी हो रही थी। दवाएं दी जा रही है। अस्पताल के निदेशक डॉ। नितेश प्रिया ने बताया कि उनकी स्थिति रविवार की तुलना में काफी बेहतर है। अभी एक-दो दिन अस्पताल में ही चिकित्सकों की निगरानी में रहने के बाद उन्हें छुट्टी दी जाएगी।

**जुर्माना** कई लाभुकों से वसूली गयी है एक-एक लाख से अधिक की राशि, सैकड़ों चिन्हित

# फर्जी लाल कार्ड बनाकर लाभ लेने वालों के विरुद्ध कार्रवाई, 17 लाख का जुर्माना

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** राशन का मुफ्त चावल खाने का खामियाजा अब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जितना का चावल खाएं उससे ज्यादा की राशि सरकार वसूल रही है। विभाग की ओर से फर्जी लाल कार्ड और पीला कार्ड के लाभुकों को चिन्हित कर चावल की राशि वसूली जा रही है। इस क्रम में खाद आपूर्ति विभाग में 23 लोगों को चिन्हित किया है। जिसके विरुद्ध 17 लाख 80 हजार रुपए वसूली के लिए नोटिस निर्गत किए गए हैं। इनमें से अब तक छह लाभुकों से 5 लाख 29 हजार 620 रुपये की वसूली की गई है। : अधिकारी ने बताया कि फर्जी लाल कार्डधारी और पीला कार्डधारी लाभुकों को चिन्हित किया जा रहा है। उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की प्रक्रिया चालू है। वैसे लाभुक जो सक्षम होने के बावजूद लाल कार्ड का उपयोग किया और अनाज के साथ-साथ आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि लाभुक भी हैं, जिनके पास पक्का मकान और अच्छी खासी संपत्ति है। फर्जी लाभुकों के बारे में बताया गया कि लाल कार्ड बनाने का उद्देश्य अनाज नहीं था। ऐसे लाभुक कभी अनाज नहीं उठाये। लेकिन आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया। जिसके कारण एक लाख से ऊपर की क्षतिपूर्ति का भुगतान करना पड़ा। डीएसओ ने बताया कि लाल कार्ड के माध्यम से बहुत लोगों ने लाभ उठाया है। जबकि वह आर्थिक रूप से सक्षम है। उन्हें किसी भी प्रकार से लाल कार्ड के माध्यम से मिलने वाला लाभ नहीं मिलना चाहिए। अभी तो 23 लोगों को ही चिन्हित किया गया है। जबकि सैकड़ों ऐसे लोग मिल जाएंगे जो इसका लाभ उठा रहे हैं। फिर उठ चुके हैं उन्होंने वैसे लोगों से आग्रह किया है कि अगर सक्षम है तो वह लाल कार्ड सरेंडर कर दें।

# विष्णु अग्रवाल से रिम्स और भानु से जेल में की पूछताछ

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** जमीन घोटाला मामले में रांची पुलिस भी अपनी जांच को लेकर रेस है। सदर थाने में दर्ज मामले को लेकर पुलिस के द्वारा झारखंड के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल और बड़गाई अंचल के सीआई भानु से पूछताछ की गई है। विष्णु अग्रवाल से रिम्स में जबकि भानु से जेल में पूछताछ हुई है। जमीन घोटाला मामले में ईडी ने विष्णु अग्रवाल और भानु दोनो की ही गिरफ्तार किया है। विष्णु अग्रवाल जेल में बीमार होने के बाद वर्तमान में न्यायिक हिरासत में रिम्स में भर्ती हैं।

जबकि भानु जेल में हैं। रांची पुलिस से जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची के सदर थाने की पुलिस ने रिम्स में भर्ती कारोबारी विष्णु अग्रवाल और जेल में बंद बड़गाई अंचल के सीआई भानु प्रताप से पूछताछ की, मामले के अनुसंधानक ने दोनों से सेना की जमीन घोटाले को लेकर जरूरी पूछताछ की है। इस क्रम में सीआई भानु से उस भूखंड का म्युटेशन किए जाने के आधार को लेकर काफी देर तक गहरायी से पूछताछ की गई, साथ ही भानु के आवास से जब्त किए जमीन के कागजातों के बारे में भी पूछताछ की गई। वहीं आईओ ने रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कारोबारी विष्णु अग्रवाल से भी सेना की जमीन की खरीदारी किए जाने के संबंध में भी जानकारी ली।

पूछताछ के दौरान कारोबारी और सीआई से जमीन घोटाला के संबंध में कई अहम जानकारी मिली है। इस आधार पर पुलिस मामले में अब आगे की कार्रवाई करेगी। गौरतलब है कि सदर थाना में दर्ज मामले को लेकर ही पुलिस अपने स्तर से मामले का अनुसंधान कर रही है।

ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए गए भानु प्रताप पर रांची के सदर थाने में भी प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंडिंग के केस में आरोपी राजस्व उपनिरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद पर नए सिरे से रांची पुलिस ने केस दर्ज किया था। 13 अप्रैल को ईडी की टीम ने जब भानू के निजी आवास पर छापेमारी की थी, तब भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज बरामद किए गए थे। इस मामले में बड़गाई सीओ मनोज कुमार के बयान पर भानू प्रताप प्रसाद के खिलाफ केस संख्या 272/23 दर्ज किया गया था।

# हाईकोर्ट में सीएम हेमंत की क्रिमिनल रिट पर सुनवाई 17 अक्तूबर को

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार को आंशिक सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 अक्तूबर की डेट तय की है। अगली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और प्रार्थी की ओर से बहस की जाएगी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। हेमंत सोरेन की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चन्द्रा ने बहस की। दरअसल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है। जिसमें उन्होंने अदालत से यह गुहार लगाई है कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द किया जाए। मुख्यमंत्री ने जिस एफआईआर को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है, वह पश्चिमी सिंहभूम जिले के आदित्यपुर थाना में दर्ज है। इस प्राथमिकी का कांड संख्या 418/2014 है। इस प्राथमिकी में हेमंत सोरेन को आईपीसी की धारा 188,506 और आरपी एक्ट (रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट) की धाराओं में आरोपी बनाया गया है। दरअसल वर्ष 2014 के चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे। उस दौरान उनपर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। आचार संहिता से जुड़े इस मामले की सुनवाई पश्चिमी सिंहभूम जिले की सिविल कोर्ट में चल रही है।

### झारखंड छात्र जदयू ने आरयू के कुलपति से की शिष्टाचार मुलाकात

रांची: झारखंड छात्र जदयू ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से की मुलाकात की। अजीत ने छात्र जदयू का रांची विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में संवैधानिक तरीके से काम करने की अनुमति दी। उन्होंने कहा कि खुशी होती है कि जब कोई संगठन छात्रों की समस्या को लेकर हमारे पास आते हैं। हम यहां छात्रों के शैक्षणिक माहौल और प्रशासनिक सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। त्वरित कार्यवाही और समस्या का निदान कर खुशी मिलती है ।झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आशिफ इकबाल ने कहा कि ये छात्र जदयू दूसरे संगठनों से हटकर संवैधानिक तरीके से काम करती है। हमारा मकसद हंगामा करके उच्च अधिकारियों को धमकाना नहीं, बल्कि संवैधानिक तरीके से छात्रों का कल्याण करना है।

# 11 अक्टूबर को राज्य भर के मिशनरी स्कूलों में अवकाश की घोषणा



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो का पार्थिव शरीर 11 अक्टूबर को संत मरिया महागिरजा घर में दफनाया जाएगा। इसको लेकर राज्य भर के मिशनरी स्कूलों में 11 अक्टूबर को छुट्टी की घोषणा की गयी है। झारखंड खीस्तीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान के सचिव फादर एरेसियुस मिंज ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। मालूम हो कि रोमन कैथोलिक (आरसी मिशन) द्वारा संचालित सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय में फादर व सिस्टर के द्वारा पठन- पाठन का कार्य किया जाता है। इसे देखते हुए अवकाश की घोषणा की गयी है, ताकि वे लोग कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो के दफन संस्कार कार्यक्रम में शामिल हो सकें।

### गृह मंत्रालय करेगा पांच राज्यों के गृह सचिव के साथ बैठक

रांची: एसआरई फंड को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय झारखंड समेत पांच राज्यों के गृह सचिव के साथ बैठक करेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा एसआरई फंड के तहत वित्तीय वर्ष 2023- 24 को लेकर वर्क प्लान और खर्च को लेकर झारखंड,आंध्र प्रदेश, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल के गृह सचिव के साथ बैठक की जाएगी। यह बैठक 11 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी।राज्य के 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। वहीं आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल है।

# झारखंड की खुफिया रिपोर्ट जुटाने के लिए 24 पुलिस पदाधिकारियों का बनाया गया क्लोज कैडर

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**राज्यभर की खुफिया जानकारी जुटाने के लिए राज्य खुफिया शाखा (एसआईबी) में विशेष रूप से सब इंस्पेक्टर रैंक के 24 पुलिस पदाधिकारियों का क्लोज कैडर बनाया गया है। गौरतलब है कि एसआईबी की स्थापना साल 2018 में नक्सली खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए किया गया है। इसमें डीआईजी और एसपी रैंक के अधिकारियों का पद सृजित किया गया है। एसआईबी के प्रभावी कामकाज के लिए शामिल अधिकारियों के माध्यम से एसपीओ का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया गया है।एसआईबी की मदद से नक्सलियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इस साल जनवरी से अगस्त 2023 तक सीपीआई माओवादी और स्प्लिंटर समूहों के 19 नक्सलियों का एनकाउंटर किया गया। साथ ही 37 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया और 55 बड़े नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया।जिस विभाग के पास राज्यभर की खुफिया सूचना जुटाने की जिम्मेवारी है। वो विभाग वर्तमान में नेतृत्वविहीन है। झारखंड पुलिस की आंख और कान मानी जानेवाली स्पेशल ब्रांच (विशेष शाखा) के एडीजी का पद पिछले दो महीने से खाली चल रहा है। पिछले 20 अक्टूबर को एडीजी स्पेशल ब्रांच के पद पर पदस्थापित मुरारी लाल मीणा का तबादला कर दिया गया था। तब से स्पेशल ब्रांच एडीजी का पद खाली चल रहा है।






**शुल्क बढ़ोत्तरी** एक बार हाइकोर्ट से हो चुका है स्टे

# दो साल से चल रहा परिवहन शुल्क बढ़ोतरी का मामला

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड सरकार फिर से परिवहन शुल्क बढ़ोतरी की तैयारी में है। शुल्क बढ़ोतरी संबंधी अधिसूचना का प्रारूप भी जारी कर दिया गया है। 21 दिनों में वाहन संचालकों से आपत्तियां मांगी गई है। हालांकि बढ़ोतरी को लेकर वाहन संचालकों में काफी रोष है। अगले एक- दो दिनों में वह इस मामले को लेकर कड़ी आपत्ति जताने की तैयारी में हे। बता दें कि इससे पूर्व झारखंड उच्च न्यायालय ने 28 जुलाई को एक याचिका की सुनवाई में परिवहन विभाग के द्वारा 10 अगस्त 2021 के जारी अधिसूचना को प्रभावी करने पर रोक लगा दिया था। इस अधिसूचना के जरिये भी शुल्क वृद्धि का प्रस्ताव था।कोर्ट के आदेश के बाद झारखंड सरकार ने भी यह माना था कि उक्त अधिसूचना मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसार नहीं है, ऐसे में नई अधिसूचना जारी की जायेगी। इसके बाद परिवहन विभाग ने जैप आइटी सहित सभी जिला परिवहन कार्यालय को पुराने दर पर ही परिवहन शुल्क वसूलने का आदेश दिया था। हालांकि, उस वक्त 10 अगस्त 2021 को जारी नोटिफिशन को रद्द भी नहीं किया गया। इधर चार अक्टूबर को जारी नये नोटिफिकेशन प्रारूप में 10 अगस्त 2021 की अधिसूचना को विलोपित करने का आदेश दिया गया है। सरकार ने राजस्व वृद्धि को देखते हुए शुल्क बढ़ाने पर अब निर्णय लिया है।राज्य में नये दर से ही ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का रजिस्ट्रेशन, परमिट, फिटनेस सहित अन्य कार्यो के लिए निर्धारित शुल्क में भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। आवेदन शुल्क ,फोटोकॉफी शुल्क इत्यादि में भी बढ़ोतरी की गयी है। बता दें कि शुल्क वृद्धि के खिलाफ झारखंड बस ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। इसी आलोक में स्टे लगा था। इसकी सुनवाई भी चल ही रही है।